(D) Alphabets and Special characters
द्विआधारी फाइल में मशीन द्वारा पढ़े जाने वाले संप्रतीक _____ और _____ होते हैं।
(A) 1, 0 (B) अक्षर, संख्या
(C) विशिष्ट संप्रतीक तथा संख्या (D) अक्षर तथा विशिष्ट संप्रतीक

2. इनमें से कौन सा तार्किक प्रचालक (logical operator) नहीं है?
[Raj. Informatic Assistant (IA) 21.01.2024]
(A) Check (B) AND (C) OR (D) NOT

3. The right most bit of the Binary numbers is _____.
द्विआधारी अंक में सबसे दायीं ओर का द्वयंक है _____.
[Raj. Informatic Assistant (IA) 21.01.2024]
(A) LBB (B) LSB (C) MBB (D) MSB

4. द्विआधारी अंक ..... को 11 से भाग देने पर, आउटपुट 10 होता है। सही विकल्प को पहचानें।
[Raj. Informatic Assistant (IA) 21.01.2024]
(A) 111 (B) 011 (C) 110 (D) 101

5. 2 से बारंबार भाग विधि का प्रयोग _____ से _____ में बदलने के लिए किया जाता है।
[Raj. Informatic Assistant (IA) 21.01.2024]
(A) Decimal, Binary (B) Binary, Decimal
(C) Decimal, Decimal (D) Binary, Binary

6. ज्ञात कीजिए X = ?
यदि $(356)_8 = (X)_{16}$ [Raj. Basic Computer Inst. 18.06.2022]
(A) EE (B) EA (C) 7E (D) A8

उत्तरमाला

57.(D)	58.(D)	59.(A)	60.(A)	61.(D)	62.(A)	63.(D)	64.(C)	65.(C)	66.(C)
67.(A)	68.(B)	69.(C)	70.(B)	1.(A)	2.(A)	3.(B)	4.(C)	5.(A)	6.(A)

4 Introduction to Data Processing [डाटा प्रोसेसिंग का परिचय]

❖ डाटा प्रोसेसिंग (Data Processing) दो शब्दों से मिलकर बना होता है—
1. डाटा (Data)
2. प्रोसेसिंग (Processing)

❖ Data का सामान्यतया अर्थ **सूचनाओं (Informations) के एक समूह** से होता है तथा प्रोसेसिंग (Processing) का अर्थ किसी भी विशेष परिणाम (Special Result) को प्राप्त करने के लिए किए जाने वाले कार्य से होता है।

❖ डाटा प्रोसेसिंग को निम्नानुसार समझा जा सकता है—

डाटा (Data)

❖ डाटा कैरेक्टर एक सेट होता है जिसे किसी विशेष कार्य हेतु इकट्ठा एवं स्टोर (Collect & Store) किया जाता है।

❖ **अव्यवस्थित तथ्यों और आँकड़ों का संग्रह** डेटा होता है। एक कम्प्यूटर में मौजूद **text, number, audio, video, document** आदि डाटा है अर्थात् डाटा किसी प्रोसेस हेतु **एक प्रकार का Raw material** होता है।

❖ कम्प्यूटर में Enter किए जाने वाले **चिह्न एवं संख्यात्मक सूचना (Symbol and Numeric Information)** डाटा कहलाती है। **नोट:—डाटा का समूह Record** कहलाता है।

❖ डाटा प्रोसेसिंग की प्रक्रिया में प्रयुक्त Raw data विभिन्न स्रोतों से प्राप्त structured एवं unstructured डाटा होता है। जैसे - Excel, File, Text File, Video clip, database file आदि विभिन्न प्रकार का डाटा।

❖ डाटा को मुख्यतः निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है—
1. **Numeric Data**—इसमें केवल गणितीय अंक use होते हैं। जैसे - Salary, मोबाईल नम्बर।
2. **Alphabetic Data**—इसमें केवल character (A–Z) use होते हैं। उदाहरण - Name
3. **Alphanumeric Data**—इसमें अक्षर, अंक एवं विशेष सिम्बल होते हैं। जैसे - पता, A-12, Sector-14
4. **Audio/Video/Image Data**—इसमें Multimedia डेटा आता है।

प्रोसेसिंग (Processing)

❖ कम्प्यूटिंग के अन्तर्गत जब कोई भी कार्य/Task किया जाता है तो उस टास्क या **कार्य को होने में शुरू से लेकर आखिर तक की जो प्रक्रिया** होती है उसे प्रोसेसिंग (Processing) कहा जाता है।

❖ **प्रोसेसिंग** किसी कार्य की शुरुआत से लेकर पूर्ण होने तक के सभी Steps को शामिल करता है अर्थात् कोई भी टास्क शुरू से एण्ड होने तक प्रोसेसिंग में शामिल रहता है।

❖ कोई भी **Raw data प्रोसेसिंग के बाद सूचना (Information) में परिवर्तित** हो जाता है।

डाटा प्रोसेसिंग (Data Processing)

❖ डाटा प्रोसेसिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से किसी **डाटा का विश्लेषण (Analysis) कर उस डाटा को उपयोगी बनाकर use** किया जाता है।

❖ कच्चा डाटा (Raw data) या अव्यवस्थित डाटा को अर्थपूर्ण डाटा या व्यवस्थित डाटा में बदलने की प्रक्रिया अर्थात् **डेटा को** Store करना एवं इसे **अर्थपूर्ण सूचना (Meaningful Information) में बदलना** डेटा प्रोसेसिंग कहलाती है।

❖ डाटा प्रोसेसिंग की प्रक्रिया द्वारा डाटा (Data) को अर्थपूर्ण डाटा में बदला जाता है। **अर्थपूर्ण डाटा** को **सूचना** कहा जाता है अर्थात् **Data को Information में बदलने की प्रक्रिया Data Processing** कहलाती है।

❖ डाटा प्रोसेसिंग (Data Processing) कम्प्यूटर में इस्तेमाल की जाने वाली एक ऐसी प्रक्रिया (Process) है, जिसके अन्तर्गत यूजर Raw डाटा की जाँच करके अपने लिए उपयोगी जानकारियाँ निकालकर उन्हें काम में ले सके।

❖ Computer निर्माण से पहले निश्चित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए Data का Compilation, Collection, Resources और निर्गमन Manual method से होता था, जिसे **Data Processing** कहते थे।

❖ Data Processing की प्रक्रिया में डाटा को विभिन्न चरणों (Many Steps) से गुजरना होता है।

❖ डाटा प्रोसेसिंग की प्रक्रिया Raw data से शुरू होती है। रॉ डाटा विभिन्न स्रोतों से प्राप्त Structured एवं Unstructured डाटा होता है। डाटा प्रोसेसिंग के बाद Raw data में से जो Image, Chart, Graph मिलता है उसमें से useful information मिलता है।

❖ डाटा प्रोसेसिंग की प्रक्रिया में सर्वप्रथम जो Data इनपुट किया जाता है, उसे Raw data कहा जाता है। इनपुट करने के बाद Raw data को CPU के द्वारा प्रोसेस करके Information में बदला जाता है। इस प्रक्रिया में Raw data को Input एवं Information को Output कहा जाता है।

❖ इस प्रकार की प्रक्रिया में मुख्य रूप से तीन क्रियाएँ होती हैं—
(A) Input Data
(B) Data Processing
(C) Output Data



5 Concept of Files & Its Types [फाइलों का कॉन्सेप्ट एवं उसके प्रकार]

- प्रत्येक कम्प्यूटर सिस्टम में डाटा (जैसे - text, audio, video आदि) को Files के प्रारूप में ही स्टोर किया जाता है अर्थात् कम्प्यूटर सिस्टम में सब कुछ files के अनुसार ही store किया जाता है।
- कम्प्यूटर सिस्टम में **डाटा को संग्रहित एवं व्यवस्थित** (Store & Arrange) करने हेतु फाइल सिस्टम प्रयुक्त होता है।

फाइल (File)

- कम्प्यूटर सिस्टम में प्रयुक्त फाइल डाटा या जानकारी का एक क्लेक्शन है, जिसे फाइल नेम, Icon द्वारा पहचाना जाता है।
- एक फाइल **Related Informations** का समूह है जो Optical disc, Magnetic tape, Magnetic disk जैसे - **Secondary Storage Media में Store** रहता है।
- एक फाइल **bits, bytes, lines** एवं **Records** का Sequence है, जिसका Meaning user द्वारा निर्धारित किया जाता है। **Data के प्रत्येक digital समूह** को **file** कहा जाता है।
  Bit → Byte → Field → Record → File → Database
- **File Physical Storage पर स्टोर Related सूचनाओं के समूह** को कहा जाता है।
- **यूजर के डाटा को ऑपरेटिंग सिस्टम के माध्यम से Store** करने वाली मेमोरी की सबसे छोटी इकाई File कहलाती है।
- फाइल एक मेमोरी का block होती है जिसमें data को एक निर्धारित sequence में स्टोर किया जाता है।
- कम्प्यूटर में मौजूद पिक्चर, ऑडियो, विडियो, एप्लीकेशन्स, डेस्कटॉप आइकॉन आदि को भी File की श्रेणी में ही रखा गया है।
- **File में Store Information नॉन वोलेटाइल** होती है अर्थात् Power loss होने पर भी Information store ही रहती है। File का प्रयोग **किसी भी Information (सूचना) को Long time तक Store** करने हेतु किया जाता है।
- एक कम्प्यूटर में डाटा जब तक Store नहीं हो सकता तब तक कि Data एक फाइल में Store ना हो जाये।
- एक File text, image, audio, video, picture आदि सभी प्रकार के data को store कर सकती है।
- कम्प्यूटर में स्टोर की गई सभी जानकारी एक फाइल के रूप में ही होती है।
- कम्प्यूटर सिस्टम में डाटा को सही प्रकार से व्यवस्थित रखने हेतु फाइल प्रयुक्त होती है।

फाइल नेम (File Name)

- कम्प्यूटर में किसी भी डाटा या सूचना को फाइल के रूप में स्टोर किया जाता है। इन **फाइलों को पहचानने हेतु जो नाम दिया** जाता है वो फाइल नेम (File name) कहलाता है।
- यूजर कम्प्यूटर में किसी फाइल को Store करते समय जो नाम देता है, वो नाम File Name कहलाता है अर्थात् **फाइल को कम्प्यूटर में स्टोर करते समय User द्वारा दिया गया नाम ही फाइल नेम होता है।**
- फाइल नेम किसी कम्प्यूटर सिस्टम में स्टोर फाइल को **Unique रूप** से पहचानने हेतु प्रयुक्त होता है।
- किसी फाइल को दिए गए file name में मुख्यतः दो भाग होते हैं–
  1. **Name (नेम)** – यह फाइल का Basename होता है जो यूजर द्वारा दिया जाता है।
  2. **Extension (एक्सटेंशन)** – किसी फाइल का एक्सटेंशन उस फाइल का प्रकार बताता है कि फाइल किस फॉर्मेट में है।
- फाइल एक्सटेंशन सिस्टम द्वारा automatic भी दिया जाता है। जैसे— Anudeshak.doc एक फाइल नेम है जिसमें Anudeshak नाम की फाइल है तथा doc एक्सटेंशन है जो यह बताता है कि फाइल का प्रकार एक डॉक्यूमेंट फाइल है।
- फाइल नेम द्वारा किसी भी फाइल को कम्प्यूटर सिस्टम में easily access किया जा सकता है।
- फाइल नेम की शुरुआत अक्षरांकीय (अक्षर एवं अंक) प्रारूप में होती है। जैसे—Jaipur.docx की शुरुआत अक्षर (Character) से हुई है। 123.docx में 123 एक फाइलनेम है जिसकी शुरुआत अंकीय प्रारूप में हुई है।
- Window ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा प्रयुक्त किसी फाइल का **फाइलनेम अधिकतम 255 character** का हो सकता है जिसमें स्पेस, Multiple periods एवं numbers शामिल हैं।
- विण्डोज ऑपरेटिंग सिस्टम में जब किसी फाइल को long file name देकर सेव किया जाता है तो Background compatibility में एक 8.3 file name भी save होता है। यह सिस्टम के Background में automatically चलता है जिसमें 8 character में फाइल का नाम एवं 3 character में फाइल का एक्सटेंशन save रहता है।
  8.3 फाइलनेम < 8 character for filename >, < 3 character for extension >
- जब यूजर किसी फाइल को लम्बे फाइल नेम के साथ save करता है तो यह 8.3 name ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा automatically assign किया जाता है जिसमें पहले छः अक्षर long file name के एक tilde का एक sequential number का होता है।

नोटः—

1. किसी भी फाइल को File Name देते समय Character Count limitation भिन्न-भिन्न हो सकती है क्योंकि यह विभिन्न फाइल सिस्टम पर निर्भर करती है। जैसे—Older MS-DOS FAT File सिस्टम में किसी फाइल को नाम देते समय **Base file name** हेतु **अधिकतम 8 character** एवं **एक्सटेंशन हेतु 3 Character** होते हैं तथा **dot separator** को मिलाकर कुल **12 character** होते हैं इसको सामान्यतया 8.3 file

47. FAT एवं NTFS फाइल सिस्टम की विनिर्माता कम्पनी है—
(A) माइक्रोसॉफ्ट, माइक्रोसॉफ्ट (B) माइक्रोसॉफ्ट, IBM
(C) IBM, Netware (D) None of these

48. Cluster होता है—
(A) फाइल स्टोर (B) डेटा को स्टोर करने का area
(C) डेटा टाइम (D) None of these

Previous Year Competitive Exam Questions

1. Operating system allows the file system to—
ओपरेटिंग सिस्टम, फाइल सिस्टम को किसके लिए अधिकृत करता है— [Raj. Informatic Assistant (IA) 21.01.2024]
(A) Rearrange the characters of the files. (फाइल के गुण के आधार पर पुनः क्रम में लगाना।)
(B) Create, Access, Maintain a directory and protection of file from unauthorised access. (डायरेक्टरी का निर्माण, अभिगमन को कायम रखना तथा फाइल को अनधिकृत अभिगमन से बचाना।)
(C) Change the extension of the file. (फाइल के एक्सटेंशन को बदलना।)
(D) Transferring files from one computer to another. (फाइल का एक कंप्यूटर से दूसरे कंप्यूटर में स्थानांतरण।)

2. Each file can be accessed through a filemode. These file modes decide what action can be performed in the file. If the file mode is <r> then we can only _____ the contents of the file.
प्रत्येक फाइल को फाइल मोड द्वारा अभिगम किया जा सकता है। यह फाइल मोड निर्धारण करता है कि उस फाइल में कौन सी क्रिया की जाए। यदि फाइल मोड <r> हो तो हम उस फाइल को केवल _____ सकते हैं।
[Raj. Informatic Assistant (IA) 21.01.2024]
(A) read (B) write (C) delete (D) overwrite

3. निम्नलिखित में से कौनसा एक साउंड फाइल फॉर्मेट है? [Raj. CET Grad., 08.01.2023]
(A) LOG फाइल्स (B) DAT फाइल्स
(C) WAV फाइल्स (D) DRV फाइल्स

4. निम्न में से कौन सा एक ऑडियो फाइल का उचित फाइल एक्सटेंशन नहीं है? [Raj. Basic Computer Instructor 18.06.2022]
(A) .wav (B) .mp3 (C) .mid (D) .rar

5. एक ट्रांजेक्शन फाईल स्टोर करती है— [Raj. Informatic Assistant (IA) 2018]
A transaction file stores :
(A) डाटा जो शायद ही कभी बदलता हो
Data that rarely changes
(B) डाटा जो कभी नहीं बदलता
Data that never changes
(C) डाटा जो अक्सर बदलता है
Data that frequently changes
(D) डाटा जिसमें गलती हो
Data that is erroneous

6. NTFS का मतलब ..... है और इसे ..... द्वारा विकसित किया गया था। [CET Graduation Level, 07-01-2023]
(A) New Technology File System; Apple
(B) Network Technology File System; Apple
(C) New Technology File System; Microsoft
(D) Network Technology File System; Intel

7. निम्नलिखित में से किस समूह में ग्राफिकल फाइल एक्सटेंशन है? [CET Graduation Level, 07-01-2023]
(A) JPG, CPX, GCM (B) GIF, TCE, WMF
(C) TCP, JPG, BMP (D) JPG, GIF, BMP

8. एक फाइल सिस्टम में, ...वर्तमान निर्देशिका से पथ (path from the current directory) को परिभाषित करता है। [CET Graduation Level, 07-01-2023]
(A) रूट डायरेक्ट्री (B) रिलेटिव पाथ नेम
(C) वर्चुअल पाथ नेम (D) एब्सोल्यूट पाथ नेम

9. PDF ..... का लघुरूप है। [Raj. Informatic Assistant (IA) 2018]
(A) Printable document format
(B) Portable document format
(C) Printable data format
(D) Portable data format

10. ..... Procedures (प्रक्रियाओं) और Function का क्रम है— [Delhi Police 7.12.2020]
(A) Object file (B) Source file
(C) Text file (D) None of above

11. NTFS का पूर्ण नाम क्या है? [RRB NTPC 30.3.2016]
(A) New Technical File System
(B) New Technology File System
(C) New Test File System
(D) New Text File System

12. किस method के through data को random access किया जा सकता है— [Delhi Police 2020]
(A) Sequential access
(B) Direct access
(C) Non-operational access
(D) None of above

13. .fz, .rar, .zip, .rpm आदि किस प्रकार के एक्सटेंशन है— [UPPCL TG2 2019]
(A) कम्प्रेस फाइल एक्सटेंशन (B) डाटा फाइल एक्सटेंशन
(C) प्रोग्राम फाइल एक्सटेंशन (D) वीडियो फाइल एक्सटेंशन

14. एक फाइल में कौनसा डाटा डिजिटल फॉर्मेट में स्टोर किया जा सकता है— [Rajasthan Police Exam 08.11.2020]
(A) टेक्स्ट (B) इमेज
(C) ऑडियो (D) उपरोक्त सभी

उत्तरमाला

47.(A)	48.(B)		1.(B)	2.(A)	3.(C)	4.(D)	5.(C)	6.(C)	7.(D)
8.(B)	9.(B)	10.(B)	11.(B)	12.(B)	13.(A)	14.(D)			

UNIT-II : DATA PROCESSING

1 Microsoft Word [माइक्रोसॉफ्ट वर्ड]

माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस (Microsoft Office)

- M.S. Office का पूरा नाम **Microsoft Office** है।
- Microsoft Office एक **Application Software** है, जो **माइक्रोसॉफ्ट** कंपनी द्वारा बनाया गया।
- **माइक्रोसॉफ्ट (Microsoft)** एक सॉफ्टवेयर बनाने वाली कंपनी है, जिसकी स्थापना **4 अप्रैल 1975** को **बिल गेट्स** व **पॉल एलन** ने की।
- माइक्रोसॉफ्ट का मुख्यालय – **रेडमंड, वाशिंगटन (अमेरिका)** में है।
- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस को **MS Office** भी कहा जाता है।
- Microsoft Office का पहला वर्जन Macintosh ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए 1989 में बनाया गया।
- **नवम्बर, 1990** को Microsoft द्वारा Windows Operating System के लिए पहला **Microsoft Office 1.0** वर्जन बनाया गया।
- Microsoft Office के विभिन्न वर्जन Microsoft Office 4.0, 4.3, 1995, 1997, 2000, 2003, 2007, 2010, 2013, 2016, 2019, 2021, 2024 माइक्रोसॉफ्ट द्वारा बनाए जा चुके हैं।

✧ माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के समान ऐप्लिकेशन **लिब्रे ऑफिस, किंग सॉफ्ट ऑफिस, निओ ऑफिस, ओपन ऑफिस, ओनली ऑफिस, फ्री ऑफिस** आदि है।

- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस **2024 MS Office का Latest edition** है।
- आजकल एन्ड्रॉइड फोन, आई फोन आदि में भी MS Office **WPS Office** के नाम से उपलब्ध है। **WPS** का पूर्ण नाम **Writer, Presentation, Spreadsheet** है।
- Microsoft Office में मुख्य रूप से प्रयुक्त program या application सॉफ्टवेयर निम्नानुसार है—
  1. **Microsoft Word** - **Text डॉक्यूमेन्ट** बनाने हेतु
     जैसे—एक ऑफिस या स्कूल आदि द्वारा पत्र लिखने हेतु।
  2. **Microsoft Excel** - **गणितीय** एवं **सांख्यिकी गणनाओं** हेतु।
     जैसे—एक ऑफिस में बही-खाते/आय-व्यय का विवरण दर्ज करने हेतु।
  3. **Microsoft Power Point** - **स्लाइड बनाकर प्रजेन्टेशन** देने हेतु।
     जैसे—किसी कार्यालय/कंपनी के डेटा, क्रिया-कलाप गतिविधियाँ, उपलब्धियों आदि को ग्राफ एवं प्रजेन्टेशन के द्वारा व्यक्त करने के हेतु।
  4. **Microsoft Access** - **Data Base एप्लिकेशन** बनाने हेतु
     जैसे—एक कार्यालय/संगठन में काम करने वाले व्यक्तियों का विवरण रखने हेतु एक ऐसे प्रोग्राम की आवश्यकता होती है, जो आँकड़ों के आधार पर कार्य करके डेटाबेस को मैनेज (व्यवस्थित) कर सके, इस हेतु प्रयुक्त MS-Access एक डेटाबेस मैनेजमेन्ट सॉफ्टवेयर है।

नोटः–

1. माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस में प्रयुक्त ये **छोटे-छोटे एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर** सामूहिक रूप से **Office Suite** कहलाते हैं।
2. **फ्रंट पेज** MS Office का ही भाग है।

- Microsoft Office में अन्य प्रोग्राम Microsoft Office Tools, One Notes, InfoPath Designer, InfoPath filler, Outlook, Share Point Workspace आदि है।

नोटः—**ई-मेल क्लाइन्ट सेवा** हेतु प्रयुक्त **एम.एस.आउटलुक** (MS-Outlook) भी एम.एस.ऑफिस का भाग है। इसमें यूजर **कई सारे E-mail account को एक ही जगह** अपने कम्प्यूटर में बिना ब्राउजर के खोल सकता है।

ऑफिस 365 (Office 365)

- यूजर M.S. Office में Word, Excel, PowerPoint आदि का ऑफलाईन यूज करते हैं अर्थात् इनका उपयोग करते समय जरूरी नहीं यूजर का कम्प्यूटर इन्टरनेट से जुड़ा हो तथा इस प्रकार की फाइल कम्प्यूटर के लोकल स्टोरेज में ही save होती है। इन फाइल्स को शेयर करना आसान नहीं होता तथा जब user स्वयं के कम्प्यूटर सिस्टम पर उपलब्ध नहीं हो तब इन्हें Edit भी नहीं किया जा सकता। इन समस्याओं के समाधान करने हेतु ऑफिस 365 प्रयोग में आया।
- **ऑफिस 365** माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित एक **वेब आधारित क्लाउड कम्प्यूटिंग सर्विस (Web based Cloud Computing Services)** है।
- ऑफिस 365 माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस का एक ऑनलाइन एडवांस्ड वर्जन है, जिसमें वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइन्ट वन ड्राइव, आउटलुक जैसे विभिन्न एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर होते हैं। यूजर इन सॉफ्टवेयर पर कार्य कर सकता है।
- ऑफिस 365 में जो कार्य किया जायेगा वो **वेब आधारित** होगा। इसको काम में लेने हेतु इन्टरनेट आवश्यक है एवं इसमें जो कार्य किया जायेगा वो सर्वर पर ही Save होगा।
- ऑफिस 365 में किया गया कार्य आपके कम्प्यूटर की Hard disk में save नहीं होकर **क्लाउड/सर्वर पर save** होता है। इसमें यह फायदा है कि यूजर कहीं भी किसी भी कम्प्यूटर पर Online ही Data को खोलकर Edit कर सकता है।
- ऑफिस 365 का प्रयोग इन्टरनेट के बिना नहीं किया जा सकता है।
- क्लाउड पर किसी फाइल को सेव (save) करने से एक समय पर एक से ज्यादा user इसे Edit कर सकते हैं।
- MS-Office ऑफिस के किसी एप्लिकेशन में कोई update होने से

183. माउस के प्रयोग बिना, केवल की-बोर्ड के प्रयोग से किसी टूल को रिबन पर से चुनने के लिए ..... कुंजी को प्रेस करके आप key tips को प्रदर्शित कर सकते हैं।
(A) Shift + Enter (B) Ctrl
(C) Alt (D) Alt + Enter

184. टूलबार कमाण्ड की सहायता से क्या किया जाता हैं?
(A) नई टूलबार बना व हटा सकते हैं
(B) विभिन्न टूलबार को स्क्रीन पर ऑन/ऑफ कर सकते हैं
(C) टूलबार का नाम बदल सकते हैं
(D) उपरोक्त सभी

185. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में "Ctrl + Up Arrow" का प्रयोग किसलिए होता है—
(A) कर्सर को एक लाइन उपर मूव करने हेतु
(B) कर्सर को एक स्क्रीन उपर करने हेतु
(C) कर्सर को एक पेज उपर मूव करने हेतु
(D) कर्सर को एक पैराग्राफ उपर मूव करने हेतु

186. जिस shortcut के द्वारा Browser a document/Browser Panel प्रदर्शित होगा—
(A) Ctrl + B (B) Alt + B
(C) Alt + Ctrl + Home (D) Alt + Home

187. निम्न में से कौनसा/से कथन गलत है/हैं?
(i) माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में 'फॉन्ट' संवाद बॉक्स खोलने के लिए की-बोर्ड शॉर्टकट Ctrl + D है।
(ii) माइक्रोसॉफ्ट वर्ड दस्तावेज में पैराग्राफ को center align करने के लिए की-बोर्ड शॉर्टकट Ctrl + E है।
(A) केवल (ii) (B) केवल (i)
(C) (i) और (ii) दोनों (D) न तो (i) न ही (ii)

188. वर्ड में पूर्व निर्धारित ग्राफिक्स की एक शृंखला शामिल है, जिसे ..... कहा जाता है, जो वर्ड डॉक्यूमेंट में डाला जा सकता है।
(A) Captions (B) Clip Art
(C) Bookmarks (D) Hyperlinks

189. किसी माइक्रोसॉफ्ट वर्ड दस्तावेज में Ctrl + A और Ctrl + U दबाने का क्या प्रभाव पड़ेगा?
(A) दस्तावेज की सभी पाठ्य सामग्री को अंडरलाइन कर दिया जाएगा।
(B) दस्तावेज की सभी पाठ्य सामग्री को इटैलिक कर दिया जाएगा।
(C) दस्तावेज की सभी पाठ्य सामग्री को एन्क्रिप्ट कर दिया जाएगा।
(D) दस्तावेज की सभी सामग्री हटा दी जाएगी।

190. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड के संबंध में सत्य कथन कौनसा है—
(i) वर्ड में किसी टेक्स्ट को डिलीट करने हेतु Backspace एवं Delete Key प्रयुक्त होती है।
(ii) Macro file का Extension .Docm होता है।
(iii) टेम्पलेट फाइल का एक्सटेंशन .Dot होता है।
(A) कथन i, ii सत्य हैं (B) कथन i, ii, iii सत्य हैं
(C) कथन i, iii सत्य हैं (D) कथन iii, ii, i सत्य हैं

191. MS-Word डॉक्यूमेन्ट के प्रारम्भ में (शीर्ष पर) प्रथम लाईन के आरम्भ में जाने हेतु शॉर्टकट key है—
(A) Ctrl + HOME (B) Ctrl + End
(C) Alt + End (D) Alt + Home

192. MS-Word में Split Cell विकल्प का प्रयोग होता है—
(A) दो या अधिक सेल्स को कम्बाइन करने हेतु
(B) एक सेल को कई सेल्स में विभाजित करने हेतु
(C) सेल का डेटा डिलीट करने हेतु
(D) उपरोक्त सभी

193. आप पूर्व में खोले गए प्रोग्राम पर जाने के लिए निम्नलिखित में से किस की-बोर्ड शॉर्टकट का उपयोग करेंगे?
(A) Alt + Tab (B) Ctrl + Home
(C) Ctrl + N (D) Alt + Shift + Tab

194. निम्न में से कौनसा विकल्प MS-Word में एक तालिका में दो या दो से अधिक सेल्स को कंबाइन करने की सुविधा प्रदान करता है—
(A) Merge Cell (B) Split Cell
(C) Distribute Row (D) Distribute Cell

195. पैराग्राफ के प्रारंभ में दीर्घाक्षर (कैपिटल लेटर) बनाने के लिए MS-Word में ..... का उपयोग किया जाता है।
(A) Insert > Object (B) Insert > Word Art
(C) Insert > Symbol (D) Insert > Drop Cap

196. निम्नलिखित का मिलान करें—

सेट-1	सेट-2
1. Ctrl + P	(a) बॉल्ड
2. कैलिबरी	(b) प्रिंट डॉक्यूमेन्ट
3. Ctrl + B	(c) फॉन्ट नेम

(A) 1–b, 2–c, 3–a (B) 1–b, 2–a, 3–c
(C) 1–a, 2–c, 3–b (D) 1–c, 2–a, 3–b

197. Double Line Spacing की शॉर्टकट कुंजी कौनसी होती है—
(A) Ctrl + 1 (B) Ctrl + 2
(C) Ctrl + 1 (D) Shift + 2

198. MS Word में प्रयुक्त विभिन्न shortcut keys का अनुप्रयोग हेतु उचित का चयन करें—

सेट-I	सेट-II
(a) Alt + Ctrl + D	(i) Copyright Symbol इंसर्ट करने हेतु
(b) Alt + Ctrl + C	(ii) फॉर्मेट पेन्टर हेतु
(c) Ctrl + Shift + C	(iii) Change Case
(d) Shift + F3	(iv) Endnote इन्सर्ट करने हेतु

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv (B) a-iv, b-i, c-ii, d-iii
(C) a-iv, b-i, c-iii, d-ii (D) a-i, b-iv, c-ii, d-iii

199. किसी वाक्य में, शब्दों के बीच रिक्त स्थान (स्पेस) को छोड़ते हुए केवल शब्दों को रेखांकित करने के लिए आप एम.एस. वर्ड में .....दबा सकते है।
(A) Shift+W (B) Ctrl+U
(C) Ctrl+Shift+W (D) Ctrl+Shift+U

200. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड 2016 में वर्ड काउंट में शामिल नहीं है
(A) Page (B) Character (no spaces)
(C) Character (with spaces) (D) Sentences

उत्तरमाला

183.(C)	184.(D)	185.(D)	186.(C)	187.(D)	188.(B)	189.(A)	190.(B)	191.(A)	192.(B)
193.(D)	194.(A)	195.(D)	196.(A)	197.(B)	198.(B)	199.(C)	200.(D)		

201. निम्नलिखित में से कौनसा MS-Word 2019 में एक मान्य मेन्यू आइटम नहीं है?
(A) View (B) Mailings (C) Home (D) Data

202. एम.एस. वर्ड 2016 में निम्नलिखित में से किस key combination को दबाकर पेज ब्रेक इन्सर्ट किया जा सकता है?
(A) Ctrl+F1 (B) Shift+Enter
(C) Shift+F1 (D) Ctrl+Enter

203. MS-वर्ल्ड में, पैराग्राफ इंडेंट को हटाने के लिए निम्न में से किस की–बोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?
(A) CTRL + SHIFT + M (B) CTRL + T
(C) CTRL + SHIFT + T (D) CTRL + Q

204. MS-वर्ल्ड में, डॉक्यूमेंट में फाइल ऑब्जेक्ट डालने के लिए, ऑब्जेक्ट डायलॉग प्रदर्शित करने हेतु निम्न में से किस की–बोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?
(A) ALT+N, J, J (B) CTRL + SHIFT + C
(C) CTRL + SHIFT + V (D) CTRL + H

205. MS-Word में, वर्तमान स्थिति से स्क्रीन के सबसे ऊपर तक के टेक्स्ट और ग्राफिक्स का चयन करने के लिए निम्नलिखित में से किस की–बोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?
(A) Shift + Page up
(B) Ctrl + Shift + Left arrow key
(C) Ctrl + Shift + Right arrow key
(D) Ctrl + A

206. MS-Word में, जूम इन करने पर प्रीव्यू पेज के लिए निम्न में से किस की–बोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?
(A) Arrow keys (B) Ctrl + Home
(C) Ctrl + I (D) Ctrl + P

207. MS-Word365 में, निम्न में से किस मेनू में 'Reuse Files' विकल्प शामिल है?
(A) Insert (B) Draw
(C) Design (D) Layout

208. MS-Word में, Zoom Magnification को adjust करने के लिए निम्न में से किस शॉर्टकट कुंजी का उपयोग किया जाता है?
(A) Alt + W + Q (B) Ctrl + Z
(C) Ctrl + Alt + S (D) Alt + Shift + C

209. MS-Word डॉक्यूमेंट में, टेक्स्ट पर आकार का पूर्वनिर्धारित स्वरूपण (फॉर्मेटिंग) सेट करने, रंग इत्यादि का प्रयोग करने के लिए..... का उपयोग किया जा सकता है।
(A) स्मार्ट आर्ट (B) स्टाइल्स
(C) रिबन (D) वर्ड आर्ट

210. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड 2016 में, किस प्रकार के मोड का अंग्रेजी भाषा टैक्स्ट एडीटिंग करने के लिए उपयोग किया जाता है, जिसमें नए अक्षरों को टाइप करने पर वह किसी मौजूदा वर्ण (करैक्टर्स) को इंसर्शन पॉइंट के दाईं और रिप्लेस कर देता है? In MS Word 2016, in which type of mode used for editing English language text, typing new characters will replace any existing characters to the right side of the insertion point?
(A) ओवर इन्सर्ट मोड (Over Insert Mode)
(B) इन्सर्ट मोड (Insert Mode)
(C) रीटाइप मोड (Retype Mode)
(D) ओवरटाइप मोड (Overtype Mode)

211. Office 365 (Microsoft 365) में 'AutoSave' फीचर के कार्य करने के लिए अनिवार्य शर्त क्या है?
(A) फाइल को लोकल हार्ड ड्राइव (C: ड्राइव) में सेव होना चाहिए।
(B) फाइल का .docx फॉर्मेट में होना आवश्यक नहीं है।
(C) फाइल को OneDrive पर सेव होना चाहिए।
(D) इंटरनेट कनेक्शन बंद होने पर भी यह काम करता है।

Previous Year Competitive Exam Questions

राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) द्वारा पूछे गए प्रश्न

1. निम्न में से किस शॉर्टकट कुंजी का प्रयोग एम.एस. वर्ड में प्रिन्ट प्रिव्यू के लिए किया जाता है। [राज. पशुधन सहायक 13.06.2025]
(A) Shift+F2 (B) Ctrl+F1
(C) Ctrl+F5 (D) Ctrl+F2

2. एम.एस. वर्ड में वर्तनी जाँचने के लिए आप निम्नलिखित में से कौन सी कुंजी का प्रयोग करते हैं? [CET 10+2 Level, 24.10.24 (IInd Shift)]
(A) F9 (B) F7 (C) F5 (D) F2

3. एम.एस. ऑफिस सॉफ्टवेयर में किसी लाइन या टैक्स्ट के नियंत्रण संरखेण के लिए शार्टकट कुंजी क्या है? [CET 10+2 Level, 24.10.24 (IInd Shift)]
(A) Ctrl + X (B) Ctrl + Alt + S
(C) Ctrl + W (D) Ctrl + E

4. निम्नलिखित में से कौन एम.एस. ऑफिस में ओपन कमांड है? [CET 10+2 Level, 23.10.24 (IInd Shift)]
(A) Tab + O (B) Ctrl + O
(C) Alt + O (D) Shift + O

5. निम्नलिखित में से कौनसा दृश्य (व्यू) हाशिये और रुलर्स (Rulers) को दर्शाता है? [CET 10+2 Level, 23.10.24 (Ist Shift)]
(A) रिव्यू (Review) (B) पेज सेटअप (Page Setup)
(C) नॉर्मल (Normal) (D) पेज लेआउट (Page Layout)

6. एम.एस. वर्ड में व्याकरण और वर्तनी की जांच के लिए निम्नलिखित में से किस कुंजी का उपयोग किया जाता है? [CET 10+2 Level, 23.10.24 (Ist Shift)]
(A) F9 (B) F3 (C) F5 (D) F7

7. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में निम्नलिखित में से कौन चालू दस्तावेज के बारे में जानकारी प्रदान करता है? [CET 10+2 Level, 22.10.24 (IInd Shift)]
(A) स्टेंडर्ड टूलबार (B) टेब स्टॉप
(C) स्टेटस बार (D) व्यू बटन्स

उत्तरमाला

201.(D)	202.(D)	203.(A)	204.(A)	205.(A)	206.(D)	207.(A)	208.(A)	209.(B)	210.(D)
211.(C)			1.(D)	2.(B)	3.(D)	4.(B)	5.(D)	6.(D)	7.(C)

2 Microsoft Excel [माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल]

माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल : परिचय (Microsoft Excel : Introduction)

- माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल Microsoft Office Package का एक भाग है तथा **एक्सेल एक इलेक्ट्रोनिक स्प्रेडशीट प्रोग्राम (Spreadsheet Program)** है।
- स्प्रेडशीट प्रोग्राम का उपयोग **सांख्यिकी (Statistical)** डाटा के विश्लेषण में, गणितीय गणनाओं **(Mathematical Calculations)** में, बजट बनाने में, एकाउन्टिंग वर्कशीट निर्माण में, वित्तीय लेन-देन का रिकॉर्ड रखने हेतु किया जाता है।



Fig. : MS Excel Window

- **प्रथम इलेक्ट्रॉनिक स्प्रेडशीट प्रोग्राम विजीकल (VisiCalc** है।
- MS Excel **सांख्यिकी गणना करने** एवं **Chart बनाने** के साथ ही डाटा का विश्लेषण करने, डाटा एवं सूचनाओं को व्यवस्थित करने हेतु प्रयुक्त होता है।
- MS Excel के प्रयोग से Accounts related कार्य तथा बड़ी-बड़ी गणनाएँ भी आसानी से की जा सकती हैं।
- Excel के समान और भी अनेक स्प्रेडशीट प्रोग्राम जैसे—**Lotus 123, LibreOffice, Google Sheets,** iwork Numbers, Lotus Symphony, VisiCalc आदि है।
- एक्सेल फाइल का फॉर्मेट या **एक्सटेंशन (Extension) .xls/.xlsx** होता है। Excel 2003 के वर्जन का एक्सटेंशन xls तथा 2007 से 2024 तक के वर्जन का .xlsx होता है।
- MS Excel में **Template File** का एक्सटेंशन **.xltx** होता है।
- लोटस में बनी फाईल का एक्सटेंशन 123 होता है।
- एक्सेल का रन कमाण्ड **Excel/Excel.exe** होता है।

वर्कबुक एवं वर्कशीट (Workbook & Worksheet)

- एक्सेल में **रॉ (Row) एवं कॉलम (Column) के प्रतिच्छेदन (Intersection) बिन्दु** को **सेल** कहा जाता है।

टाइम फंक्शन (Time Function)

❖ इसमें समय से सम्बन्धित गणना करने के function होते हैं।

क्र.सं.	डेट फंक्शन	विवरण	उदाहरण
1.	**TIME ( )**	यह function दिए गए नम्बर को समय के फॉर्मेट में बदलता है।	= TIME (hour, minute, second) = TIME (8, 15, 20) परिणाम = 8:15 AM
2.	**SECOND ( )**	यह function किसी दिए गए समय में Second को प्रदर्शित करता है।	= SECOND (10:25:10) परिणाम = 10
3.	**MINUTE ( )**	यह function किसी दिए गए समय में मिनट को प्रदर्शित करता है।	= MINUTE (10:25:10) परिणाम = 25
4.	**HOUR ( )**	यह function किसी दिए गए समय में घण्टे को प्रदर्शित करता है।	= HOUR (10:25:10) परिणाम = 10

सांख्यिकी फंक्शन (Statistical Function)

❖ **Statistical Function :** इसमें निम्न प्रकार के function होते हैं—

1. SUM ( ) 2. AVERAGE ( )
3. MAX ( ) 4. MIN ( )
5. COUNT ( ) 6. COUNTA ( )

	A	B	C	D	E
1	**9**				
2	**5**				
3	**6**				
4	**4**				
5	**R**				

❖ उपरोक्त सभी फंक्शनों को नीचे दी गई सारणी से मान लेकर परिणाम ज्ञात करते हैं।

❖ **SUM( )**—यह function वर्कशीट में चयनित सेल के मान को जोड़ता है। उदाहरण = SUM(A1:A4)
उपरोक्त उदाहरण में SUM function का प्रयोग किया गया तथा A1 से A4 तक की सैल को सलेक्ट किया गया तथा इसका परिणाम 24 आएगा। अर्थात् A1 से A4 तक की सेल की वेल्यू का योग 24 आएगा।

❖ **AVERAGE( ) :** यह चयनित सेल की वेल्यू का **औसत मान** बताता है।
जैसे = AVERAGE(A1:A4)
परिणाम = 6 अर्थात् औसत मान 6 होगा।
जैसे :—
= AVERAGE (12, 15, 25, 22, 31) [Ans.: 21]

❖ **MAX( ) :** यह चयनित सेल की वेल्यू में से **अधिकतम मान** बताता है।
जैसे = MAX(A1:A4)
परिणाम : 9
जैसे :—
= MAX (17, 23, 18, 11, 9, 13) [Ans.: 23]

❖ **MIN( ) :** यह चयनित Cell की वेल्यू में से न्यूनतम मान बताता है।
वैसे = MIN(A1:A4)
परिणाम = 4
जैसे :—
= MIN (13, 9, 27, 11, 7, 2, 17) [Ans.: 2]

❖ **COUNT( ) :** यह function उन सभी चयनित सेल की संख्या बताता है, जिनमें नम्बर हो अर्थात् जिन Cell में Numbers है, उनकी संख्या बताता है।
जैसे = COUNT(A1:A5)
परिणाम = 4

❖ **COUNTA( ) :** यह function उन सभी चयनित सेल की संख्या बताता है,जिसमें कुछ भी डाटा, Text हो।
= COUNTA(A1:A5)
परिणाम = 5
नोट—COUNTA फंक्शन खाली cells को नहीं गिनता है।

अन्य महत्वपूर्ण फंक्शन (Other Important Function)

❖ **ABS()**⇒यह function नम्बर्स की absolute value return करता है अर्थात् **negative numbers को positive numbers** में बदलता है।
= ABS(–4) + ABS(–1)
= 4 + 1
= 5

❖ **FLOOR()**⇒एम.एस. एक्सेल में FLOOR फंक्शन का उपयोग किसी दी गई संख्या (Number) को दिए गए महत्व (Significance) के निकटतम गुणांक में **राउंड डाउन** करने के लिए किया जाता है।
Floor का सिंटेक्स = FLOOR (Number, Significance)
यह सेल एड्रेस में दिए **वैल्यू के बराबर** या **उससे कम value** देता है।
जैसे —
(i) = FLOOR(14, 4)
= 12 [4 का गुणांक जो 14 के निकटतम हो या तो 14 या 14 से कम]
(ii) = FLOOR(55,5)
= 55 [5 का गुणांक जो 55 के निकटतम हो]

226. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।

सेट–1	सेट–2
I. Active cell	(a) Left align
II. First cell	(b) Currently selected cell
III. Text	(c) Right align
IV. Numbers	(d) A1

(A) I–d, II–b, III–c, VI–a
(B) I–b, II–d, III–c, VI–a
(C) I–b, II–d, III–a, VI–c
(D) I–d, II–b, III–a, VI–c

227. MS Excel में प्रयुक्त पिवट टेबल (Pivot Table) के संबंध में सत्य है—
(A) Pivot Table बड़ी मात्रा में डेटा को त्वरित रूप से Summarize करने का Interactive तरीका है।
(B) यह संख्यात्मक डेटा का विस्तार से विश्लेषण कर सकता है।
(C) यह अपने डाटा के बारे में अप्रत्याशित प्रश्नों के उत्तर देने हेतु प्रयुक्त होती है।
(D) उपरोक्त सभी

228. EXCEL 2016 में सेल श्रेणी ..... चिन्ह का उपयोग करके दर्शाया जाता है।
(A) अल्पविराम (कॉमा) (B) अपूर्ण विराम (कोलन)
(C) अर्धविराम (सेमीकोलन) (D) फॉर्वर्ड स्लैश

229. डेटा विजुअलाइजेशन प्रोग्राम जैसे बिजनेस इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर डेटा संक्षेपण के लिए ..... उपकरण का उपयोग करते है।
(A) फंक्शन (B) मैक्रो
(C) चार्ट (D) पाइंट तालिका

230. माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में निम्न में से कौन कॉम्बिनेशन टेबल के कॉलम का डेटा का चयन करने के लिए उपयोग किया जाता है?
(A) Ctrl + C (B) Ctrl + Arrow key
(C) Ctrl + S (D) Ctrl + Spacebar

231. माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में मेक्रोज (Macros) लगाने हेतु निम्नलिखित में से कौनसी शॉर्टकट key प्रयुक्त होती है—
(A) Alt + F12 (B) Alt + F5
(C) Ctrl+F5 (D) Alt + F8

232. MS Excel वर्कबुक में एक वर्कशीट से दूसरे में Move करने हेतु किस पर क्लिक किया जाता है?
(A) एक्टिव सेल पर (B) शीट टैब पर
(C) स्क्रॉल बार पर (D) टैब बटन पर

233. MS Excel की कौनसी विशेषता के माध्यम से एक्सेल डाटा से परिणामों की dynamically गणना कर पाता है—
(A) Diagram (B) Chart
(C) Table (D) Formula & Function

234. माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल 2016 में स्वचालित रूप में Auto sum कार्य (फंक्शन) प्रविष्ट करने के लिए शॉर्टकट की ..... है
(A) Ctrl + + (B) Alt + +
(C) Alt + = (D) Alt + S

Previous Year Competitive Exam Questions

राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) द्वारा पूछे गए प्रश्न

1. स्प्रेडशीट में सेल डेटा का कौनसा प्रकार सामान्यतः प्राप्त नहीं होता है? [Raj. Patwar (S-I) 17.08.2025]
(A) न्युमेरिक वेल्यू (B) डेट और टाइम
(C) यूजर ऑथेंटिकेशन (D) लेबल और फॉर्मूला

2. निम्न में से कौनसा स्प्रेडशीट/एम.एस. एक्सेल का गणितीय फंक्शन नहीं है? [Raj. Patwar (S-I) 17.08.2025]
(A) TODAY( ) (B) ROUND
(C) COUNTA( ) (D) SUMIF( )

3. निम्नलिखित में से कौन सा स्प्रेडशीट प्रोग्राम का प्रकार नहीं है? [CET 10+2 Level, 24.10.24 (IInd Shift)]
(A) गूगल शीट (B) रोज सिम्फनी
(C) जोहो शीट (D) माइक्रोसॉफ्ट एक्सल

4. एक्सेल में एक वैलिड फार्मूला किस से शुरू होता है? [CET 10+2 Level, 24.10.24 (Ist Shift)] [CET Gr. Level, 28.09.24 (Ist Shift)]
(A) + (B) = (C) # (D) @

5. किस रेफरेंसिंग में, फॉर्मूला कॉपी करते समय सैल रेफरेन्स नहीं बदलता? [CET 10+2 Level, 24.10.24 (Ist Shift)]
(A) सैल रेफरेंसिग (B) एबासोलुट रेफरेंसिग
(C) रिलेटिव रेफरेंसिग (D) मिक्स्ड रेफरेंसिग

6. .....शॉर्टकट की एक्सेल में चयनित कॉलम को छिपाती है। [CET 10+2 Level, 23.10.24 (IInd Shift)]
(A) Shift + F10 (B) Alt + H
(C) F2 (D) Ctrl + 0 (Zero)

7. निम्न में से किस सॉफ्टवेयर की एक विशेषता 'पिवट टेबल' है? [CET 10+2 Level, 23.10.24 (IInd Shift)]
(A) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल (B) माइक्रोसॉफ्ट वर्ड
(C) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेस (D) माइक्रोसॉफ्ट पॉवरपॉइंट

8. निम्नलिखित में से कौन सा एक्सेल शीट के नाम के लिए सबसे उपयुक्त है? [CET 10+2 Level, 23.10.24 (IInd Shift)]
(A) न्यूनतम 1 वर्ण, अधिकतम 21 वर्ण
(B) न्यूनतम 1 वर्ण, अधिकतम 31 वर्ण
(C) न्यूनतम 2 वर्ण, अधिकतम 19 वर्ण
(D) न्यूनतम 2 वर्ण, अधिकतम 27 वर्ण

उत्तरमाला

226.(C)	227.(D)	228.(B)	229.(D)	230.(D)	231.(D)	232.(B)	233.(D)	234.(C)	
1.(C)	2.(A)	3.(B)	4.(B)	5.(B)	6.(D)	7.(A)	8.(B)		

3 Microsoft Power Point [माइक्रोसॉफ्ट पॉवर पाइन्ट]

माइक्रोसॉफ्ट पॉवर पॉइन्ट : परिचय



Fig. : Microsoft Power Point Window

- माइक्रोसॉफ्ट पॉवर पॉइन्ट **Microsoft Office Package** का भाग है, जो **माइक्रोसॉफ्ट कम्पनी** के द्वारा बनाया गया।
- माइक्रोसॉफ्ट पॉवर पॉइन्ट **Presentation** बनाने का एक **एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर** है।
- माइक्रोसॉफ्ट पॉवर पॉइन्ट पूर्ण **प्रजेंटेशन ग्राफिक्स प्रोग्राम** है।
- माइक्रोसॉफ्ट पॉवर पॉइन्ट का **रन कमाण्ड 'Powerpnt'** होता है।
- माइक्रोसॉफ्ट पॉवर पॉइन्ट का **फाइल फॉर्मेट/एक्सटेंशन .ppt/.pptx** होता है।
  - ✧ **Power Point 2003** तक एक्सटेंशन – .ppt
  - ✧ **Power Point 2003** के बाद एक्सटेंशन – .pptx

✧ माइक्रोसॉफ्ट पॉवर पॉइन्ट में बनने वाली फाइल को **प्रस्तुतीकरण (Presentation)** कहा जाता है।

- Presentation File को **PPT** भी कहा जाता है।
- पॉवर पॉइन्ट में बनाई गई **फाइल का By Default** नाम **Presentation1** होता है।

✧ पॉवर पॉइन्ट प्रोग्राम में प्रत्येक पृष्ठ (Page) को **स्लाइड (Slide)** कहा जाता है।

- प्रस्तुतीकरण (Presentation) अनेक **स्लाइड्स (Slides)** से मिलकर बना होता है।
- किसी विशेष विषय पर प्रस्तुतीकरण की सभी स्लाइडो को एक फाइल में रखा जाता है, जिसे **प्रस्तुतीकरण फाइल** (Presentation File) कहा जाता है।
- पॉवर पॉइन्ट में **By Default स्लाइड ओरिएंटेशन Landscape** होता है।
- Presentation में **नई स्लाइड लेने के लिए शॉर्ट कट कुंजी Ctrl+M** का प्रयोग किया जाता है।
- पॉवर पॉइन्ट में समस्त सूचनाएँ स्लाइड पर ही प्रदर्शित होती है।

4 DBMS Software (MS Access) [डीबीएमएस सॉफ्टवेयर (एम.एस. एक्सेस)]

DBMS Software [डीबीएमएस सॉफ्टवेयर]

Database Management System (डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम)

- DBMS का पूरा नाम **Database Management System** (डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम) है।
- DBMS, Programs का एक समूह है जिसमें **Users डेटाबेस को create, delete और maintain कर सकते है।** यह user और Database के मध्य interface बनाये रखने का कार्य करता है। इसमें बहुत सारी commands होती है, जिनके द्वारा user आसानी से Database में कार्य कर सकता है।
- Database Management System एक ऐसा Software Program है, जिसका प्रयोग **Digital Data** को **Manipulate** (व्यवस्थित) करने, **Edit** (संपादित) करने, **Update** करने, **Share** करने, पुराने data को delete करके नया डाटा स्टोर करने हेतु होता है।
- **Inter-linked रिकॉर्ड का समूह** ही Database होता है।
- यह **Data** की **Security** (सुरक्षा), **Backup** (बैकअप), **Easy accessibility** (आसानी से एक्सेस) आदि functionality भी उपलब्ध कराता है।
- सामान्य रूप से काम आने वाले Database software **SQL, MySQL, PgSQL, SQL Server** व **Oracle** आदि है।

Microsoft Access [माइक्रोसॉफ्ट एक्सेस]

- MS Access एक well known database system है जो **Microsoft Corporation** द्वारा बनाया गया।
- MS Access को **Office Access** या **Microsoft access** के नाम से जाना जाता है।
- Microsoft कम्पनी द्वारा **13 नवम्बर 1992** को MS Access का First Version जारी किया। इससे पहले दो Database **Borland** तथा FoxPro बाजार में उपलब्ध थे।
- यह एक **DBMS (Database Management System)** है जिसका उपयोग कर User, Database Create (बना) तथा Manage (संभाल) कर सकता है।
- किसी विषय वस्तु के बारे में दर्शायी गयी पूरी सूचना के संग्रह को **डेटाबेस** कहते हैं।
- M.S. Access में उपस्थित Database से Report भी तैयार कर सकते हैं।
- MS Access में **Database बनाने के लिए** तथा Manage करने के लिए किसी भी प्रकार की **Programming Language की आवश्यकता नहीं** होती है। यह GUI (Graphical User Interface) (ग्राफिकल यूजर इंटरफेस) तथा Software Development Tool पर कार्य करता है।
- MS Access को **Front_end** और **Back_end** दोनों प्रकार से काम में ले सकते हैं। Front-end के रूप में यूजर GUI का इस्तेमाल कर उपयोग में लेते हैं तथा Back-end के रूप में इसका उपयोग Visual Basic और ASP.NET के जरिये किया जाता है।
- MS Access का उपयोग School, College में Students का Data तैयार करने के लिए कर सकते हैं।
- माइक्रोसॉफ्ट एक्सेस की सहायता से डेटाबेस **क्रिएट (Table, Forms, Query तथा Report)** एवं **मैनिपुलेट** करते हैं।
- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस एक्सेस 2010 में डेटाबेस को **वेब पर क्रिएट** तथा किसी **शेयर पाइंट साइट पर Publish** कर सकते हैं जिससे डेटाबेस को वेब ब्राऊजर में प्रयोग कर सकते हैं।
- माइक्रोसॉफ्ट एक्सेस 2003 का डेटाबेस **एक्सटेंशन .mdb** (माऊटेड डेटाबेस) तथा 2007, 2010, 2013, 2016, 2019, 2021 का एक्सटेंशन, **.accdb (Access database)** होता है।
- माइक्रोसॉफ्ट एक्सेस का प्रयोग **डाटा आर्किटेक्ट,** सॉफ्टवेयर डवलपर द्वारा एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर बनाने में किया जाता है। इसके मुख्य उपयोग निम्न हैं—
  - ✧ Manage accounts and bills (अकाउंट तथा बिल प्रबंधन करना)
  - ✧ To store the data in a tabular manner and make it available as per the requirement of the user. (डेटा को सारणीबद्ध संग्रहित कर यूजर की आवश्यकतानुसार उपलब्ध करवाना)
  - ✧ Use Access to compare data and make relationships among them. (डेटा की तुलना एवं उनमें रिलेशन बनाने के लिये एक्सेस का प्रयोग करते हैं।)
- MS Access के पहले Version 1.0 का उपयोग छोटे Database बनाने में किया जाता था।

Components of MS Access (माइक्रोसॉफ्ट एक्सेस के अवयव)

- **Table (सारणी)**—टेबल में row और column के Intersection (इंटरसेक्शन) से **सेल** बनता है। **टेबल** बहुत सारी **सेलों का समूह**

उदाहरण :
scanf ("%d %d %d", & Num1, & Num2, & Num3);
Num1, Num2 व Num3 पूर्णांक प्रकार के variable हैं।

Unformatted Functions

❖ Unformatted function हर प्रकार के Data को Input या Output के लिए स्वीकार नहीं करते हैं। ये मुख्य रूप से एक Character या एक String को ही Input या Output Data के रूप में accept (स्वीकार) करते हैं।

❖ इसमें उपयोग में आने वाले function निम्न हैं

✧ **getchar ( )**—यह केवल एक ही **character को input के रूप** में ग्रहण करता है। user चाहे input के रूप में पूरी string ही क्यूं ना type करे लेकिन यह function केवल प्रथम character को ग्रहण करता है।
Syntax : ch1 = getchar ( ) ;

✧ **putchar ()**—putchar ( ) function का उपयोग character variable की value को print करने के लिए काम में लिया जाता है।
Syntax : putchar (ch1) ;

✧ **gets ( )**—यह function input device keyboard से एक **string input** के रूप में प्राप्त करने के लिए काम में लिया जाता है।
Syntax : gets (string) ;

✧ **puts ( )**—puts ( ) के द्वारा user से प्राप्त पूरी **string को output** के रूप में screen पर दिखाया जाता है।
Syntax : puts (string) ;

✧ **getch ( )**—यह function keyboard द्वारा दिये गये input में एक character पढ़ता है फिर बिना enter दबाये उसे स्वीकार कर लेता है।

✧ **getche ( )**—यह getch ( ) के समान कार्य करता है लेकिन input किये गये character को screen पर प्रदर्शित करता है।

✧ **putch ( )**—यह function किसी भी **alphanumeric character** को keyboard में read करता है तथा screen पर show करता है।
Syntax : putch (ch1) ;

File & It's Types in C (C में फाइल एवं इसके प्रकार)

❖ data's का समूह जो Secondary memory में store होते हैं (जैसे Computer की hard disk में) file कहलाते हैं।

❖ **Variables** एवं **arrays** में **data temporary** रूप से store होते हैं जिनकी life program के **execution** के दौरान ही होती है। Program खत्म होते ही Store value नष्ट हो जाती है। अतः Data को **permanently store** करने के लिए **file** का प्रयोग किया जाता है।

❖ C Language मुख्यतः दो प्रकार की files को support करती है—
1. Text files (or) ASCII files.
2. Binary files.

1. **Text files (or) ASCII files**—File जो **ASCII Codes** प्रकार के data (जैसे—digits, alphabets और Symbols) को रखती है **Text file** कहलाती है।

2. **Binary files**—File जो **bytes (0's और 1's)** की form में data को store रखती है **Binary file** कहलाती है।

C language में file के Operations

❖ File पर निम्न प्रकार के operation perform होते हैं—
(1) Creating या opening a file.
(2) Reading data from a file.
(3) Writing data into a file.
(4) Closing a file.
(5) Update data's in a file.
उपरोक्त सभी operation C language में उपलब्ध **File handling functions** का उपयोग करके किये जाते हैं।

(1) **Creating या opening a file**—नई file को Create करने या मौजूदा File को **open करने के लिए** file type का file pointer बनाना होता है। File pointer बनाने के लिए Code निम्न हैं :
FILE *f_ptr ;
नयी file बनाने या मौजूदा file open करने के लिए **Pre-defined method "fopen()"** का उपयोग करते हैं।
उदाहरण के लिये—
FILE *f_ptr ;
*f_ptr = fopen ("fileName.txt", "w") ;
उपरोक्त उदाहरण **fileName.txt** प्रकार की नई file बना देगा यदि इस प्रकार की file पहले से मौजूद ना हो तथा अगर मौजूद हो तो इसे writing mode में open कर देगा। यहाँ w एक file mode है।

❖ C programming language में file को open करने के लिए विभिन्न प्रकार के **Mode** उपलब्ध है जो निम्न Table में है—

S.	Mode	Description
1.	r	Open a text file in **reading mode**
2.	w	Open a text file in **writing mode**
3.	a	Open a text file in **append mode**
4.	r +	File को reading और writing दोनों mode में open करेगा।
5.	w +	File को reading और writing दोनों mode में open करेगा। लेकिन अगर file मौजूद है तो यह cursor की position को file के beginning में set कर देगा।
6.	a +	यह भी file को reading और writing दोनों mode में open करेगा व इसमें reading operation file के beginning में तथा writing operation file के अन्त में perform होगा।

यदि हम केवल **binary file** के साथ काम करते हैं तो ये **सभी operation** निम्न प्रकार बदल जाते हैं—**rb, wb, ab, rb+, wb+** और **ab+**

2. **फाइल को पढ़ना (Reading from a file)**
File operation से reading निम्न pre-defined file handing methods का उपयोग करके की जाती है—getc (*file_pointer), getw (* file_pointer), fscanf ( ), fgets ( ), fread ( )

3. **Write into a File**—किसी File में **writing operation** को perform करने के लिए निम्न pre-defined file handling method का उपयोग करते हैं।
putc (), putw (), fprintf (), fputs (), fwrite (). इन सभी

```
    number1 = 10 ;
    number2 = 20 ;
    printf("number1 = %d, number2 = %d",
    number1, number2) ;
    add() ;
    getch() ;
}
void add()
{
    int SUM;
    SUM = number1 + number2 ;
    printf("\n addition = %d", SUM) ;
```

Output of Program

number1 = 10, number2 = 20
addition = 0

उपरोक्त Example में **error show** होगी क्योंकि number1 व number2 दोनों Main() function में declare किये गये हैं तो वे add() function में **उपयोग नहीं लिए** जा सकते हैं।

(3) Formal Parameters (In the function definition parameters)

- Parameter के रूप में function definition में declare variable में **local variable scope** होता है।
- ये variables, function में local variable की तरह व्यवहार करते हैं। इन्हें function के अंदर Access किया जा सकता है लेकिन function के बाहर नहीं।

Recursive Function

- C programming language में function को Call main () function, other function या उसी function से किया जा सकता है। **''एक function जो खुद के द्वारा call किया जाता है recursive function कहलाता है।''**
- Recursive function का उपयोग बहुत ही ध्यानपूर्वक किया जाना चाहिए, क्योंकि जब कोई **function स्वयं के द्वारा call** किया जाता है तो वह **infinite loop** में चला जाता है और जब कोई function, infinite loop में चला जाता है तो function का **execution** कभी **पूरा नहीं होता है।**
- User को **function call से बाहर** निकलने के लिए **Condition को define** करना चाहिए ताकि **recursive function** को समाप्त किया जा सके।
- जब कोई function स्वयं द्वारा call किया जाता है तो **first (पहली) call तब तक execute** की जाती है जब तक कि **Last call लागू** नहीं होती।
- जब कोई function call किया जाता है तो हर बार **function execution control** को पिछले function call पर वापस भेज देता है।

Example के लिए Program

```
#include<stdio.h>
#include<conio.h>

int fact (int) ;
int main ()
{
    int F, n ;
    printf ("Enter any positive integer Number: ") ;
    scanf ("%d", &n) ;
    F = fact ( n ) ;
    printf("\n Factorial of %d is %d\n", n, F) ;
    return 0;
}
int fact ( int n )
{
    int temp ;
    if (n = = 0)
    return 1 ;
    else
    temp = n * fact(n-1) ; // recursive function call
return temp ;
}
```

Output :

Enter any positive integer Number : 5
Factorial of 5 is 120

उपरोक्त Program में fact () function, main ( ) function से **value 5** के साथ **Call** किया गया है fact () function के अंदर **fact (4), fact (3), fact (2), fact (1), fact (0)** आदि function call होते हैं।

Type Qualifiers

- C programming language में type qualifiers **keywords** होते हैं जिनका उपयोग Variables की **properties को modify** करने के लिए किया जाता है।
- Type qualifier का उपयोग करके हम **variables** की **property** को **change** कर सकते हैं।
- C programming language में दो प्रकार के type qualifier उपयोग में लिये जाते हैं जो निम्न हैं—
  (i) **Const** (ii) **Volatile**

(1) Const type qualifier—Const type qualifier का उपयोग Constant variable बनाने के लिए किया जाता है।

- जब एक variable **"Const"** keyword के साथ create किया जाता है तो उस variable की **value को define** होने के बाद **बदला नहीं जा सकता** है। इसका अर्थ है कि एक बार एक Constant variable के लिए एक Value assign कर दिया तो यह मान **fix** हो जायेगा तथा पूरे program में इसे **बदला भी नहीं** जा सकता है।
- **"Const"** keyword का उपयोग variable declaration के समय किया जाता है जिसके लिए निम्न Syntax का उपयोग करते हैं—
  Const datatype variableName ;

Program for Example

```
void main ()
{
int i = 5 ;
const int j = 20 ;
clrscr () ;
i = 10 ;
j = 200 ; // Create an error
printf ("i = %d \n j = %d", i, j) ;
}
```

उपरोक्त program के **output में error** आयेगी क्योंकि Const variable j की value change नहीं कर सकते हैं।

error : assignment of read-only variable 'j'

37. किस qualifier के उपयोग से किसी variable की value को define होने के बाद बदला नहीं जा सकता है।
(A) Const type (B) Volatile type
(C) Executable type (D) Access type

38. "Pointer to pointer" का सही representation कौनसा है?
(A) int * ptr (B) *int * ptr
(C) int ** ptr (D) int *ptr*

39. "malloc ()" function क्या return करता है?
(A) int number (B) Expointer
(C) void pointer (D) call pointer

40. किस standard library function का उपयोग memory block की size को modify करने के लिए use लिया जाता है?
(A) malloc () (B) calloc ()
(C) realloc () (D) free ()

41. निम्न में से कौनसा Non-procedural language का उदाहरण नहीं है?
(A) SQL (B) LISP
(C) ALGOL (D) PROLOG

42. Command Line Arguments में argc क्या दर्शाता है?
(A) Argument Character (B) Argument Count
(C) Array Count (D) Area Code

43. #define का उपयोग किसलिए होता है?
(A) File इम्पॉर्ट करने के लिए
(B) Macro परिभाषित करने के लिए
(C) Function कॉल करने के लिए
(D) Loop चलाने के लिए

44. ftell() Function क्या बताता है?
(A) Name of File (B) Current cursor position
(C) Size of File (D) End of file

45. switch Statement में यदि कोई case मैच नहीं होता, तो कौन सा ब्लॉक चलता है?
(A) break (B) continue
(C) default (D) exit

46. Match the Column - File Handling Modes:

Column A (Mode)	Column B (Description)
(a) "r"	(1) Write mode
(b) "w"	(2) Append mode
(c) "a"	(3) Read mode
(d) "r+"	(4) Read and Write mode

(A) a-3, b-1, c-2, d-4 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-3, b-2, c-1, d-4 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

47. extern Variable का Scope क्या होता है?
(A) Local (B) Global
(C) Function scope (D) Block scope

48. int a[5] = {1, 2, 3, 4, 5}; कोड में 2[a] का Output क्या होगा?
(A) Error (B) 3
(C) Garbage Value (D) Address of 2

Previous Year Competitive Exam Questions

1. The preprocessors in C are defined with ..... character.
C में प्री-प्रोसेसर को ..... संप्रतीक द्वारा परिभाषित किया जाता है। [Raj. Informatics Assistant 21.01.2024]
(A) / (B) # (C) * (D) $

2. In a loop of C program, ... statement immediately exits a loop, skipping the rest of the body of the loop.
C प्रोग्राम के लूप में ..... कथन, लूप से तुरंत निष्कासित होता है तथा शेष लूप को छोड़ देता है। [Raj. Informatics Assistant 21.01.2024]
(A) if (B) else
(C) continue (D) break

3. Each file can be accessed through a filemode. These file modes decide what action can be performed in the file. If the file mode is <r> then we can only _____ the contents of the file.
प्रत्येक फाइल को फाइल मोड द्वारा अभिगम किया जा सकता है। यह फाइल मोड निर्धारण करता है कि उस फाइल में कौन सी क्रिया की जाए। यदि फाइल मोड <r> हो तो हम उस फाइल को केवल _____ सकते हैं। [Raj. Informatics Assistant 21.01.2024]
(A) read (B) write
(C) delete (D) overwrite

4. fact (N)
if (N equals 0)
Return 1
else
Return N * fact (N-1)
The above algorithm is a specific example of _____.
उपरोक्त एलगोरिथम _____ का एक विशिष्ट उदाहरण है। [Raj. Informatics Assistant 21.01.2024]
(A) Selection (B) Sorting
(C) Recursion (D) Displacement

5. C प्रोग्रामिंग में फ्लोटिंग टाईप की वैल्यूज को पढ़ने के लिए निम्न में से कौन से फॉर्मेट स्पेसिफायर्स प्रयुक्त किए जा सकते हैं? [Senior Computer Instructor 19.06.2022]
(A) % e (B) % f
(C) % g (D) सभी विकल्प सही हैं

6. मान लें कि p और q गैर-शून्य सकारात्मक पूर्णांक हैं, निम्न प्रोग्राम खंड प्रदर्शन करेगा—

```
While (p!= 0)
{
If (p>q)
        p=p-q;
else
        q=q-p;
printf("%d",p);
```

[Basic Computer Instructor Exam 18.06.2022]
(A) बड़ी संख्या से छोटी संख्या को घटाएगा
(B) दी गयी संख्याओं के GCD की गणना करेगा
(C) दी गयी संख्याओं के LCM की गणना करेगा
(D) लूप infinite bar चलेगा

उत्तरमाला

37.(A)	38.(C)	39.(C)	40.(C)	41.(C)	42.(B)	43.(B)	44.(B)	45.(C)	46.(A)
47.(B)	48.(B)			1.(B)	2.(D)	3.(A)	4.(C)	5.(D)	6.(D)

```
    }};
class B:public A
{
public:
    void display()
    { cout<<"I am Derived Class";
    }};
int main()
{
    A obj = new B();
    obj.display();
    return 0;
}
```

इसका आउटपुट

I am Derived Class

- Compile time Polymorphism व Runtime Polymorphism में अंतर—

S. No.	Compile time Polymorphism	Runtime Polymorphism
1.	Compile time polymorphism में Call को Compiler द्वारा resolved किया जाता है।	Runtime polymorphism में Call को Compiler द्वारा resolved नहीं किया जाता है।
2.	इसे Static binding, Early binding और Overloading के रूप में भी जाना जाता है।	इसे Dynamic binding, Late binding और overriding के रूप में भी जाना जाता है।
3.	इसे function overloading और operator overloading के द्वारा प्राप्त किया जाता है।	इसे Virtual functions और pointers के द्वारा प्राप्त किया जाता है।
4.	यह fast execution प्रदान करता है।	यह slow execution प्रदान करता है।

7. Message passing

- Objects एक-दूसरे से message के द्वारा Communicate करते हैंअर्थात् object एक-दूसरे को **message, send** और **receive** करते हैं तो उसे **Communication** कहा जाता है।
- Message passing में निम्न बातों का ध्यान रखना होता है—
  - Class को create करना होगा जो object व object के behaviour को define करता है।
  - उसके बाद Class definitions से objects को create करना होगा।
  - Objects के बीच Communication को स्थापित करना होगा।
2. De-multiplexing & De-multiplexer (DEMUX)

❖ **De-multiplexing** मल्टीप्लेक्सिंग की **विपरीत (Reverse)** प्रक्रिया है। इसमें एक कॉमन माध्यम से आ रहे **मिश्रित सिग्नल को अलग-अलग करके उनके सही गंतव्य (Destination) तक पहुँचाया** जाता है।

De-multiplexer (डिवाइस/सर्किट):

❖ यह एक ऐसा सर्किट है जो **एक इनपुट** लेता है और उसे कई आउटपुट लाइनों में से किसी **एक** पर भेजता है। इसे **"Data Distributor"** (डेटा वितरक) या **"One-to-Many"** सर्किट कहते हैं।

❖ यह भी **Select Lines** का उपयोग करके तय करता है कि डेटा किस आउटपुट लाइन पर जाएगा।

सूत्र (Formula):

✧ Inputs = 1 ✧ Select Lines = n

✧ Output = 2^n

✧ (उदाहरण - 1 : 4 MUX में 1 इनपुट, 2 सेलेक्ट लाइन्स और 4 आउटपुट होगा)।

3. Encoding & Encoder

(A) Encoding किसी **Active Data** (जैसे कीस्ट्रोक या डेसीमल नंबर) को कंप्यूटर द्वारा समझने योग्य **Coded Format** (बाइनरी) में बदलने की प्रक्रिया है।

(B) Encoder (डिवाइस/सर्किट)

✧ यह एक कॉम्बिनेशनल सर्किट है जो 2^n इनपुट लाइनों में से सक्रिय लाइन को n बिट के Binary Code में बदलता है। इसे **"Binary Code Generator"** कहा जा सकता है।

सूत्र (Formula):

✧ Inputs = 2^n (Maximum)

✧ Outputs = n

✧ (उदाहरण - Octal to Binary Encoder (8 इनपुट → 3 आउटपुट)

उदाहरण—कंप्यूटर का कीबोर्ड (Keyboard)। जब आप 'A' दबाते हैं, तो एनकोडर उसे ASCII बाइनरी कोड में बदलता है।

4. Decoding & Decoder

❖ **Decoding** एन्कोडेड (बाइनरी) डेटा को वापस **Original/User Readable** फॉर्मेट में बदलने की प्रक्रिया है।

❖ **Decoder** (डिवाइस/सर्किट): यह एक सर्किट है जो n इनपुट लाइनों (Binary Data) को लेता है और उससे संबंधित 2^n आउटपुट लाइनों में से किसी **एक** को सक्रिय (Activate) करता है। इसे **Minterm Generator** भी कहा जाता है (Digital Logic में)।

सूत्र Formula):

✧ Inputs = n

✧ Outputs = 2^n

✧ (उदाहरण - Binary to Octal Decoder (3 इनपुट → 8 आउटपुट)

उपयोग—कंप्यूटर मेमोरी में **Address Decoding** (CPU जब एड्रेस भेजता है, तो डिकोडर सही मेमोरी लोकेशन को चुनता है)।

Device	Function Name	Input : Output Ratio	Select Lines	मुख्य उपयोग
Multiplexer	Data Selector	**Many : 1** (2^n:1)	**Yes** (n)	Communication, Parallel to Serial Converter
De-multiplexer	Data Distributor	**1 : Many** (1:2^n)	**Yes** (n)	Serial to Parallel Converter
Encoder	Code Generator	**Many : Few** (2^n:n)	**No**	Keyboard, Input Devices
Decoder	Code Translator	**Few : Many** (n:2^n)	**No**	Memory Addressing, LED Display

Note for Exam:

✧ MUX और DEMUX में **Select Lines** होती हैं।

✧ Encoder और Decoder में **Select Lines नहीं** होती हैं।

Types of Computer Network (कम्प्यूटर नेटवर्क के प्रकार)

❖ Computer Network एक छोटे से कमरे से शुरू होकर पूरे World (विश्व) को Connect करता है। छोटे व बड़े area को Connect करने के लिए अलग-अलग Network बनाये जाते हैं जैसे LAN, MAN WAN WLAN, PAN, CAN, SAN आदि।

नोट—नेटवर्क के सभी प्रकारों (LAN, MAN WAN WLAN, PAN, CAN, SAN) **का विस्तृत विवरण इसी पुस्तक की** 'Unit X : Chapter-2 : LAN, MAN, WAN' **के पेज नम्बर 688-695 में दिया गया है।**

26. नीचे दिए गए कथनों पर विचार करें:

कथन 1: Circuit Switching में डेटा ट्रांसफर के दौरान बैंडविड्थ रिजर्व रहती है, जिससे डेटा लॉस कम होता है।

कथन 2: Packet Switching में बैंडविड्थ का उपयोग अधिक कुशलता से होता है क्योंकि यह समर्पित (Dedicated) नहीं होती।

सही विकल्प चुनें:

(A) केवल कथन 1 सही है। (B) केवल कथन 2 सही है।
(C) कथन 1 और 2 सही हैं। (D) दोनों कथन गलत हैं।

27. बिट रेट और बॉड रेट के संबंध में कथनों पर विचार करें:

कथन A: यदि एक सिग्नल एलिमेन्ट एक से अधिक बिट्स कैरी करता हे तो बिट रेट बॉड रेट से अधिक होती है।

कथन B: यदि प्रत्येक सिग्नल यूनिट केवल 1 बिट कैरी करती है, तो बिट रेट और बॉड रेट समान होते हैं।

सही विकल्प चुनें:

(A) कथन A सत्य है, B असत्य है।
(B) कथन A असत्य है, B सत्य है।
(C) दोनों कथन सत्य हैं।
(D) दोनों कथन असत्य हैं।

28. सुमेलित कीजिए (Match the Following):

सूची-I (Type)	सूची-II (Base Parameter)
(a) FDM	(i) Time Slots
(b) TDM	(ii) Frequency Bands
(c) WDM	(iii) Light Color/Wavelength

(A) a-ii, b-i, c-iii (B) a-i, b-ii, c-iii
(C) a-iii, b-i, c-ii (D) a-ii, b-iii, c-i

29. सुमेलित कीजिए (Match the Following):

सूची-I (Modulation)	सूची-II (Variable)
(a) AM	(i) Frequency
(b) FM	(ii) Phase
(c) PM	(iii) Amplitude

(A) a-i, b-ii, c-iii (B) a-iii, b-i, c-ii
(C) a-ii, b-iii, c-i (D) a-iii, b-ii, c-i

30. सुमेलित कीजिए (Match the Following):

सूची-I (Technique)	सूची-II (Feature)
(a) Circuit Switching	(i) Out of order delivery
(b) Datagram Switching	(ii) Store and Forward
(c) Message Switching	(iii) Dedicated Path

(A) a-iii, b-i, c-ii (B) a-ii, b-iii, c-i
(C) a-i, b-ii, c-iii (D) a-iii, b-ii, c-i

31. यदि SNR (Signal-to-Noise Ratio) का मान बहुत अधिक हो जाए, तो Shannon Capacity पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

(A) क्षमता शून्य हो जाएगी (B) क्षमता घट जाएगी
(C) क्षमता बढ़ जाएगी (D) क्षमता स्थिर रहेगी

32. Virtual Circuit Packet Switching और Circuit Switching में मुख्य अंतर क्या है?

(A) VC में पथ तय होता है पर संसाधन रिजर्व नहीं होते
(B) Circuit Switching में पैकेट स्वतंत्र होते हैं
(C) VC में डेटा स्टोर नहीं किया जाता
(D) दोनों में कोई अंतर नहीं है

33. एक चैनल की बैंडविड्थ 3000 Hz है और SNR 31 है। चैनल की अधिकतम क्षमता (Capacity) क्या होगी?

(A) 6000 bps (B) 12000 bps
(C) 15000 bps (D) 18000 bps

34. डिजिटल-टू-एनालॉग कन्वर्शन में 'ASK' की सबसे बड़ी कमी क्या है?

(A) जटिल सर्किट (B) शोर के प्रति संवेदनशीलता
(C) धीमी डेटा दर (D) उच्च बिजली खपत

35. PSK (Phase Shift Keying) में 0 और 1 को अलग करने के लिए कितना फेज शिफ्ट दिया जाता है?

(A) 45 डिग्री (B) 90 डिग्री
(C) 180 डिग्री (D) 270 डिग्री

36. यदि बॉड रेट 1000 है और प्रत्येक सिग्नल यूनिट 8 अवस्थाओं (Levels) का प्रतिनिधित्व करती है, तो बिट रेट क्या होगी?

(A) 1000 bps (B) 2000 bps
(C) 3000 bps (D) 8000 bps

37. टेलीफोन लाइनों पर कंप्यूटर डेटा भेजने के लिए 'Modem' की आवश्यकता क्यों होती है?

(A) सिग्नल को एम्पलीफाई करने हेतु
(B) मल्टीप्लेक्सिंग करने हेतु
(C) डेटा को पैकेट में तोड़ने हेतु
(D) डिजिटल को एनालॉग में बदलने हेतु

38. Synchronous TDM में यदि किसी यूजर के पास भेजने के लिए डेटा नहीं है, तो क्या होता है?

(A) स्लॉट किसी और को दे दिया जाता है
(B) स्लॉट खाली रहता है और बर्बाद होता है
(C) स्लॉट का आकार छोटा हो जाता है
(D) ट्रांसमिशन रुक जाता है

39. Pulse Code Modulation का प्राथमिक उपयोग क्या है?

(A) डिजिटल डेटा को एनालॉग में बदलना
(B) ऑप्टिकल सिग्नल भेजना
(C) वायरलेस डेटा भेजना
(D) एनालॉग सिग्नल को डिजिटल में बदलना

40. Transmission Delay (Tt) ज्ञात करने का सही सूत्र क्या है?

(A) Distance/Velocity
(B) Packet Length/Bandwidth
(C) Bandwidth/Packet Length
(D) Velocity/Distance

41. यदि पैकेट की लंबाई 1000 bits है और बैंडविड्थ 1 kbps है, तो Transmission Delay क्या होगा?

(A) 1 मिलीसेकंड (B) 10 मिलीसेकंड
(C) 1 सेकंड (D) 0.1 सेकंड

42. एक लिंक की लंबाई 2000 km है और सिग्नल की गति 2 × 108 m/s है। Propagation Delay की गणना करें:

(A) 10 ms (B) 1 ms (C) 20 ms (D) 100 ms

उत्तरमाला

26.(C)	**27.**(C)	**28.**(A)	**29.**(B)	**30.**(A)	**31.**(C)	**32.**(A)	**33.**(C)	**34.**(B)	**35.**(C)
36.(C)	**37.**(D)	**38.**(B)	**39.**(D)	**40.**(B)	**41.**(C)	**42.**(A)			

नेटवर्क में कुल I/O Ports की संख्या
$= n(n-1)$
$= 6(6-1) \Rightarrow 30$

कुल Cables की संख्या $= \frac{n(n-1)}{2}$

$= \frac{6(6-1)}{2} \Rightarrow 15$

प्रत्येक Node पर I/O पोर्ट्स की संख्या
$= (n-1)$
$= (6-1) \Rightarrow 5$

- इस Topology में Data destination तक किसी भी पाथ से होकर जा सकता है।
- इस Topology में कोई Host या Central Computer नहीं होता है।
- इस topology में कोई नोड या Device खराब हो जाता है या त्रुटि आ जाती है तो भी Data transfer जारी रहता है।
- इसमें एक से अधिक Node या Device एक साथ Data transfer कर सकते हैं। इसलिए इस topology द्वारा भारी मात्रा में Data Transfer किया जा सकता है।
- Mesh topology में Network बनाने में बहुत सारी Cables की आवश्यकता होती है।

Hybrid Topology:

- जब दो या दो से अधिक विभिन्न नेटवर्क टोपोलॉजी आपस में जुड़कर एक नेटवर्क का निर्माण करती है तो इसे Hybrid Topology कहा जाता है।
- यह सबसे Complex Topology है।

वास्तविक उदाहरण:

- **Star-Bus:** आधुनिक ऑफिस बिल्डिंग्स में जहाँ अलग-अलग कमरों के 'Star' नेटवर्क एक 'Bus' बैकबोन केबल से जुड़े होते हैं।
- **Star-Ring:** IBM के टोकन रिंग नेटवर्क में इसका उपयोग औद्योगिक डेटा सेंटर्स में किया जाता है।

Sr No.	Feature (विशेषता)	Bus Topology	Star Topology	Ring Topology	Mesh Topology (Full)	Tree Topology
1.	**Structure**	**Multipoint:** एक मुख्य तार (Backbone) से सब जुड़े होते हैं।	**Centralized:** सभी डिवाइस Central Hub/ Switch से जुड़े होते हैं।	**Loop:** हर डिवाइस अपने पड़ोसी से जुड़ा होता है (Circle में)।	**Point-to-Point:** हर डिवाइस, हर दूसरे डिवाइस से सीधा जुड़ा होता है।	**Hierarchical:** यह Star + Bus का कॉम्बिनेशन है (Parent-Child)।
2.	**Total No. of Cables**	**N + 1** (N drop lines + 1 Backbone cable)	**N** (Nodes की संख्या के बराबर)	**N** (Nodes की संख्या के बराबर)	**N(N-1) / 2** (सबसे ज्यादा केबल्स)	**N - 1** (Graph Theory के अनुसार)
3.	**Ports Per Device**	**1 Port**	**1 Port**	**2 Ports** (1 आने के लिए, 1 जाने के लिए)	**N - 1 Ports** (सबसे ज्यादा हार्डवेयर चाहिए)	**1 Port** (End Nodes के लिए)
4.	**Total ports in Network**	**N**	**2N**	**2N**	**N(N-1)**	**2(N-1)**
5.	**Failure Impact**	**Total Network Down** (अगर Backbone फेलियर	**No Effect on Network** (केवल खराब PC बंद होगा)।	**Total Network Down** (अगर एक भी तार टूटा)।	**No Effect** (Reliability सबसे ज्यादा है)।	**Segment Down** (Parent node फेल तो उसके नीचे के सब बंद)।
6.	**Access Protocol**	**CSMA/CD** (Collision होता है)।	**Central Control** (Switch में Collision नहीं होता)।	**Token Passing** (Collision नहीं होता)।	**Dedicated Links** (No Collision)।	**Parent Priority**
7.	**Other Specification**	**Terminators**, Backbone Cable, Tap.	**Hub/Switch**, Most Popular (LAN).	**Unidirectional**, Token Ring.	**Redundancy**, Most Expensive, Highest Security.	**Root Node**, Branching.

उदाहरण—माना एक Network में 5 Node है।
अर्थात $N = 5$
तो सभी nodes को अलग-अलग topology के अनुसार Set करने पर Cables की संख्या निम्नानुसार होगी—

(i) Bus Topology
$\Rightarrow N + 1 \Rightarrow 5 + 1 = 6$ Cables

(ii) Star Topology
$\Rightarrow N \Rightarrow 5$ Cables $= 5$

(iii) Ring Topology
$\Rightarrow N \Rightarrow 5$ Cables $= 5$

(iv) Mesh Topology
$= \frac{N(N-1)}{2} = \frac{5 \times 4}{2} = 10$ Cables

(v) Tree topology $= N - 1 = 5 - 1 = 4$ Cables

नोट:—टोपोलॉजी का Selection Criteria:

- **Star: छोटे ऑफिस या होम नेटवर्क के लिए सर्वश्रेष्ठ** (आसान मेंटेनेंस)।
- **Tree: कैंपस या मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग** नेटवर्क के लिए (hierarchical स्ट्रक्चर)।
- **Mesh:** मिलिट्री या इंटरनेट बैकबोन जैसे 'Mission Critical' कार्यों के लिए **(उच्चतम विश्वसनीयता)**।

20. Daisy Chaining का संबंध मुख्य रूप से किन टोपोलॉजी से है?

(A) Star और Mesh (B) Bus और Ring
(C) Tree और Hybrid (D) Mesh और Tree

21. **कथन 1:** Ring Topology में डेटा का प्रवाह (Data Flow) हमेशा द्विदिशात्मक (Bi-directional) होता है, जिससे एक लिंक फेल होने पर भी नेटवर्क चलता रहता है।

कथन 2: Bus Topology में CSMA/CD का उपयोग किया जाता है क्योंकि इसमें एक समय में एक से अधिक स्टेशन डेटा भेज सकते हैं जिससे टकराव (Collision) होता है।

सही विकल्प चुनें:

(A) केवल कथन 1 सही है।
(B) केवल कथन 2 सही है।
(C) दोनों कथन 1 और 2 सही हैं।
(D) दोनों कथन गलत हैं।

22. **कथन A:** Mesh Topology में प्रत्येक डिवाइस को नेटवर्क में मौजूद अन्य सभी डिवाइसेज (n – 1) से कनेक्ट करने के लिए अलग-अलग I/O पोर्ट्स की आवश्यकता होती है।

कथन B: Star Topology, Mesh की तुलना में अधिक केबलिंग (Cabling) की मांग करती है।

सही विकल्प चुनें:

(A) कथन A सत्य है, B असत्य है।
(B) कथन A असत्य है, B सत्य है।
(C) दोनों कथन सत्य हैं।
(D) दोनों कथन असत्य हैं।

23. (Match the Following)

सूची–I (Topology)	सूची–II (Feature/Protocol)
(a) Bus	(i) Token Passing
(b) Ring	(ii) Coaxial Cable Backbone
(c) Mesh	(iii) Central Controller
(d) Star	(iv) Dedicated Point-to-Point Links

(A) a-ii, b-i, c-iv, d-iii (B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(C) a-ii, b-i, c-iii, d-iv (D) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

24. (Match the Following)

सूची–I (Characteristic)	सूची–II (Topology)
(a) Most Reliable	(i) Star
(b) Least Secure	(ii) Mesh
(c) Easy to Troubleshoot	(iii) Tree
(d) Parent-Child Hierarchy	(iv) Bus

(A) a-ii, b-i, c-iv, d-iii (B) a-i, b-iii, c-ii, d-iv
(C) a-iii, b-ii, c-i, d-iv (D) a-ii, b-iv, c-i, d-iii

25. एक पूर्ण रूप से जुड़े Mesh Network में 10 नोड्स हैं। पूरे नेटवर्क में कुल कितने लिंक (Links) होंगे?

(A) 45 (B) 90 (C) 100 (D) 50

26. Star Topology के संदर्भ में 'Hub' और 'Switch' के उपयोग में मुख्य अंतर क्या है?

(A) Hub यूनिकास्ट करता है, Switch ब्रॉडकास्ट करता है।
(B) Hub ब्रॉडकास्ट करता है, Switch यूनिकास्ट करता है।
(C) दोनों समान रूप से कार्य करते हैं।
(D) Switch केवल वायरलेस नेटवर्क में उपयोग होता है।

27. यदि एक Ring Topology में 50 वर्कस्टेशन हैं और डेटा एक ही दिशा में बहता है, तो एक स्टेशन के फेल होने का क्या प्रभाव होगा?

(A) केवल वह स्टेशन नेटवर्क से बाहर होगा।
(B) डेटा विपरीत दिशा में बहने लगेगा।
(C) पूरा नेटवर्क ठप्प (Collapse) हो जाएगा।
(D) सर्वर लोड संभाल लेगा।

28. निम्नलिखित में से कौन सा टोपोलॉजी संयोजन (Combination) 'Tree Topology' का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

(A) Star + Ring (B) Star + Bus
(C) Mesh + Bus (D) Ring + Mesh

29. 'Drop Line' और 'Tap' का उपयोग किस टोपोलॉजी के निर्माण में किया जाता है?

(A) Star (B) Mesh
(C) Bus (D) Ring

30. "Active Topology" किसे कहा जाता है जिसमें प्रत्येक नोड एक रिपीटर की तरह कार्य करता है?

(A) Bus (B) Ring
(C) Star (D) Mesh

31. 6 नोड्स वाले Star Topology नेटवर्क में कितने केबल सेगमेंट की आवश्यकता होगी?

(A) 5 (B) 12 (C) 15 (D) 6

32. किस नेटवर्क टोपोलॉजी में सबसे अधिक केबलिंग लागत (Cost) आती है?

(A) Star (B) Tree
(C) Mesh (D) Ring

33. (Match the Following)

सूची–I (Parameter)	सूची–II (Topology Formula)
(a) Cables in Star	(i) n(n – 1)/2
(b) Cables in Mesh	(ii) n
(c) Cables in Bus	(iii) n + 1
(d) Ports per device in Mesh	(iv) n – 1

(A) a-ii, b-i, c-iii, d-iv (B) a-iii, b-ii, c-iv, d-i
(C) a-ii, b-iv, c-i, d-iii (D) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

उत्तरमाला

20.(B)	21.(B)	22.(A)	23.(A)	24.(D)	25.(A)	26.(B)	27.(C)	28.(B)	29.(C)
30.(B)	31.(D)	32.(C)	33.(A)						



- इनका प्रयोग नेटवर्क में कम्प्यूटरों को एक दूसरे से जोड़ने वाली केबल की लम्बाई बढ़ाने हेतु किया जाता है।
- रिपीटर **केवल Forwarding** करता है, यह **Filtering नही** करता है।
- रिपीटर (Repeater) एक **Dumb device** या **No-Intelligent device** होती है।
- **Amplifier (एम्पलीफायर):** यह **सिग्नल की शक्ति (Amplitude) को बढ़ाता** है, परन्तु यह सिग्नल के साथ मौजूद Noise (शोर) को भी Amplify कर देता है। मुख्यतः Analog सिग्नल में use होता है।
- **Repeater (रिपीटर):** यह कमजोर सिग्नल को प्राप्त करके उसे Regenerate (पुनर्निर्माण) करता है। यह Noise को पूरी तरह हटा देता है और शुद्ध सिग्नल को आगे भेजता है। यह मुख्यतः Digital सिग्नल में use होता है।

3. Bridge (ब्रिज)

- यह एक Hardware Device है जो **दो समान protocol या Transmission media** का प्रयोग कर नेटवर्क या LAN को आपस में जोड़ने का कार्य करता है।
- एक LAN में Node की संख्या बढ़ने पर उसमें Data transfer की Speed कम हो जाती है। इसका समाधान यह है कि अलग-अलग LAN को आपस में जोड़ दिया जाये तो Network में Node की संख्या भी बढ़ जाती है तथा Network की भौगोलिक सीमा का भी विस्तार होगा। इस प्रयोजन के लिए ही Bridge का उपयोग दो LAN को आपस में जोड़ने के लिए किया जाता है।



- ब्रिज मुख्यतः OSI मॉडल की डाटा लिंक लेयर पर कार्य करता है। हालांकि यह Physical Layer से विद्युत संकेत प्राप्त करता है लेकिन इसका मुख्य कार्य **MAC Address को पढना** और **उसके आधार पर डेटा को फिल्टर** करना है यह दो समान LAN Segments को जोड़कर एक बड़ा नेटवर्क (Broadcast Domain) बनाने का कार्य करता है।
- सामान्यतया ब्रिज Two Port device है लेकिन ब्रिज में पोर्ट 2 से ज्यादा भी हो सकते हैं तथा इसके पास **Forwarding & Filtering की क्षमता** भी होती है
- Repeater की तरह Bridge भी Signals को Regenerate (रिजनरेट) भी करता है।
- Bridge प्रत्येक Data packet की जाँच कर उन्हें उसी LAN में भेजता है जिसके उपयोग के लिए डाटा बना है। इस प्रकार यह Network में **Data traffic को भी Control** करता है।
- Bridge किसी फ्रेम (Frame) में Contained **MAC एड्रेस को check** कर सकता है। Bridge दो प्रकार का होता है—
  - ✧ Transparent/Dynamic Bridge
  - ✧ Static/Source Routing Bridge

4. Router (राउटर)

- राउटर का प्रयोग Data Packet को एक नेटवर्क से अन्य नेटवर्क में Receive, विश्लेषण (Analysis) एवं Forward करने हेतु किया जाता है
- Router, Data के जो Packets होते हैं उन्हें सबसे Shortest or Fastest मार्ग द्वारा निर्धारित Address पर पहुँचने का कार्य करता है। इसके लिए **Router, Routing table (राउटिंग टेबल)** का प्रयोग करता है।

राउटिंग टेबल के मुख्य Component

1. Destination IP: डेस्टिनेशन नेटवर्क का पता।
2. Next Hop: अगले राउटर का पता जहाँ पैकेट फॉरवर्ड करना है।
3. Metric: रास्ते की cost या दूरी (जिससे Best path चुना जाता है)।
4. Interface: वह पोर्ट जिससे डेटा बाहर जाएगा।

नोट:—राउटिंग टेबल में Source MAC address स्टोर नहीं होता है।

Routing Protocols (राऊटिंग प्रोटोकॉल):

- राऊटर डेटा पैकेट को सही रास्ते (Path) से भेजने के लिए प्रोटोकॉल का उपयोग करता है—
  1. **Static Routing:** नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा पाथ (Path) को मैन्युअली सेट किया जाता है।
  2. **Dynamic Routing:** राऊटर प्रोटोकॉल का उपयोग करके अपने आप 'Best Path' का चुनाव करता है।

  Examples: **RIP, OSPF, EIGRP, BGP** आदि।
- राउटर सामान्यतः **OSI Reference** मॉडल की **3rd Layer** पर कार्य करता है। यह IP Address पर आधारित होता है

5 OSI Model [ओएसआई मॉडल]

- OSI Model का पूरा नाम **Open System Inter-connection Model** है।
- OSI model एक ऐसा reference model है जो किसी Network में Users के मध्य Communication स्थापित करता है।
- इस Model की सभी layer एक-दूसरे पर निर्भर नहीं रहती है। लेकिन एक layer से दूसरे layer में data transfer होता है।



Seven Layers of OSI

- OSI model यह बताता है कि Network में Information या Data कैसे Send या Receive होती है।
- OSI model यह भी बताता है कि Network hardware तथा software एक-दूसरे के साथ layer में कैसे कार्य करते हैं।
- OSI 1984 में **ISO (International Organization for Standardization)** के द्वारा विकसित किया गया था।
- OSI Model में कुल **7 परत (Layer)** होती है।



Layer Name (नाम)	Network Devices (डिवाइसेज़)	Protocols (प्रोटोकॉल)
Application Layer	Gateway (कभी-कभी), Proxy Server, Application Servers	HTTP, HTTPS, FTP, SMTP, POP3, IMAP, DNS, Telnet, SSH
Presentation Layer	कोई विशेष hardware device नहीं (Gateway)	JPEG, MPEG, GIF, SSL/TLS, Encryption/Decryption, Compression
Session Layer	(Gateway)	NetBIOS, RPC (Remote Procedure Call), PPTP, SIP
Transport Layer	Load Balancer, Firewall (Partly), Gateway	TCP, UDP, SCTP
Network Layer	Router, Layer-3 Switch, Gateway	IP, ICMP, IGMP, ARP, BGP, IPsec, OSPF
Data Link Layer	Switch, Bridge, NIC, Layer-2 Switch	Ethernet, PPP, Frame Relay, ATM, HDLC, MAC, LLC
Physical Layer	Hub, Repeater, Modem, Cables, Connectors, Media Converter	बिट/सिग्नल level standards (IEEE 802.3), DSL, ATM, Frame Relay

नोट:—गेटवे (Gateway) एक प्रोटोकॉल कन्वर्टर है जो OSI मॉडल की **सभी 7 Layers** (Physical से Application तक) पर कार्य कर सकता है।

- **Host Layer/Upper Layer** ⇒ Application layer, Presentation layer, Session layer
- **Media Layer/Lower Layer** ⇒ Physical Layer, Data link layer, Network Layer

1. Physical Layer (फिजिकल लेयर)

- यह सबसे निम्न स्तर की layer है। यह layer physical तथा electronic connection के लिए प्रयुक्त रहता है। जैसे—Voltage, Data Rates आदि।
- इस layer में Digital Signals को electronic signals में बदला जाता है।
- इस layer में Network की Topology अर्थात् **Layout of Network** (नेटवर्क का ज्यामितीय विन्यास) का कार्य होता है।
- नेटवर्क में Data या Information का आदान-प्रदान करने हेतु connection wired होगा या wireless यह physical layer द्वारा ही identify किया जाता है।

29. निम्नलिखित में से कौन सा उपकरण (Device) डेटा लिंक लेयर पर कार्य करता है?
(A) Repeater (B) Hub
(C) Switch (D) Router

30. ट्रांसपोर्ट लेयर डेटा को छोटे टुकड़ों में तोड़ती है और प्रत्येक को एक सीक्वेंस नंबर देती है। इस प्रक्रिया को क्या कहते हैं?
(A) Encapsulation (B) Segmentation
(C) Fragmentation (D) Modulation

31. कथन 1: नेटवर्क लेयर 'Host-to-Host' डिलीवरी के लिए जिम्मेदार है, जबकि ट्रांसपोर्ट लेयर 'End-to-End' (Process-to-Process) डिलीवरी सुनिश्चित करती है।
कथन 2: डेटा लिंक लेयर 'Hop-to-Hop' डिलीवरी के लिए जिम्मेदार है और यह फिजिकल एड्रेसिंग (MAC) का उपयोग करती है।
सही विकल्प चुनें:
(A) केवल कथन 1 सही है।
(B) केवल कथन 2 सही है।
(C) दोनों कथन 1 और 2 सही हैं।
(D) दोनों कथन गलत हैं।

32. कथन A: TCP) एक कनेक्शन-रहित (Connection-less) प्रोटोकॉल है जो तेज गति प्रदान करता है लेकिन विश्वसनीयता नहीं।
कथन B: UDP (User Datagram Protocol) एक कनेक्शन-ओरिएंटेड (Connection-oriented) प्रोटोकॉल है जो डेटा की गारंटीड डिलीवरी प्रदान करता है।
सही विकल्प चुनें:
(A) कथन A सत्य है, B असत्य है।
(B) कथन A असत्य है, B सत्य है।
(C) दोनों कथन सत्य हैं।
(D) दोनों कथन असत्य हैं।

33. यदि किसी पैकेट का आकार नेटवर्क की Maximum Transmission Unit क्षमता से बड़ा है, तो नेटवर्क लेयर पर क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है?
(A) Error Correction (B) Flow Control
(C) Fragmentation (D) Retransmission

34. डेटा लिंक लेयर का कौन सा उप-भाग (Sublayer) फिजिकल लेयर और डेटा लिंक लेयर के बीच इंटरफेस का कार्य करता है?
(A) LLC (Logical Link Control)
(B) MAC (Media Access Control)
(C) CRC (Cyclic Redundancy Check)
(D) NIC (Network Interface Card)

35. 'Flow Control' OSI मॉडल की किन दो लेयर्स का मुख्य कार्य है?
(A) Physical और Data Link
(B) Application और Presentation
(C) Network और Session
(D) Data Link और Transport

36. OSI मॉडल में 'Header' और 'Trailer' दोनों जोड़ने वाली एकमात्र लेयर कौन सी है?
(A) Network Layer (B) Transport Layer
(C) Data Link Layer (D) Physical Layer

37. 'Network Virtual Terminal' (NVT) जो रिमोट लॉगइन की सुविधा देता है, किस लेयर का फंक्शन है?
(A) Application Layer (B) Session Layer
(C) Transport Layer (D) Presentation Layer

38. निम्नलिखित में से किस लेयर को 'Hardware Layer' कहा जाता है?
(A) Network Layer (B) Data Link Layer
(C) Physical Layer (D) Session Layer

39. प्रेजेंटेशन लेयर डेटा को कंप्रेस (Compress) क्यों करती है?
(A) डेटा सुरक्षा बढ़ाने के लिए
(B) डेटा का आकार कम करने के लिए
(C) त्रुटियों को हटाने के लिए
(D) सिंटैक्स बदलने के लिए

40. सुमेलित कीजिए (Match the Following):

सूची-I (Protocol)	सूची-II (OSI Layer)
(a) HTTP/FTP	(i) Transport Layer
(b) IP/ICMP	(ii) Data Link Layer
(c) TCP/UDP	(iii) Application Layer
(d) Ethernet/MAC	(iv) Network Layer

(A) a-iii, b-iv, c-i, d-ii (B) a-iii, b-iv, c-ii, d-i
(C) a-i, b-ii, c-iii, d-iv (D) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

41. यदि दो अलग-अलग नेटवर्क को जोड़ना हो, तो 'Gateway' किस लेयर पर कार्य करेगा?
(A) केवल नेटवर्क लेयर (B) केवल फिजिकल लेयर
(C) सभी 7 लेयर्स (D) केवल डेटा लिंक लेयर

उत्तरमाला

29.(C)	30.(B)	31.(C)	32.(D)	33.(C)	34.(B)	35.(D)	36.(C)	37.(A)	38.(C)
39.(B)	40.(A)	41.(C)							

6 Mobile Communication [मोबाइल संचार]

Mobile Communication (मोबाईल कम्युनिकेशन)

- Mobile Communication एक Technology है जो Users को **Physical Connection (wires) के बिना Data और Voice का Exchange** करने की Permission देती है, भले ही वे Motion में हों। यह Communication पूरी तरह से Radio Waves और Electromagnetic Spectrum पर आधारित होता है।
- Cellular Network पर call करना एवं call receive करने की प्रक्रिया **cellular telephony** कहलाती है।

Mobile Communication के मुख्य सिद्धांत

- Mobile Communication मुख्य रूप से Cellular Concept पर आधारित है, जिसके कारण यह **Large Geographic Area** को Cover कर पाता है।
  - **Cellular Concept (सैल्यूलर कॉन्सेप्ट):**
    - इसमें पूरे Service Area को छोटे-छोटे Geographical Regions में बाँटा जाता है जिन्हें Cells कहा जाता है। ये Cells आमतौर पर Hexagonal Shape (षटकोणीय आकार) के होते हैं।
    - प्रत्येक Cell में एक Base Transceiver Station (BTS) या Base Station होता है जो उस Cell के Mobile Devices के साथ Wireless Communication स्थापित करता है।
  - **Frequency Reuse (फ्रिक्वेंसी रियूज):**
    - **यह Cellular Network की सबसे महत्वपूर्ण Technique है।** इसमें एक ही Frequency Band का उपयोग नॉन-एडजेसेन्ट (Non-Adjacent) Cells में बार-बार किया जाता है।
    - यह Technique सीमित Radio Spectrum का Efficiently उपयोग करने और Network Capacity को बढ़ाने में मदद करती है, जबकि Interference को न्यूनतम रखती है।
  - **Handover/Hand-off:** जब कोई Mobile User एक Cell की सीमा से दूसरे Cell की सीमा में जाता है, तो Call को बिना Drop किए एक Base Station से दूसरे Base Station पर Transfer किया जाता है। इस प्रक्रिया को **Handover या Hand-off** कहते हैं।

हैंडओवर के मुख्य प्रकार

1. **Hard Handover (Break-before-make)**
   - इसमें नए बेस स्टेशन से जुड़ने से पहले पुराने बेस स्टेशन से संपर्क पूरी तरह तोड़ दिया जाता है। यह मुख्य रूप से **2G (GSM)** नेटवर्क में उपयोग होता है। इसमें कॉल ड्रॉप की संभावना अधिक होती है।
2. **Soft Handover (Make-before-break)**
   - इसमें नए बेस स्टेशन से संपर्क स्थापित होने के बाद ही पुराने बेस स्टेशन से संपर्क तोड़ा जाता है। यह **3G (CDMA)** नेटवर्क में उपयोग होता है। इससे कॉल की निरंतरता बनी रहती है।

मुख्य अवयव (Key Components)

1. **Mobile Station (MS)/User Equipment (UE):** यह User के पास मौजूद Device (जैसे Smartphone) होता है।
2. **Base Station Subsystem (BSS):** इसमें BTS और Base Station Controller (BSC) शामिल होते हैं। यह Radio Interface को Manage करता है।
3. **Network Switching Subsystem (NSS)/Core Network:** इसमें Mobile Switching Center (MSC) होता है। यह Call Routing, Mobility Management, और PSTN (Public Switched Telephone Network) के साथ Interface को Handle करता है।

Mobile Communication की History

1. **Analog Era और First Public Call**
   - Motorola के Engineer, Martin Cooper ने 3 April 1973 को **दुनिया का पहला Public Mobile Telephone Call** किया।
   - **Motorola DynaTAC 8000x पहला Commercially Available Mobile Phone** था। इसका Launch 1983 में हुआ। यह First Generation (1G) Analog Network पर Operate होता था।
   - 1980s की शुरुआत में Introduced हुए, **1G Networks** पूरी तरह से **Analog Signaling** पर आधारित थे। इनका Primary Focus सिर्फ Voice Calls पर था और इनमें Data Transfer Capabilities नहीं थीं।
2. **Digital Shift और Data Services**
   - **Second Generation (2G) Networks:** 1991 में Finland में Launch हुए 2G Networks ने Analog Signaling से Digital Signaling की ओर Shift किया। मुख्य Standard GSM (Global System for Mobile) था।
   - Digital Encryption के कारण Security में Improvement आया। इसने पहली बार SMS (Short Message Service)

UNIT-VII : NETWORKING SECURITY

1 Protecting Computer System from Viruses & Malicious Attack [प्रोटेक्टिंग कम्प्यूटर सिस्टम फ्रॉम वायरसेज एण्ड मेलिसियस अटैक]

Computer Network & Security (कम्प्यूटर नेटवर्क और सिक्योरिटी)

❖ Computer Network दो या दो से अधिक कम्प्यूटर्स और डिवाइसेज (जैसे- Printers, Scanners, Servers, Routers) का एक ऐसा समूह है जो **आपस में जुड़कर Data Communication** (सूचनाओं का संचार) और **Resource Sharing** (संसाधनों का साझाकरण) करते हैं।

❖ **Resource Sharing** का अर्थ है नेटवर्क पर उपलब्ध Hardware (जैसे प्रिंटर) और Software (फाइल्स/एप्लीकेशन) को सभी कनेक्टेड यूजर्स द्वारा उपयोग करना।



❖ डिवाइसेज को आपस में जोड़ने के लिए **Communication Channels** या **Transmission Media** का प्रयोग किया जाता है, जो दो प्रकार के होते हैं—

✧ **Wired/Guided Media:** इसमें कनेक्टिविटी के लिए **Physical Cables का प्रयोग** होता है। उदाहरण: Twisted Pair Cable, Coaxial Cable, Optical Fiber Cable.

✧ **Wireless/Unguided Media:** इसमें **हवा या स्पेस** के माध्यम से **डाटा ट्रेवल** करता है। उदाहरण: Bluetooth, Radio Waves, Micro Waves, Satellite Communication.

✧ विभिन्न प्रकार की सूचनाओं एवं डाटा का संचरण डाटा संचार (Data Communication) कहलाता है। डेटा संचार हेतु कम्प्यूटर नेटवर्क प्रयुक्त होता है।

जैसे किसी Institution या ऑफिस में अनेक पदों पर कर्मचारी कार्यरत होते हैं। उक्त Institution या ऑफिस के सुचारू संचालन हेतु कम्प्यूटरों का प्रयोग होता है। ये सारे कम्प्यूटर सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु कम्प्यूटर नेटवर्क द्वारा ही एक-दूसरे से जुड़े होते हैं।

नोट:—

1. सम्पूर्ण विश्व में कम्प्यूटर नेटवर्क का प्रारम्भ 1969 में अमेरिका के रक्षा विभाग द्वारा किया गया। इस कम्प्यूटर नेटवर्क का नाम ARPANET **(Advanced Research Project Agency Network)** था।
2. यह नेटवर्क अर्पानेट (ARPANET) दुनिया का ऐसा प्रथम नेटवर्क था, जो पैकेट स्पिचिंग (Packet Switching) पर आधारित था।

Network Attack (नेटवर्क अटैक)

❖ सूचनाएँ एवं डाटा चुराने, डाटा नष्ट करने या Malicious activity के लिए एक organisation के नेटवर्क में **Unauthorised access** (अनाधिकृत रूप से प्रवेश) करना **Network attack** कहलाता है।

❖ इससे सिस्टम के सभी कार्यों में Interruption Create होता है।

❖ नेटवर्क attack दो प्रकार से किया जा सकता है—

(i) Passive Attack :

⌑ इसमें Attacker केवल नेटवर्क को **Monitor** करता है और डाटा को सुनता/चुराता है (Eavesdropping), लेकिन **डाटा में कोई Modification (बदलाव) नहीं** करता है।

⌑ इसका उद्देश्य **Information Gathering** होता है।

⌑ इसका पता लगाना (Detection) मुश्किल होता है क्योंकि डाटा में कोई बदलाव नहीं होता है।

⌑ **Examples:** Traffic Analysis, Packet Sniffing.

(ii) Active Attack : इस प्रकार के नेटवर्क attack में अटैक करने वाला व्यक्ति नेटवर्क को एक्सेस करके **डाटा को modify** कर सकता है या **डाटा को delete/corrupt** कर देता है एवं डाटा को नुकसान पहुँचा देता है।

✧ नेटवर्क अटैक में Active attack डेटा को बदलकर उसे गलत कर देता है। इसमें Attacker न केवल नेटवर्क में प्रवेश करता है बल्कि Data को **Modify** (परिवर्तित), **Delete** या **Corrupt** भी करता है।

✧ **Active attack के प्रकार:**

1. **Masquerade:** किसी और की पहचान (Identity) का उपयोग करना।
2. **Replay Attack:** पुराना डाटा कैप्चर करके दोबारा भेजना।
3. **Modification of Message:** असली मैसेज को बदल देना।
4. **Denial of Service (DoS):** सर्विस को बंद कर देना।

- एक कम्प्यूटर user Office Document, File, Scan Copy, Personal Document, Photos और Videos को अपने कम्प्यूटर या लैपटॉप में Save (सुरक्षित) रखते हैं। ऐसे में अगर आप कोई Virus Infected Pen Drive या USB को अपने PC या लैपटॉप में लगाते हैं तो उसमें मौजूद Virus आपके जरूरी data को corrupt कर देता है जिसके बाद आपका डाटा Open नहीं होता है या File Delete हो जाती है।
- अगर आपके Computer या Laptop में पहले से ही antivirus install होता तो वह तुरंत Virus Infected Pen Drive या USB को Scan करके उसमें मौजूद वायरस को delete कर देता और आपका महत्वपूर्ण Data को सुरक्षित रखता है। इसलिए किसी भी PC या Laptop में Antivirus का होना बहुत जरूरी है।

Cryptography

- Crypto का अर्थ है **Secret** या **hidden.**
- Cryptography (क्रिप्टोग्राफी) data को secret रखने के इरादे से **Secret writing** का विज्ञान है।
- क्रिप्टोग्राफी सिक्रेट कोड, मैथमेटिकल एल्गोरिथम पर आधारित तकनिक है जो डेटा को **रिफॉर्मेट** एवं **रिट्रांसफॉर्म** करती है ताकि डेटा नेटवर्क में सुरक्षित तरह से ट्रेवल कर सके।

Cryptography की Techniques

1. Encryption (एन्क्रिप्शन)

- यह **Plain Text** को **Cipher Text** में बदलने की प्रक्रिया है।
- **Plain Text:** वह **ओरिजिनल डेटा** जिसे इंसान आसानी से पढ़ सकता है, यह Readable Format में होता है।
- **Cipher Text:** वह डेटा जो **कोडेड (Encoded)** होता है और जिसे **पढ़ा नहीं** जा सकता, यह Unreadable/Scrambled Format) में होता है।
- इसमें एक विशेष गणितीय फॉर्मूला (Algorithm) और एक **Key** (कुंजी) का उपयोग किया जाता है।
- इसका उद्देश्य डेटा की **Confidentiality** (गोपनीयता) बनाए रखना है ताकि अनधिकृत व्यक्ति (Hacker) इसे पढ़ न सके।

2. Decryption (डिक्रिप्शन)

- यह **Cipher Text** को वापस **Plain Text** में बदलने की प्रक्रिया है।
- यह Encryption की **Reverse Process** (विपरीत प्रक्रिया) है।
- इसमें **Encrypted डेटा** को एक **Key** (Secret Code) का उपयोग करके वापस ओरिजिनल रूप में लाया जाता है।
- इसका उद्देश्य Authorized User को डेटा पढ़ने की अनुमति देना है।

Cryptography के प्रकार

- Cryptography को दो भागों में **Symmetric Cryptography** और **asymmetric cryptography** में बाँटा गया है—

(i) Symmetric Key Cryptography (सममित कुँजी क्रिप्टोग्राफी)—Symmetric Key Cryptography वह तकनीक है जिसमें **डेटा के Encryption और Decryption दोनों के लिए एक ही Shared Secret Key** का उपयोग किया जाता है।

- इसमें Sender और Receiver दोनों के पास **समान Key** होती है, और इसी Key से plaintext को ciphertext तथा ciphertext को plaintext में परिवर्तित किया जाता है।
- Symmetric key Cryptography **'Key bits'** की संख्या पर निर्भर करती है।



(ii) Asymmetric Key Cryptography (असममित कुँजी क्रिप्टोग्राफी)—इसे **public-key Cryptography** के रूप में भी जाना जाता है Asymmetric Key Cryptography वह तकनीक है जिसमें **Encryption और Decryption के लिए दो अलग-अलग Keys** प्रयोग होती हैं **– एक Public Key और एक Private Key।**

- Public Key सभी को उपलब्ध होती है, जबकि **Private Key** केवल **Owner Receiver** के पास रहती है। **Encryption** सामान्यतः **Public Key** से और **Decryption Private Key** से किया जाता है।
- **Bulk (बल्क) messages** को डिक्रिप्ट करने के लिए इसका उपयोग करना **संभव नहीं** है क्योंकि यह Symmetric key Cryptography की तुलना में बहुत धीमी है।



(iii) Hashing—Hashing Technique एक ऐसी Cryptographic प्रक्रिया है जिसमें किसी भी Input Data को एक Fixed-Length Hash Value या Digest में परिवर्तित किया जाता है, जो एक **One-Way Function पर आधारित होता है।**



Harmful Attacks से फ्री रखने के लिए एंटीवायरस में **Scheduled Scan** को Configure करें ताकि नियमित अंतराल पर सिस्टम की जांच होती रहे।

Network Security related Terms

1. TOCTOU (Time-of-Check to Time-of-Use)

❖ यह एक प्रकार की सॉफ्टवेयर त्रुटि (**Race Condition**) है। यह तब होती है जब सिस्टम द्वारा किसी रिसोर्स (जैसे फाइल) की सुरक्षा 'जांचने' (Check) और उसे 'इस्तेमाल' (Use) करने के बीच के सूक्ष्म समय अंतराल में हैकर उस रिसोर्स को बदल देता है।

2. DES Effective Key Length

❖ **DES** (Data Encryption Standard) में कुल key की लंबाई **64-bit** होती है। लेकिन इसमें हर 8वां बिट 'पैरिटी' (Parity/Checking) के लिए आरक्षित होता है, इसलिए वास्तविक एन्क्रिप्शन के लिए **प्रभावी कुंजी (Effective Key) केवल 56-bit** ही होती है।

नोट:—वर्तमान में DES की जगह अब अधिक सुरक्षित एवं एडवांस वर्जन **AES** (Advanced Encryption Standard) प्रयुक्त होता है।

3. FRR & FAR

❖ **False Rejection Rate (FRR):** बायोमेट्रिक का काम यूजर को पहचानना है। यह **Something You Are** है।

❖ यह बायोमेट्रिक सुरक्षा की वह त्रुटि जब सिस्टम एक **वैध (सही) उपयोगकर्ता को पहचानने से मना कर देता है।**

❖ **False Acceptance Rate (FAR):** जब सिस्टम किसी **अनाधिकृत (गलत) व्यक्ति को गलती से एक्सेस दे देता है।**

4. SQL Slammer

❖ यह इतिहास का एक प्रसिद्ध **Worm** (वर्म) है। इसने माइक्रोसॉफ्ट के SQL सर्वर की कमजोरी (Buffer Overflow) का फायदा उठाया और केवल 10 मिनट में दुनिया भर के इंटरनेट ट्रैफिक को धीमा करके **DoS (Denial of Service)** स्थिति पैदा कर दी थी।

5. Whaling

❖ यह **Phishing** का एक विशिष्ट रूप है जो आम लोगों के बजाय केवल **उच्च पदस्थ अधिकारियों** (जैसे CEO, CFO, Managers) को निशाना बनाता है। इसे अक्सर **'CEO Fraud'** भी कहा जाता है क्योंकि इसका उद्देश्य बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी होता है।

6. Salting

❖ यह पासवर्ड को हैक होने (Rainbow Table Attack) से बचाने के लिए, पासवर्ड के साथ यादृच्छिक डेटा (Random Characters) जोड़कर हैश (Hash) बनाया जाता है। इस अतिरिक्त डेटा को **Salt** कहते हैं।

7. Zero-Day Vulnerability

❖ यह सॉफ्टवेयर में मौजूद ऐसी सुरक्षा कमी (Flaw) है जिसका पता सॉफ्टवेयर निर्माता (Vendor) को नहीं होता और **जिसका कोई पैच (Patch/Fix) उपलब्ध नहीं होता**। हैकर्स इसका फायदा पैच आने से पहले ही उठा लेते हैं।

8. IIS Default Authentication Mode

❖ **IIS (Internet Information Services)** माइक्रोसॉफ्ट का एक **Web Server** सॉफ्टवेयर है जिसका उपयोग विंडोज सिस्टम पर वेब एप्लिकेशन को होस्ट करने के लिए किया जाता है।

❖ **Default Authentication Mode:** IIS वेब सर्वर का डिफ़ॉल्ट प्रमाणीकरण (Authentication) मोड आमतौर पर **Anonymous Authentication** होता है, जहाँ यूजर को क्रेडेंशियल देने की आवश्यकता नहीं होती है।

9. Hashing Function

❖ **Hashing Function** का मुख्य कार्य इनपुट डेटा से एक **Fixed-Length** (निश्चित लंबाई) का संदेश डाइजेस्ट (**Message Digest**) बनाना है।

❖ **SHA-1 (Secure Hash Algorithm 1):** यह भी एक क्रिप्टोग्राफ़िक हैश फंक्शन है, जिसे MD5 से अधिक सुरक्षित माना जाता था। यह किसी भी इनपुट डेटा के लिए **160-बिट** का एक निश्चित आकार का हैश मान उत्पन्न करता है।

❖ **MD5 (Message Digest 5):** यह एक क्रिप्टोग्राफ़िक हैश फंक्शन है जिसका उपयोग डेटा की अखंडता (integrity) की जाँच के लिए किया जाता है। यह किसी भी इनपुट डेटा के लिए हमेशा **128-बिट** का एक निश्चित आकार का हैश मान (hash value) उत्पन्न करता है।

नोट:– (i) SHA-256 256-bits और **SHA-512** 512-bits का डाइजेस्ट बनाता है।

(ii) SHA-1 एवं **MD5** के स्थान पर अब **SHA-2** एवं **SHA-3** प्रयुक्त किये जाते हैं।

Knowledge Capsules

- VIRUS का पूर्ण रूप **Vital Information Resources Under Siege** है।
- दुनिया का **पहला कंप्यूटर वायरस Creeper** (1971) था, जबकि पर्सनल कंप्यूटर (PC) के लिए पहला बूट सेक्टर वायरस Brain (1986) था।
- **Worm** एक **सेल्फ–रेप्लिकेटिंग (Self-Replicating) मालवेयर** है जो बिना मानव हस्तक्षेप के नेटवर्क में फैलता है और नेटवर्क की Bandwidth को जाम (Choke) कर देता है।
- **Trojan Horse** एक ऐसा मालवेयर है जो **वैध (Legitimate) सॉफ्टवेयर होने का दिखावा** करता है और यह वायरस की तरह अपनी कॉपी (Replicate) नहीं बनाता।
- **Ransomware** यूजर की **फाइलों को Encrypt (Lock)** कर देता है और फाइलों को वापस देने के बदले में **Bitcoin या पैसों (फिरौती)** की मांग करता है (उदा. WannaCry)।
- **Keylogger** एक प्रकार का स्पाइवेयर है जो यूजर द्वारा **की–बोर्ड पर दबाए गए बटनों (Keystrokes) को रिकॉर्ड** करता है, जिसका उपयोग अक्सर **बैंकिंग पासवर्ड चुराने** में होता है।
- **Logic Bomb** कोड का वह हिस्सा है जो तुरंत सक्रिय नहीं होता, बल्कि किसी विशिष्ट समय या शर्त **(Event/Condition)** के **पूरा होने पर ही एग्जीक्यूट** होता है।
- **Phishing** एक सोशल इंजीनियरिंग तकनीक है जिसमें ईमेल या लिंक के जरिए खुद को विश्वसनीय संस्था (जैसे बैंक) बताकर यूजर से **Sensitive Information (पासवर्ड/OTP)** मांगी जाती है।

Multiple Choice Questions

1. एक हमलावर (Attacker) टीसीपी (TCP) कनेक्शन स्थापना (Handshake) के दौरान 'SYN' पैकेट भेजता है लेकिन 'ACK' पैकेट वापस नहीं भेजता। इससे सर्वर के संसाधन (Resources) भर जाते हैं। यह किस प्रकार का हमला है?
(A) Tear Drop Attack (B) SYN Flood Attack
(C) Smurf Attack (D) IP Spoofing

2. यदि एक क्रिप्टोग्राफिक सिस्टम में Public Key का उपयोग एन्क्रिप्शन (Encryption) के लिए और Private Key का उपयोग डिक्रिप्शन (Decryption) के लिए किया जाता है, तो यह क्या सुनिश्चित करता है?
(A) Authentication (प्रमाणीकरण)
(B) Integrity (अखंडता)
(C) Confidentiality (गोपनीयता)
(D) Non-Repudiation (अस्वीकरण नहीं)

3. Digital Signature (डिजिटल हस्ताक्षर) के निर्माण में, Message Digest (हैश वैल्यू) को किस Key के साथ एन्क्रिप्ट किया जाता है?
(A) Sender's Public Key
(B) Sender's Private Key
(C) Receiver's Public Key
(D) Receiver's Private Key

4. Polymorphic Virus को पारंपरिक एंटीवायरस (Signature-based) द्वारा पकड़ना मुश्किल क्यों होता है?
(A) यह मेमोरी में नहीं रहता है।
(B) यह प्रत्येक संक्रमण पर अपना कोड बदलता है।
(C) यह बूट सेक्टर में छिप जाता है।
(D) यह इंटरनेट का उपयोग नहीं करता है।

5. निम्नलिखित में से कौन सा हमला (Attack) "Time-of-Check to Time-of-Use" (TOCTOU) श्रेणी में आता है—
(A) File Access vulnerability
(B) SQL Injection
(C) Phishing
(D) DDoS

6. MiTM हमले में, हमलावर अक्सर किस प्रोटोकॉल की कमजोरी का फायदा उठाकर Session Hijacking करता है?
(A) ARP (B) ICMP
(C) SMTP (D) POP3

7. Data Encryption Standard में, प्रभावी कुंजी की लंबाई कितनी होती है?
(A) 64 bits (B) 56 bits
(C) 128 bits (D) 256 bits

8. Hash Function की वह विशेषता क्या कहलाती है, जिसके अनुसार दो अलग-अलग इनपुट का समान हैश वैल्यू नहीं होना चाहिए?
(A) Pre-image resistance (B) Collision Resistance
(C) Avalanche Effect (D) Confusion

9. Botnet कमांड और कंट्रोल (C&C) आर्किटेक्चर का उपयोग मुख्य रूप से किसके लिए किया जाता है?
(A) DDoS अटैक के कॉर्डिनेशन के लिए
(B) डेटाबेस एनक्रिप्शन के लिए।
(C) फायरवॉल कॉन्फ़िगरेशन के लिए।
(D) यूजर के valid सॉफ़्टवेयर अपडेट के लिए।

10. नीचे दो कथन दिए गए हैं—
अभिकथन (A): Asymmetric Encryption (असममित एन्क्रिप्शन) का उपयोग बड़ी मात्रा में डेटा को एन्क्रिप्ट करने के लिए नहीं किया जाता है।
तर्क (R): Asymmetric Encryption एल्गोरिदम गणितीय रूप से जटिल होते हैं और Symmetric Encryption की तुलना में बहुत धीमे होते हैं।
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(D) (A) गलत है परन्तु (R) सही है।

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें—
कथन-I: Phishing (फिशिंग) में, हमलावर एक प्रतिष्ठित संस्था होने का नाटक करके ईमेल के माध्यम से संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करता है।
कथन-II: Pharming (फार्मिंग) में, हमलावर DNS को करप्ट कर देता है, जिससे उपयोगकर्ता सही URL टाइप करने के बावजूद नकली वेबसाइट पर पहुँच जाता है।
(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) केवल कथन I सही है।
(D) केवल कथन II सही है।

12. मैलवेयर (Malware) के प्रसार के संदर्भ में:
कथन-I: Virus (वायरस) को एक कंप्यूटर से दूसरे कंप्यूटर में फैलने के लिए मानव क्रिया (Human Action) जैसे फाइल शेयरिंग या प्रोग्राम एग्जीक्यूशन की आवश्यकता नहीं होती है।
कथन-II: Worm (वर्म) एक स्टैंडअलोन प्रोग्राम है जो नेटवर्क पर स्वचालित रूप से (Automatically) फैलता है और इसे किसी होस्ट फाइल की आवश्यकता नहीं होती है।
(A) दोनों कथन सही हैं। (B) दोनों कथन गलत हैं।
(C) केवल कथन I सही है। (D) केवल कथन II सही है।

13. क्रिप्टोग्राफी के संदर्भ में:
कथन-I: Symmetric Key Cryptography में Sender और Receiver अलग-अलग कुंजियों (Keys) का उपयोग करते हैं।
कथन-II: AES एक Asymmetric Key एल्गोरिदम का उदाहरण है।
(A) दोनों कथन सही हैं। (B) दोनों कथन गलत हैं।
(C) केवल कथन I सही है। (D) केवल कथन II सही है।

उत्तरमाला

1.(B)	2.(C)	3.(B)	4.(B)	5.(A)	6.(A)	7.(B)	8.(B)	9.(A)	10.(A)
11.(A)	12.(D)	13.(B)							

53. Tailgating (टेलगेटिंग) किस प्रकार का सुरक्षा उल्लंघन है?
(A) Physical Security Breach
(B) Software Virus
(C) Network Protocol Error
(D) Firewall Failure

54. Software Piracy (सॉफ्टवेयर पायरेसी) क्या है?
(A) सॉफ्टवेयर का मुफ्त वितरण करना।
(B) सॉफ्टवेयर की अनाधिकृत कॉपी बनाना।
(C) ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर का उपयोग।
(D) सॉफ्टवेयर का वैध लाइसेंस खरीदना।

55. Biometric Authentication में "False Rejection Rate" (FRR) क्या है?
(A) अनाधिकृत व्यक्ति को एक्सेस देना।
(B) यूज़र द्वारा पासवर्ड भूल जाना।
(C) बायोमेट्रिक मशीन का खराब होना।
(D) वैध यूज़र को एक्सेस न देना।

56. Network Layer Firewall किस आधार पर निर्णय लेता है?
(A) यूजरनेम और पासवर्ड।
(B) सोर्स और डेस्टिनेशन आईपी एड्रेस।
(C) वेब पेज की सामग्री।
(D) ईमेल का विषय।

57. Non-Resident Virus को और किस नाम से जाना जाता है?
(A) Direct Action Virus (B) Boot Sector Virus
(C) Macro Virus (D) Logic Bomb

58. Digital Certificate में निम्नलिखित में से क्या शामिल नहीं होता?
(A) ओनर की पब्लिक की (Owner's Public Key)।
(B) जारीकर्ता के हस्ताक्षर (Issuer's Signature)।
(C) ओनर की प्राइवेट की (Owner's Private Key)।
(D) समाप्ति तिथि (Expiration Date)।

59. SQL Slammer किसका एक उदाहरण है?
(A) Worm (B) Virus
(C) Trojan (D) Spyware

60. Confidentiality (गोपनीयता) का उल्लंघन (Loss) कब होता है?
(A) जब डेटा गलती से डिलीट हो जाए।
(B) जब अनाधिकृत व्यक्ति डेटा पढ़ ले।
(C) जब डेटा का फॉर्मेट बदल जाए।
(D) जब सर्वर अचानक डाउन हो जाए।

61. Computer Forensics का मुख्य नियम क्या है?
(A) ओरिजिनल एविडेंस को सुरक्षित रखना।
(B) कंप्यूटर को तुरंत फॉर्मेट करना।
(C) केवल यूजर पासवर्ड को ढूंढना।
(D) हैकर को पकड़कर सजा देना।

Previous Year Competitive Exam Questions

1. मई 2017 के दौरान, एक बेहद लोकप्रिय मालवेयर ने पूरे विश्व में लगभग 2 लाख कंप्यूटरों को संक्रमित किया। यह बिट-क्वाईन क्रिप्टो करेंसी में भुगतान मांग रहा था। इसने प्रभावित व्यक्तियों को रुलाया। इसे कहा जाता है _____.
[Raj. Informatics Assistant (IA) 21.01.2024]
(A) Wanna Cry (B) Baby Cry
(C) Crypto Cry (D) Node Cry

2. An unauthorised real time interception or monitoring of private communication between two entities over a network is called—
एक नेटवर्क पर दो संस्थाओं के बीच निजी संचार की अनधिकृत वास्तविक समय अवरोधन या निगरानी को कहा जाता है—
[Raj. Informatics Assistant (IA) 21.01.2024]
(A) Eavesdropping (B) Snooping
(C) Phishing (D) Virus

3. इनमें से क्या किसी सिस्टम को मालवेयर से सुरक्षित करने का तरीका नहीं है? [Raj. Informatics Assistant (IA) 21.01.2024]
(A) पॉप-अप को खोलना
(B) फॉयरवॉल सुरक्षा
(C) पब्लिक Wi-Fi के उपयोग से बचना
(D) नियमित बैक-अप लेना

4. Which of the following are used to generate a message digest by the network security protocols?
[Sr. Computer Instructor 19.06.2022]
निम्नलिखित में से कौन सा मैसेज डाईजेस्ट बनाने के काम आता है, नेटवर्क सिक्यूरिटी प्रोटोकॉल द्वारा?
(P) RSA (Q) SHA-1 (R) DES (S) MD5
(A) केवल P और R (B) केवल Q और R
(C) केवल Q और S (D) केवल R और S

5. पासवर्ड क्रैकिंग तकनीक के रूप क्या हैं?
[Basic Computer Instructor Exam 18.06.2022]
(A) अटैकसिलेबल (B) अटैकब्रूट फोर्सिंग
(C) अटैकहाइब्रिड (D) उपरोक्त सभी

6. कौनसी एक स्टेट वायरस लाइफ साइकिल में सम्मिलित नहीं है?
[Basic Computer Instructor Exam 18.06.2022]
(A) Dormant (B) Execution
(C) Start (D) Triggering

7. What does DDos stand for?
DDoS से क्या तात्पर्य है?
[Sr. Computer Instructor Exam 19.06.2022]
(A) Data Denial-of-Service
(B) Distributed Denial-of-Service
(C) Distributed Data of Sever
(D) Distribution of Data Service

उत्तरमाला

53.(A)	54.(B)	55.(D)	56.(B)	57.(A)	58.(C)	59.(A)	60.(B)	61.(A)	
1.(A)	2.(A)	3.(A)	4.(C)	5.(D)	6.(C)	7.(B)			

2 Introduction to Firewalls and its Utility [फायरवॉल परिचय एवं उसके उपयोग]

Introduction to Firewall (फायरवॉल का परिचय)

- Firewall एक hardware या software प्रकार की Network Security device है जो किसी नेटवर्क **device पर आने वाले या बाहर जाने वाले ट्रैफिक पर नजर** रखता है और Security rules के एक define set के आधार पर उस specific traffic को accepts (स्वीकार), reject (अस्वीकार) या drops (छोड़) देता है।
- **Accept/Allow:** इसका अर्थ है ट्रैफिक को **नेटवर्क में प्रवेश** करने की अनुमति देना।
- **Reject:** इसका अर्थ है ट्रैफिक को **Block** कर देना, लेकिन साथ ही सेंडर (Sender) को एक **"Unreachable Error" मैसेज** (ICMP response) भेजना कि उनका कनेक्शन अस्वीकार कर दिया गया है।
- **Ping कमाण्ड** भी **ICMP प्रोटोकॉल** का ही उपयोग करता है।
- **Drop:** इसका अर्थ है ट्रैफिक को **बिना किसी सूचना** या रिप्लाई के Block कर देना (सेंडर को पता नहीं चलता कि पैकेट पहुँचा या नहीं)।

नोट:—सुरक्षा की दृष्टि से **'Drop'** को 'Reject' से बेहतर माना जाता है क्योंकि यह हैकर को नेटवर्क की स्थिति का पता नहीं चलने देता।

- एक firewall, **Secured internal network** और **बाहर के Untrusted Network** जैसे internet के बीच अवरोध स्थापित करता है।
- Firewall से पहले, Network Security Router पर स्थित **Access Control Lists (ACLs)** द्वारा की जाती थी।
- ACL ऐसे नियम है जो निर्धारित करते हैं कि Specific IP address को Network **एक्सेस** प्रदान किया जाना चाहिए या **अस्वीकार** किया जाना चाहिए। लेकिन ACL उस पैकेट की प्रकृति का निर्धारण नहीं कर सकता है जिस पर वह block कर रहा है।
- आंतरिक Network को **Unauthorized** (अनाधिकृत) traffic से सुरक्षित करने के लिए हमें **Firewall** की आवश्यकता होती है।



- Firewall एक ऐसी तकनीक है, जिसके द्वारा किसी नेटवर्क को सुरक्षित एवं Secure रखा जाता है। अर्थात् **फॉयरवॉल एक नेटवर्क सिक्योरिटी सिस्टम** (Network Security System) है जो किसी नेटवर्क के **Incoming एवं Outgoing Network Traffic को निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार Monitor एवं कंट्रोल** करता है।
- फॉयरवॉल **Authorized एवं Unauthorized Network के बीच एक Security Wall** (सुरक्षा की दीवार) है या दूसरे शब्दों में कहें तो Firewall **trusted एवं Untrusted Network के मध्य एक Barrier है।**
- फॉयरवॉल नियमों के एक ऐसे समूह को लागू करता है जो यह बताता है कि किसी नेटवर्क में **किस डाटा Packet को प्रवेश करने की अनुमति दे एवं किस data packet को प्रवेश करने से रोका जायें।**
- Firewall Software एवं Hardware दोनों प्रकार में उपलब्ध हैं।
- फॉयरवॉल के Software प्रोग्राम जैसे—Antivirus आदि को install कर इस्तेमाल किया जाता है।
- किसी भी Network में Hardware डिवाइस खरीदकर इसको भी हार्डवेयर Firewall के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है।

Working of Firewall (फॉयरवॉल की कार्यप्रणाली)

- फॉयरवॉल की कार्यप्रणाली निम्न प्रकार से समझी जा सकती है—माना आप एक Organisation में कार्य करते हैं। इस Organisation के ऑफिस के अनेक कम्प्यूटर एक-दूसरे से Wi-Fi से जुड़े हैं, ऐसा नेटवर्क प्राइवेट नेटवर्क (Private Network) कहलाता है। अब इस ऑफिस के कम्प्यूटर के माध्यम से जब कोई यूजर किसी पब्लिक नेटवर्क जैसे — इंटरनेट से जुड़ता है, तो उसके कम्प्यूटर में इंटरनेट पर फैले हुए विभिन्न Harmful Software के पहुँचने की संभावना बनी रहती है। इन Harmful Software को उस कम्प्यूटर में पहुँचने से firewall रोकता है अर्थात् firewall **पब्लिक नेटवर्क एवं Private Network के मध्य Security Wall** का कार्य कर रहा है।



ऊपर बताए गए उदाहरण के अनुसार फॉयरवॉल दोनों Networks को Security प्रदान कर रहा है। क्योंकि यह—

- यूजर के **कम्प्यूटर से कोई Virus या Suspicious Content** को इंटरनेट पर जाने से रोकता है।
- इंटरनेट पर उपलब्ध किसी **Harmful Content को यूजर के कम्प्यूटर** में आने से रोकता है।

❖ उपरोक्त टेबल में rules निम्नानुसार कार्य करेंगे।

1. Network 192.168.21.3 से आने वाले packets blocked है।
2. Internal TELNET Server के लिए आने वाले Packets blocked (अवरुद्ध) है।
3. Host 192.168.21.4 के लिए आने वाले packets blocked है।
4. Network 192.168.21.5 के लिए सभी Services allowed है।

Application Gateways

❖ Application gateway firewalls प्रत्येक इन्टरनेट सेवा के लिए packets को अलग-अलग handle करती हैं। सामान्यतया यह कार्य एक विशेष program के द्वारा किया जाता है, जिसे proxy server कहते हैं। Proxy server किसी intranet के कम्प्यूटरों द्वारा भेजे जाने वाले e-mail, web, चैट, newsgroup तथा अन्य packets को लेता है, packet में से उस भेजने वाले कम्प्यूटर की पहचान दर्शाने वाली सूचना को हटाता है, स्वयं के कम्प्यूटर की पहचान दर्शाने वाली सूचना को जोड़ता है तथा उसे इन्टरनेट पर भेज देता है।

❖ जब इन्टरनेट से कोई प्रत्युत्तर आता है तो proxy server प्रत्युत्तर को उस कम्प्यूटर के पास भेज देता है जिसने वास्तविक message भेजा था। इन्टरनेट पर सारे packets उस proxy server से आते हुए प्रतीत होते हैं। अतः intranet के किसी भी कम्प्यूटर के बारे में कोई भी सूचना leak नहीं होती है। आप अपने proxy server को इन्टरनेट सेवाओं को सीमित access करवाने के लिए configure कर सकते हैं।

उदाहरण के लिए—आपको अपने कम्प्यूटर से telnet करने की अनुमति तो मिल सकती है जिससे आप बाहर के कम्प्यूटरों को अपने intranet के द्वारा access कर लें मगर इन्टरनेट से आपके पास आने वाले telnet packet को रोका जा सकता है ताकि कोई भी बाहरी व्यक्ति Internet के द्वारा आपके intranet के कम्प्यूटरों तक न पहुँच सके।

❖ इसके अतिरिक्त proxy server अपने अंदर से गुजरने वाले समस्त packets के बारे में जानकारी रखता है जिससे आपके पास यह record रहे कि आपके intranet को कौन Internet के द्वारा access कर रहा है या इसका विपरीत भी संभव है।

Deployment Types of Firewall

(i) Host-based firewall (ii) Network-based-firewall

(i) Host-based Firewall

❖ Host-based firewall प्रत्येक Network node पर installed (स्थापित) है जो प्रत्येक आने वाले और जाने वाले packet को control (नियंत्रित) करता है।

❖ यह एक Software application या Application का समूह है, जो operating system के एक भाग के रूप में आता है।

❖ Host-based firewalls की आवश्यकता इसलिए होती है क्योंकि Network firewall एक trusted Network के अंदर सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकता है।

❖ Host firewall प्रत्येक host को attacks और Unauthorised access से बचाता है।



(ii) Network-based Firewall

❖ नेटवर्क फायरवॉल नेटवर्क स्तर पर कार्य करता है अर्थात् ये firewall पूरे Network में आने वाले और बाहर जाने वाले traffic को filter करते हैं।

❖ यह Firewall पर परिभाषित नियमों का उपयोग करके ट्रैफिक को फिल्टर करके Internal Network की सुरक्षा करते हैं।

❖ एक नेटवर्क firewall में दो या अधिक network Interface Card (NIC) हो सकते हैं।

❖ एक नेटवर्क-based firewall आमतौर पर एक dedicated system होता है जिसमें proprietary software installed होता है।

AAA कॉन्सेप्ट

❖ यदि हम Internet का उपयोग व्यवसायिक आदान-प्रदान के लिए कर रहे हैं, फिर तो इन्टरनेट सुरक्षा और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि संदेश पूर्णतया निजी हों तथा वित्तीय लेन-देन सुरक्षित हो। इन्टरनेट सुरक्षा के तरीके नीचे बताए गए हैं। इन्हें "तीन A" या AAA भी कहा जाता है। AAA का पूर्ण रूप है—Authenticating (प्रमाणित करना), Authorizing (अधिकृत करना) तथा Accounting (लेखांकन)।

❖ Authentication—वह प्रक्रिया है जिसमें कम्प्यूटर या नेटवर्क से जुड़ने वाले user से उसकी पहचान माँगी जाती है। अतः authentication के द्वारा user की पहचान के उस दावे को जाँचा जाता है जिसमें वह passwords response calculators या random password generator के द्वारा system को access करने की चेष्टा करता है।

❖ Authorization—वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा यह निर्धारित किया जाता है कि एक प्रमाणित user विशेष संसाधनों का उपयोग कैसे कर सकता है। Authorization security administrator (सुरक्षा प्रशासक) को नेटवर्क के भागों, उदाहरण स्वरूप server पर स्थित files तथा folders को नियंत्रित करने की अनुमति देता है।

❖ Accounting—Accounting में यूजर की गतिविधियों का रिकॉर्ड रखा जाता है कि यूजर ने कब लॉग-इन किया, कब लॉग-आउट किया एवं नेटवर्क पर कौन-कौनसे कार्य किये। जबकि Auditing data को एकत्रित करके तथा उसका analysis करने की प्रक्रिया है जो प्रशासकों तथा अन्य लोगों, जैसे IT auditors, को यह अनुमति देता है कि वे इस बात को सुनिश्चित कर सकें कि users तथा authorization rules चाहे गए परिणाम देने में सक्षम हैं या नहीं।

❖ वे नेटवर्क जिनमें कठोर सुरक्षा policies होती हैं, यह अत्यधिक आवश्यक है कि public servers में anonymous या guest access का विवरण file में store किया जाए। यदि कोई user अपने access rights को परिवर्तित करने की चेष्टा करता है तो यह

43. NGFW द्वारा उपयोग की जाने वाली "Application Awareness" तकनीक का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(A) Hardware Components को मॉनिटर करना।
(B) Ports और Protocols के बिना traffic पहचानना।
(C) केवल TCP Traffic को फ़िल्टर करना।
(D) NAT के लिए IP Address Map करना।

44. एक फ़ायरवॉल द्वारा FTP और Telnet जैसी असुरक्षित सेवाओं को Block करने का कारण क्या है?

(A) वे Layer 7 पर काम नहीं करते हैं।
(B) असुरक्षित ports और plain text passwords।
(C) वे केवल UDP का उपयोग करते हैं।
(D) वे Stateful Inspection का समर्थन नहीं करते हैं।

45. Statement/Conclusion:

कथन (Statement): Circuit-level Gateway Incoming Traffic को Allow करने से पहले TCP Handshake को वेरीफाई करता है।

निष्कर्ष (Conclusion): Circuit-level Gateway को Application Layer Gateway से कम सुरक्षित माना जाता है क्योंकि यह Data Payload की सामग्री की जाँच नहीं करता है।

(A) कथन सत्य है, निष्कर्ष असत्य है।
(B) कथन असत्य है, निष्कर्ष सत्य है।
(C) कथन और निष्कर्ष दोनों सत्य हैं, और निष्कर्ष कथन की सही व्याख्या करता है।
(D) कथन और निष्कर्ष दोनों असत्य हैं।

46. Match the Following:

List-I (Firewall Type)	List-II (Key Feature)
P. Packet Filtering Firewall	1. Monitors Connection State
Q. Stateful Inspection Firewall	2. Blocks Encrypted Traffic
R. Application Gateway	3. Filters based on IP Header only

(A) P-1, Q-2, R-3 (B) P-2, Q-1, R-3
(C) P-3, Q-1, R-2 (D) P-3, Q-2, R-1

47. कथन (Statement): Network-based Firewall Network Layer पर Incoming और Outgoing Traffic को Filter करता है।

निष्कर्ष (Conclusion): इसलिए, यह फ़ायरवॉल Malicious Activity को रोकने के लिए Trusted Internal Network के अंदर सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है।

(A) कथन सत्य है, निष्कर्ष सत्य है, और निष्कर्ष कथन की सही व्याख्या करता है।
(B) कथन सत्य है, निष्कर्ष सत्य है, लेकिन निष्कर्ष कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) कथन सत्य है, निष्कर्ष असत्य है।
(D) कथन असत्य है, निष्कर्ष असत्य है।

48. फ़ायरवॉल की कार्यप्रणाली के संबंध में निम्नलिखित पर विचार करें—

1. Reject एक्शन, Drop एक्शन की तुलना में हैकर को नेटवर्क की स्थिति का अधिक संकेत देता है।
2. Hardware Firewall, Software Firewall की तुलना में कम Latency पर कार्य करता है।
3. NAT का उपयोग IP Address Masking के माध्यम से गोपनीयता (Privacy) बढ़ाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3 सभी

49. Next-Generation Firewall में Intrusion Prevention System (IPS) के Integration का प्राथमिक लाभ क्या है?

(A) केवल Antivirus को एकीकृत करना।
(B) Real-time में Malicious Traffic को Detect और Block करना।
(C) Stateful Inspection से पूरी तरह छुटकारा पाना।
(D) External Network से Internal IP छिपाना।

50. Match the Following (Firewall Generation & Layer):

List-I (Generation)	List-II (OSI Layer)
P. First Generation	1. Application Layer (L7)
Q. Second Generation	2. Session Layer (L5)
R. Third Generation	3. Network Layer (L3)

(A) P-1, Q-2, R-3 (B) P-2, Q-3, R-1
(C) P-3, Q-2, R-1 (D) P-3, Q-1, R-2

51. फ़ायरवॉल में NAT (Network Address Translation) के उपयोग के संबंध में कौन सा कथन सत्य है?

(A) NAT Internal Network की Latency को बढ़ाता है।
(B) Private IP address को internet पर mask करना।
(C) NAT Encrypted Traffic को Decrypt करता है।
(D) NAT केवल Inbound Traffic पर लागू होता है।

52. निम्न Packet filter table को ध्यान से पढ़ें—

Sr.	Source IP	Destination IP	Source port	Dest port	Action
1.	192.168.21.3	.....	.....	.....	deny
2.	.....	.....	.....	23	deny
3.	.....	192.168.21.4	.....	.....	deny
4.	.....	192.168.21.5	.....	> 1023	Allow

उपरोक्त table में Network 192.168.21.3 से आने वाले packets ..... है तथा Network 192.168.21.5 के लिए सभी Services ..... है।

(A) Blocked, blocked
(B) Allowed, Blocked
(C) Allowed, Allowed
(D) Blocked, Allowed

उत्तरमाला

43.(B)	44.(B)	45.(C)	46.(C)	47.(C)	48.(D)	49.(B)	50.(C)	51.(B)	52.(D)

3 Backup & Restoring Data [बैकअप एण्ड रिस्टोरिंग डाटा]

Backup

- बैकअप (Backup) का सामान्य अर्थ **डाटा की प्रतिलिपियों (copies) का निर्माण करना** है अर्थात् Data Backup की प्रक्रिया द्वारा **data की copy बना ली जाती** है ताकि भविष्य में **Original data** lost या destroy या unusable होने पर इन्हीं प्रतिलिपियों **(copies) का उपयोग कर data को पुनः उपयोग** में लिया जा सके।
- यूजर अपने data को system की Hard drive में store रखता है, चूंकि हार्ड ड्राइव भी electronic device है, जब यह Crash हो जाती है तो data भी lost हो जाता है एवं यूजर का महत्वपूर्ण डाटा नहीं मिलता है। इस समस्या से बचने हेतु data की copy बना लेते हैं, जिसमें हार्डडिस्क crash भी हो जाये तो backup द्वारा डाटा पुनः Restore (रिस्टोर) किया जा सके।
- User जब कम्प्यूटर पर कार्य करता है, तो कम्प्यूटर में किसी भी task की एक file तैयार होती है जो Data (डाटा) कहलाती है।
- इस डाटा को इसकी मुख्य जगह के साथ दूसरी जगह कॉपी करके save रखते हैं अर्थात् Computer data की copy जो एक या अधिक जगह पर save रखी जाती है **Data Backup** कहलाती है।
- जब कभी System में रखा डाटा Corrupt हो जाए या delete हो जाए तो Backup डाटा को Restore करके प्रयोग में लिया जाता है, इसमें Data loss से बचा जा सकता है।
- डाटा बैकअप डिवाइस का चयन निम्नलिखित Facts पर निर्भर करता है—
  - डाटा की मात्रा जिसे यूजर store करना चाहता है।
  - डाटा बैकअप की स्पीड (Speed)
  - डाटा बैकअप की Cost
  - डाटा की Security
  - Backup की Reliability
  - डाटा की उपलब्धता (Availability of data)
- उपरोक्त सभी Parameters को ध्यान में रखते हुए ही डेटा बैकअप डिवाइसों का चयन किया जाता है।
- किसी भी डाटाबेस का बैकअप लेते समय दो महत्त्वपूर्ण Objective होते हैं—

1. RPO (Recovery Point Objective)
2. RTO (Recovery Time Objective)

1. RPO (Recovery Point Objective):

- इसका संबंध **"Maximum Allowable Data Loss"** (अधिकतम डेटा हानि) से है।
- यह वह समय सीमा है जो बताती है कि डिजास्टर होने पर हम **कितना पुराना डेटा खोना** सहन कर सकते हैं।
- RPO यह तय करता है कि **Backup Frequency** क्या होनी चाहिए (यानी बैकअप कितनी बार लिया जाना चाहिए)। यदि RPO कम है, तो बैकअप बार-बार लेना पड़ेगा।

2. RTO (Recovery Time Objective):

- इसका संबंध **"Maximum Allowable Downtime"** (अधिकतम बंद रहने का समय) से है।
- यह वह लक्ष्य समय है जिसके भीतर सिस्टम या सर्विस को खराब होने के बाद **दोबारा चालू (Restore)** करना अनिवार्य है।
- RTO यह तय करता है कि आपकी **Recovery Speed** कितनी तेज होनी चाहिए।

Data Backup and Data Copy (डाटा बैकअप एवं डाटा कॉपी)

- डाटा का जब बैकअप लेते हैं तो बैकअप में किसी डाटा को इन्क्रिप्ट (Encrypt) करके सुरक्षित जगह पर स्टोर कर दिया जाता है ताकि जब आवश्यकता पड़े तब इस Original data को रीस्टोर किया जा सके। इस डाटा को बैकअप के रूप में केवल Save किया जा सकता है। इसे Open/edit नहीं किया जा सकता।
- **डाटा Copy** करने का अर्थ है किसी भी फाइल, फोल्डर या डाटा की प्रतिलिपि बनाना। जब डाटा को copy किया जाता है उसके बाद पुराने सोर्स से उस copy किए गए डेटा को कोई मतलब नहीं होता है, Copy करने के बाद डेटा सुरक्षित (Safe/Backed Up) रहता है।
- User अपने डाटा एवं information का securely backup करने हेतु **CD-R, DVD-R, Floppy disk, Optical disk, SD card, Flash drive, USB thumb drives, External Drives** और Cloud Storage आदि का प्रयोग करता है। इनका अगर सही इस्तेमाल किया जाये तो बड़ी आसानी से महत्वपूर्ण Data को backup कर सकते हैं और जरूरत पड़ने पर इस Data के Backup का इस्तेमाल कर सकते हैं।

Backup Devices

- यूजर अपने data का backup निम्न में से किसी भी device पर ले सकता हैं—

1. Optical Discs (CD / DVD / Blu-ray)

- यह Laser-based media है जो long-term offline archival backup के लिए सुरक्षित माना जाता है।
- WORM और rewritable दोनों प्रकार उपलब्ध हैं और virus-resistant storage प्रदान करते हैं।

2. External Hard Disk Drive (HDD)

- यह सबसे common backup device है जिसमें high-capacity (1TB-10TB) data store किया जाता है।
- USB 3.0/3.2 interface के कारण fast transfer और full system backup आसानी से होता है।

(iii) डाउनटाइम कॉस्ट को घटाना (Reducing Downtime Costs): सर्वर डाउन रहने के हर मिनट से कंपनी को आर्थिक नुकसान होता है। DR Plan का उद्देश्य **RTO (Recovery Time Objective)** को कम करना है ताकि सेवाएं जल्दी बहाल (Restore) हो सकें।

(iv) अनुपालन और सुरक्षा (Compliance & Security): बैंकिंग, मेडिकल और सरकारी क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए **Regulatory Compliance** (कानूनी नियम) होते हैं। DR Plan यह सुनिश्चित करता है कि डेटा सुरक्षित है और नियमों का पालन हो रहा है।

(v) प्रतिष्ठा प्रबंधन (Reputation Management): यदि किसी कंपनी की सर्विस लंबे समय तक ठप रहती है, तो ग्राहकों का भरोसा टूट जाता है। एक प्रभावी DR Plan **Brand Reputation** को बचाने में मदद करता है।

Types of DR Sites - Exam Important
(डिजास्टर रिकवरी साइट्स के प्रकार)

❖ जब मुख्य डेटा सेंटर (Primary Site) फेल हो जाता है, तो इन DR साइट्स का उपयोग किया जाता है। बैकअप साइट्स निम्न प्रकार की होती है—

(A) हॉट साइट (Hot Site)

✧ यह एक **Fully Equipped** डेटा सेंटर होता है जिसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर मुख्य साइट की तरह ही होते हैं।

✧ **Real-time Synchronization:** यहाँ डेटा लगातार (Real-time) मिरर (Mirror) होता रहता है।

✧ **Recovery Time:** बहुत कम (लगभग शून्य)। डिजास्टर के समय तुरंत इस पर स्विच (**Failover**) किया जा सकता है।

✧ **Cost:** यह सबसे **महंगा (Most Expensive)** होता है।

(B) कोल्ड साइट (Cold Site)

✧ यह केवल एक खाली जगह (Physical Space) होती है जहाँ बिजली और कूलिंग उपलब्ध होती है, लेकिन वहां **Server** या **Hardware** पहले से इंस्टॉल नहीं होते।

✧ डिजास्टर के बाद वहाँ हार्डवेयर ले जाना पड़ता है और डेटा रिस्टोर करना पड़ता है।

✧ **Recovery Time:** बहुत अधिक (कई दिन या सप्ताह लग सकते हैं)।

✧ **Cost:** यह सबसे **सस्ता (Cheapest)** विकल्प है।

(C) वार्म साइट (Warm Site)

✧ यह Hot और Cold साइट के बीच का विकल्प है।

✧ यहाँ हार्डवेयर और नेटवर्क कनेक्टिविटी उपलब्ध होती है, लेकिन **डेटा Real-time में अपडेट नहीं** होता। बैकअप टेप या क्लाउड से डेटा को **Restore** करने की आवश्यकता होती है।

✧ **Recovery Time:** कुछ घंटे या 1-2 दिन।

Disaster Recovery के लिए उठाए जाने वाले निवारक कदम

❖ Server room में authorized level होना चाहिए। उदाहरण के लिए—किसी भी समय केवल IT कार्मिकों को ही Server Room में प्रवेश करने की अनुमति होनी चाहिए।

❖ Server Room में Fire alarm, humidity sensor, flood sensor और temperature (तापमान) sensor होना चाहिए।



Fire Sensor | Flood Sensor | Temperature & Humidity

❖ सर्वर लेबल पर, RAID System का हमेशा उपयोग किया जाना चाहिए और Server room में हमेशा एक **spare hard disk** होनी चाहिए।

❖ आपके पास Backup होना चाहिए। यह आमतौर पर स्थानीय और **off-site backup** के लिए अनुशंसित है। इसलिए आपके Server room में एक **NAS** होना चाहिए।

❖ Backup **समय-समय** पर होना चाहिए।

❖ मुख्यालय में **एक** या **अधिक इंटरनेट लाइनें** होनी चाहिए। एक primary और एक secondary device के साथ जो **redundancy** प्रदान करता है।

❖ यदि आप एक enterprise है, तो आपके पास एक Disaster recovery site होनी चाहिए जो आमतौर पर मुख्य साइट के शहर से बाहर स्थित होती है या अन्य भूकम्पित क्षेत्र में होनी चाहिए इसका मुख्य उद्देश्य stand-by के रूप में होना है, क्योंकि disaster के किसी भी मामले में यह डेटा की replicates (प्रतिकृति) और Backup (बैकअप) लेता है।

Important Technical Key-terms
(महत्वपूर्ण तकनीकी शब्दावली)

1. Failover (फेलओवर):

✧ जब प्राइमरी सिस्टम फेल हो जाता है, तो ऑटोमैटिक या मैनुअल तरीके से **Secondary (Backup) System** पर शिफ्ट होने की प्रक्रिया को **Failover** कहते हैं।

2. Failback (फेलबैक):

✧ जब प्राइमरी सिस्टम ठीक हो जाता है, तो सेकेंडरी सिस्टम से वापस प्राइमरी सिस्टम पर शिफ्ट होने की प्रक्रिया को **Failback** कहते हैं।

3. Redundancy (रिडंडेंसी):

✧ सिस्टम के फेल होने से बचने के लिए एक जैसे (Duplicate) कंपोनेंट्स (जैसे- Power Supply, Hard Disk, Server) का उपयोग करना। उदाहरण: **RAID** का प्रयोग करना।

4. Backup vs Disaster Recovery:

✧ **Backup:** डेटा की कॉपी बनाना।

✧ **DR:** उस कॉपी का उपयोग करके सर्वर और सर्विस को दोबारा चालू करना।

RAID (Redundant Array of Independent Disks):

❖ RAID कई सारी **हार्डडिस्क को एक साथ** जोड़कर एक 'टीम' बनाने की तकनीक है, ताकि डेटा सुरक्षित रहे और कम्प्यूटर तेजी से काम करें।

17. RAID का उपयोग बैकअप सिस्टम में क्यों किया जाता है?
(A) केवल स्टोरेज क्षमता बढ़ाने के लिए।
(B) डिस्क फेलियर से सुरक्षा हेतु।
(C) डेटा को वायरस मुक्त रखने के लिए।
(D) इसे पोर्टेबल बनाने के लिए।

18. Disaster Recovery Plan में "Failback" का क्या अर्थ है?
(A) प्राइमरी सिस्टम फेल होने पर सेकेंडरी पर जाना।
(B) Workload को वापस Primary system पर भेजना।
(C) बैकअप डेटा को डिलीट करना।
(D) हॉट साइट को बंद करना।

19. Offsite Backup का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(A) इंटरनेट का उपयोग बढ़ाना।
(B) डेटा एक्सेस को धीमा करना।
(C) लोकल हार्ड डिस्क की जगह भरना।
(D) भौगोलिक आपदा से सुरक्षा।

20. "Data Carving" तकनीक का उपयोग रिकवरी में कब किया जाता है?
(A) Raw बाईट द्वारा डाटा रिकवर हेतु।
(B) जब फाइल सिर्फ रिसाइकिल बिन में हो।
(C) जब हार्ड डिस्क में हेड क्रैश हो गया हो।
(D) जब पासवर्ड भूल गए हों।

21. एक कंपनी रविवार (Sunday) को Full Backup लेती है और बाकी दिन Incremental Backup लेती है। यदि गुरुवार (Thursday) को सिस्टम क्रैश हो जाता है, तो रिस्टोर करने के लिए किन फाइलों की आवश्यकता होगी?
(A) Sunday Full + Wednesday Incremental
(B) Sunday Full + Thursday Incremental
(C) Sunday Full + Mon से Thu के Incremental Backups
(D) केवल Sunday Full Backup

22. "Differential Backup" के संदर्भ में Restore Process के लिए सही कथन चुनें:
(A) रिस्टोर करने के लिए Full Backup और उसके बाद के सभी Differential Backups की आवश्यकता होती है।
(B) रिस्टोर करने के लिए केवल Last Full Backup और Latest (Last) Differential Backup की आवश्यकता होती है।
(C) यह Incremental Backup की तुलना में रिस्टोर करने में धीमा (Slower) होता है।
(D) इसमें डेटा रिस्टोर करना संभव नहीं है।

23. "Bare Metal Recovery" एक महत्वपूर्ण DR तकनीक है। इसका क्या अर्थ है?
(A) केवल OS को रिस्टोर करना।
(B) Empty hardware पर Full system restore करना।
(C) मेटल डिस्क से डेटा रिकवर करना।
(D) केवल एप्लीकेशन डेटा को रिकवर करना।

24. Disaster Recovery में MTTR मीट्रिक क्या दर्शाता है?
(A) दो फेलियर के बीच का औसत समय।
(B) हार्ड डिस्क की लाइफस्पैन।
(C) डेटा बैकअप लेने में लगने वाला समय।
(D) सिस्टम रिकवरी में लगने वाला औसत समय।

25. "Hot Site" सबसे महंगी DR साइट होती है, इसका मुख्य तकनीकी कारण क्या है?
(A) यह शहर के बीच में होती है।
(B) Real-time sync और immediate failover सुविधा।
(C) इसमें अधिक कर्मचारी काम करते हैं।
(D) इसमें केवल SSD स्टोरेज का उपयोग होता है।

26. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—

सूची-I (Backup Type)	सूची-II (Property)
(a) Full Backup	(i) रिस्टोर सबसे धीमा (Slowest Restore)
(b) Incremental Backup	(ii) सबसे ज्यादा स्टोरेज स्पेस लेता है
(c) Differential Backup	(iii) Full Backup + Last Changes का बैकअप
(d) Mirror Backup	(iv) Exact Replica (डिलीट होने पर रिस्क)

कूट (Code):
(A) a-ii, b-i, c-iii, d-iv (B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(C) a-ii, b-iii, c-i, d-iv (D) a-iii, b-i, c-ii, d-iv

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें(True/False)—
1. **SSD** में HDD की तुलना में Backup और Restore तेज होता है।
2. **Cloning/Imaging** का उपयोग हार्ड ड्राइव के फेल होने पर उसके डेटा की बिट-बाय-बिट कॉपी (Bit-by-bit Copy) बनाने के लिए किया जाता है।

सही विकल्प चुनें—
(A) केवल 1 सही है। (B) केवल 2 सही है।
(C) 1 और 2 दोनों सही हैं। (D) दोनों गलत हैं।

28. अभिकथन (Assertion A): Incremental Backup सबसे तेज बैकअप मेथड है और सबसे कम स्टोरेज स्पेस लेता है।
कारण (Reason R): क्योंकि यह केवल उन फाइलों का बैकअप लेता है जो पिछले बैकअप (चाहे Full हो या Incremental) के बाद बदली गई हैं।
(A) A और R दोनों सही हैं, और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है, लेकिन R गलत है।
(D) A गलत है, लेकिन R सही है।

29. SAN का उपयोग Enterprise Level पर बैकअप के लिए किया जाता है क्योंकि—
(A) Block-level access और तेज बैकअप
(B) यह सस्ता है।
(C) यह केवल पेन ड्राइव को सपोर्ट करता है।
(D) यह वायरस प्रूफ है।

उत्तरमाला

17.(B)	18.(B)	19.(D)	20.(A)	21.(C)	22.(B)	23.(B)	24.(D)	25.(B)	26.(A)
27.(C)	28.(A)	29.(A)							

4 Hacking and Ethical Hacking [हैकिंग एवं एथिकल हैकिंग]

- **Hacking** एक तकनीकी प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य किसी **Computer System**, **Network** या **Application** की सुरक्षा खामियों **(Security Vulnerabilities)** या **Loop Holes** की पहचान करना और उनका फायदा उठाकर उस **सिस्टम में Unauthorized Access** (अनाधिकृत प्रवेश) प्राप्त करना है।
- इसका उद्देश्य डेटा चोरी करना **(Data Theft)**, सिस्टम को नुकसान पहुँचाना **(Damage)**, या सिस्टम की सुरक्षा को मजबूत करना **(Security Hardening)** हो सकता है।
- सिस्टम पर **Control** (नियंत्रण) स्थापित करने के बाद हैकर उस सिस्टम को लॉक कर सकता है, डेटा को **Modify** (बदल) सकता है, या संवेदनशील जानकारी **(Sensitive Information)** चुरा सकता है।

हैकिंग के चरण (Phases of Hacking)

- एक हैकर (चाहे एथिकल हो या मैलिशियस) आमतौर पर सिस्टम को हैक करने के लिए एक व्यवस्थित प्रक्रिया (**Systematic Process**) का पालन करता है उसके Steps निम्नानुसार हैं—
  - **Reconnaissance (फुटप्रिंटिंग/रेकी):** यह First Step चरण है जिसे **Information Gathering** भी कहा जाता है। इसमें हैकर टारगेट के बारे में जानकारी (IP Address, Domain Details, Employee Info) इकट्ठी करता है। यह **Active** (सीधे इंटरैक्ट करना) या **Passive** (बिना पता चले जानकारी जुटाना) हो सकती है।
  - **Scanning (स्कैनिंग):** इसमें तकनीकी टूल्स (जैसे **Nmap**, **Zenmap**) का उपयोग करके नेटवर्क को स्कैन किया जाता है ताकि **Open Ports**, **Live Systems** और **Operating System (OS)** का पता लगाया जा सके।
  - **Gaining Access (एक्सेस प्राप्त करना):** यह वास्तविक हैकिंग का चरण है। स्कैनिंग में मिली Vulnerabilities का उपयोग करके हैकर सिस्टम में **Entry** करता है और **Unauthorized Access** प्राप्त करता है।
  - **Maintaining Access (एक्सेस बनाए रखना):** सिस्टम में घुसने के बाद, हैकर वहां अपनी पकड़ मजबूत करता है। वह **Backdoors**, **Trojans** या **Rootkits** इंस्टॉल कर देता है, ताकि यूजर द्वारा सिस्टम रीस्टार्ट करने पर भी हैकर का कनेक्शन बना रहे।
  - **Clearing Tracks (सबूत मिटाना):** पकड़े जाने से बचने के लिए हैकर अपनी गतिविधियों के निशान मिटाता है। इसमें **Log Files** को डिलीट करना, **Registry** को मॉडिफाई करना या **Timestamp** बदलना शामिल है।
- **Hacker: Hacker** वह व्यक्ति है जो computer systems और networks की **vulnerabilities**, **security flaws**, और **protocol weaknesses** को समझने और analyze करने में expert होता है तथा इनका उपयोग authorized या unauthorized उद्देश्यों के लिए कर सकता है।
- **Cracker: Cracker** वह व्यक्ति है जो किसी system, software या security mechanism को **breach / bypass** करके illegal access प्राप्त करता है और malicious कार्य करता है, जैसे software cracking, password breaking, और unauthorized intrusion।
- हैकिंग करने वाले व्यक्ति को **हैकर** (Hacker) कहा जाता है। ये हैकर कम्प्यूटर के दक्ष जानकार होते है क्योंकि ये दूसरे के कम्प्यूटर से आसानी से डाटा चुरा लेते हैं। हैकर निम्नलिखित प्रकार के होते हैं—

1. **ब्लैक हैट हैकर्स (Black Hat Hackers)**
   - इन्हें तकनीकी दुनिया में **Crackers** भी कहा जाता है।
   - ये वे हैकर्स होते हैं जो सिस्टम के मालिक की अनुमति के बिना **(Without Permission)** सिस्टम में **Enter** करते हैं।
   - इनका उद्देश्य हमेशा **Malicious** (बुरा) होता है। ये अपने फायदे के लिए काम करते हैं और दूसरों का नुकसान करते हैं।
   - ये आपके **Personal Data** (जैसे Corporate Data, Fund Transaction Details, ATM/Credit Card Details) को चुरा लेते हैं।
   - अक्सर ये डाटा चोरी करने या सिस्टम को लॉक करने के बाद यूजर की मजबूरी का फायदा उठाकर **Ransom (फिरौती)** मांगते हैं।
2. **व्हाइट हैट हैकर्स (White Hat Hackers)**
   - इन्हें **Ethical Hackers** के नाम से जाना जाता है।
   - ये **Black Hat Hackers** के बिल्कुल विपरीत काम करते हैं और **सिस्टम को सुरक्षित बनाने** में मदद करते हैं।
   - ये सिस्टम के मालिक से लिखित अनुमति (**Permission**) लेकर सिस्टम की **Security** को चेक करते हैं।
   - इनका मुख्य काम यह पता लगाना होता है कि सिस्टम या नेटवर्क की सिक्योरिटी कितनी मजबूत है और क्या उसे आसानी से तोड़ा जा सकता है या नहीं।
   - ये सिस्टम में मौजूद कमियों (Loop Holes) को ढूंढकर उन्हें ठीक (**Patch**) करते हैं ताकि कोई बाहरी व्यक्ति नुकसान न पहुँचा सके।
3. **ग्रे हैट हैकर्स (Grey Hat Hackers)**
   - ये **Black Hat** और **White Hat** दोनों का मिश्रण (Combination) होते हैं।

40. अभिकथन (Assertion A): "Worm" वायरस की तुलना में नेटवर्क के लिए अधिक खतरनाक हो सकता है।
कारण (Reason R): क्योंकि Worm को फैलने के लिए किसी यूजर एक्शन (Human Interaction) या होस्ट फाइल की जरूरत नहीं होती, यह नेटवर्क बैंडविड्थ को बहुत तेजी से कंज्यूम (Consume) करता है।
(A) A और R दोनों सही हैं, और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है, लेकिन R गलत है।
(D) A गलत है, लेकिन R सही है।

41. "Penetration Testing" और "Vulnerability Assessment" में क्या अंतर है?
(A) Vulnerability Assessment केवल कमियों की पहचान करता है, जबकि Penetration Testing उन कमियों का फायदा उठाकर (Exploit करके) वास्तविक रिस्क को मापता है।
(B) दोनों एक ही प्रक्रिया के दो नाम हैं।
(C) Vulnerability Assessment में हैकिंग की अनुमति नहीं होती।
(D) Penetration Testing केवल हार्डवेयर पर होती है।

42. कथन 1: "Hacking" का अर्थ हमेशा डेटा चोरी करना या नुकसान पहुँचाना ही होता है।
कथन 2: "Ethical Hacking" का उद्देश्य सिस्टम की सुरक्षा को मजबूत (Security Hardening) करना है।
(A) केवल कथन 1 सही है। (B) केवल कथन 2 सही है।
(C) दोनों कथन सही हैं। (D) दोनों कथन गलत हैं।

43. "Blue Box" डिवाइस का संबंध किस प्रकार की हैकिंग से था?
(A) WiFi Hacking (B) Server Hacking
(C) Phreaking (D) Credit Card Cloning

44. हैकर "IP Spoofing" का उपयोग "DDoS Attack" में क्यों करता है?
(A) असली सोर्स लोकेशन को छुपाने हेतु।
(B) नेटवर्क बैंडविड्थ को बढ़ाने हेतु।
(C) डेटा को एन्क्रिप्ट करने हेतु।
(D) सिस्टम को रीबूट करने हेतु।

45. "Logical Bomb" किस प्रकार की सुरक्षा घटना (Security Incident) का उदाहरण है?
(A) बाहरी नेटवर्क अटैक (External Attack)
(B) आंतरिक सुरक्षा खतरा (Insider Threat)
(C) सोशल इंजीनियरिंग (Social Engineering)
(D) फिजिकल डिवाइस चोरी (Physical Theft)

Previous Year Competitive Exam Questions

1. Hacktivism is— [Basic Computer Instructor 18.06.2022]
(A) a process of break into systems and dig out its information and make it public.
(B) gaining access to systems with an intention to fix the identified weaknesses.
(C) a test technique for an existing internet infrastructure and to find its loopholes.
(D) the act of hacking a computer system, for politically or socially motivated purpose.
हैक्टिविजम ..... है।
(A) सिस्टम में सेंध लगाने और इसकी जानकारी प्राप्त कर सार्वजनिक करने की एक प्रक्रिया।
(B) पहचानी गई कमजोरियों को ठीक करने के इरादे से सिस्टम तक पहुँच प्राप्त करना।
(C) मौजूद इंटरनेट ढाँचे एवं इसकी खामियों को खोजने की एक परीक्षण तकनीक है।
(D) राजनीतिक या सामाजिक उद्देश्य से प्रेरित कम्प्यूटर सिस्टम को हैक करने का कार्य है।

2. Identify the oldest phone hacking technique used by hackers to make free calls? [Basic Computer Instructor 18.06.2022]
(A) Spamming (B) Phreaking
(C) Cracking (D) Phishing
सबसे पुरानी फोन हैकिंग तकनीक की पहचान करें, जिसका उपयोग हैकर्स मुफ्त कॉल करने के लिए करते हैं—
(A) स्पैमिंग (B) फ्रीकिंग (C) क्रेकिंग (D) फिशिंग

3. Which one of the following is usually used in the process of Wi-Fi hacking?
निम्नलिखित में से कौनसा Wi-Fi hacking की प्रक्रिया में उपयोग होता है? [Basic Computer Instructor 18.06.2022]
(A) Aircrack - ng (B) Wireshark
(C) Norton (D) उपरोक्त सभी

4. निम्न में से कौनसी रिकवरी तकनीक नहीं है ? [Raj. IA Exam 2018]
(A) डैफर्ड अपडेट (B) इमिजिएट अपडेट
(C) टू-फेस कमिट (D) रिकवरी मैनेजमेंट

5. सिस्टम पर पड़ने वाला थ्रेट का अत्यधिक प्रभाव इसके ..... के रूप में जाना जाता है। [IBPS RRB Officer Scale–I 2015]
(A) डैंजर पोटेंशियल (B) डिग्री ऑफ हार्म
(C) सस्सेटिबिलिटी (D) वल्नरेबिलिटी

उत्तरमाला

40.(A)	41.(A)	42.(B)	43.(C)	44.(A)	45.(B)				
					1.(D)	2.(B)	3.(A)	4.(C)	5.(A)

UNIT-VIII : DATABASE MANAGEMENT SYSTEM

1 Database Management System [डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम]

An Overview of Database Management System

Data (डाटा)

- Data एक प्रकार की **जानकारी या तथ्य** (fact) होते हैं, जिन्हें संग्रहित (Store), प्रोसेस (Process) एवं विश्लेषण (Analysis) किया जा सकता है। डेटा एक ऐसी इकाई है जो Raw material के रूप में होता है। डेटा संख्यात्मक (Numerical), शाब्दिक (Texture), ऑडियो (audio), दृश्य (Visual) आदि प्रकार का होता है।
  उदाहरण – 500 kg, PANKAJ, RAM आदि।
- डेटा हमेशा **अर्थहीन (Meaningless), अव्यवस्थित (unorganised)** एवं **अनप्रोसेस्ड (Unprocessed)** होता है।
  नोट :—डेटा प्रोसेस होने के बाद सूचना (Information) में बदल जाता है।
- डेटा को प्रोसेस करके सूचना (Information) में बदला जाता है।
- डेटा की प्रोसेसिंग निम्नानुसार होती है :-
  DIKW:-



- **सूचना (Information):-** प्रोसेस किए गए (Processed) व्यवस्थित डेटा (organized data) को सूचना कहा जाता है।
  जैसे—

Name	Address	Mob. No.
Bhumika	Bikaner	10203040

- **ज्ञान (Knowledge) :** प्रोसेस की गई सूचना का प्रयोग करके Knowledge प्राप्त किया जाता है।

Database (डेटाबेस)

- डेटाबेस किसी भी **संबंधित Data का store** है। डेटाबेस डेटा का एक संगठित संग्रह (organised collection) है, जिसमें डेटा को इस प्रकार से स्टोर (store) किया जाता है कि उस Data को **आसानी से एक्सेस (access), प्रबंधित (Manage)** एवं **संशोधित (Modify)** किया जा सकता है।
- डेटाबेस व्यवस्थित डेटा (Organised data) या जानकारी का एक संगठित संग्रह (organised collection) है, जिसे **स्ट्रक्चर्ड डेटा** (Structured data) भी कहा जाता है।
- Database डेटा को table में organise करता है जो rows और column के रूप में होती है।
- डेटाबेस का उपयोग बड़े पैमाने पर डेटा को व्यवस्थित एवं सुरक्षित रखने हेतु किया जाता है।
- एक Database Consolidate (समेकित), logical रूप से Manage, स्वाभाविक सार्थक Data और Real data का संग्रह है।

डेटाबेस के प्रकार (Types of Database):

1. **Relational Database (रिलेशनल डेटाबेस)**
   - रिलेशनल डेटाबेस में डेटा tables के रूप में स्टोर होता है और टेबल्स के बीच संबंध (relationships) बनाए जाते हैं।
     उदाहरण - **MySQL, PostgreSQL, Oracle**
2. **Non-Relational Database (नॉन-रिलेशनल डेटाबेस)**
   - नॉन रिलेशनल डेटाबेस में डेटा को टेबल्स के बजाय अन्य फॉर्मेट्स (जैसे– JSON, ग्राफ, डॉक्यूमेंट) में स्टोर किया जाता है।
     उदाहरण - **MongoDB, Cassandra**
3. **Hybrid Database (हाइब्रिड डेटाबेस)**
   - हाइब्रिड डेटाबेस रिलेशनल और नॉन-रिलेशनल दोनों प्रकार के डेटाबेस की विशेषताओं को मिलाकर काम करता है।
4. **Cloud Database (क्लाउड डेटाबेस)**
   - यह डेटाबेस इंटरनेट पर आधारित होता है और क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर्स द्वारा होस्ट किया जाता है।
     उदाहरण - **Amazon RDS, Google Cloud SQL**

File System (फाइल सिस्टम)

- फाइल सिस्टम कम्प्यूटर में फाइलों को मैनेज करने हेतु प्रयुक्त होता है।
- फाइल सिस्टम ऑपरेटिंग सिस्टम के फाइल मैनेजमेंट मॉड्यूल का उपयोग करके डेटाबेस को Create और Maintain करता है, इसमें डेटाबेस मैनेजमेंट हेतु यूजर को प्रोग्राम लिखने होते थे।
- फाइल सिस्टम छोटी साईज की Files (जैसे - KB, MB) को स्टोर करने हेतु अच्छा होता है लेकिन बडी साईज की Files को मैनेज करना कठिन होता है, इस हेतु DBMS का use होता है।
- फाइल सिस्टम की निम्नलिखित कमियाँ है—
  1. **Redundancy (data duplication) :** फाइल System में जब यूजर डेटा को अलग-अलग फाइलों में मैनेज करता है तो जो कॉमन डेटा होता है जैसे - Name, Address को सभी Files में स्टोर करना पड़ता है जिससे समान डाटा कई लोकेशन पर होने से वो duplicate या redundant हो जाता है।

❖ **One to Many Relationship (1:M) :** यह रिलेशनशिप तब होती है जब **entity A का एक instance, entity B के बहुत सारे instance के साथ जुड़ा** होता है अर्थात् जब एक entity का single element दूसरी entity के एक से अधिक elements के साथ associated है। जैसे – Tree

उदाहरण—एक Employee एक organisation में कार्य करता है, एक organisation के पास अनेक employee हो सकते हैं।



❖ Many Side Mapping को * Symbol द्वारा भी Represent किया जाता है।

❖ **Many to One Relationship (M:1):** इस रिलेशनशिप में **entity A के बहुत सारे instance, entity B के केवल instance** के साथ जुड़ा होता है। जब एक entity के एक से अधिक element दूसरी entity के single element से related हो तब Many to one Relationship होती है।

उदाहरण—Real world में, एक student एक course का चयन कर सकता है और वह एक साथ किसी दूसरे कॉलेज में नहीं पढ़ सकता है जबकि एक कॉलेज में बहुत सारे students पढ़ते हैं तो इसे हम many to one कहेंगे।

❖ **Many to Many Relationship (M:M) :** यह रिलेशनशिप तब होती है जब Entity A के बहुत सारे instance, Entity B के बहुत सारे instance के साथ जुड़ा होता है अर्थात् एक entity के एक से अधिक Element दूसरी Entity के एक से अधिक Elements के साथ associated हो।

DBMS के विभिन्न Elements एवं component के Symbol-

E-R Diagram को represent करने हेतु symbol

Sr. No.	Name	Symbol	Representation in DBMS
1.	Rectangle		Entity
2.	Double Rectangle		Weak Entity
3.	Diamond		Relationship
4.	Lines	या	Entity to Relationship Entity to Attribute
5.	Ellipse		Attribute
6.	Double Ellipse		Multivalued Attribute
7.	Dashed Ellipse		Derived Attribute
8.	Double Diamond		Identifying Relationship
9.	Ellipse with Line		Key Attribute (Primary Key)
10.	Ellipse with Dashed Line		Partial Key (Weak entity के लिए बनती है)
11.	Double Line		Total Participation
12.	Ellipse connect with another Ellipse		Composite Attribute

नोट:–

(i) [Derived Attribute] के लिए [ ] bracket (कोष्ठक) का प्रयोग textual schema लिखते समय किया जाता है।

(ii) [Multivalued Attribute] के लिए { } bracket (कोष्ठक) का प्रयोग भी textual Schema लिखते समय किया जाता है।

Degree of Relationship in DBMS
(DBMS में रिलेशनशिप की डिग्री)

❖ DBMS में Degree of Relationship किसी रिलेशन (Relationship) में शामिल एंटिटी टाइप्स (Entity Types) की संख्या को दर्शाती है। यह बताता है कि डेटाबेस में टेबल्स (Entities) के बीच संबंध (Relationship) कैसे और कितने प्रकार से जुड़े हुए हैं।

Relationship की डिग्री के प्रकार
(Types of Degree of Relationship):

1. Unary Relationship:

✧ यह एक ही एंटिटी (Entity) का खुद के साथ संबंध दर्शाता है।

✧ इसे Recursive Relationship भी कहा जाता है।



Simple Attribute

- वह attribute जिसे **और छोटे भागों में break नहीं किया जा सकता**, उसे simple attribute कहते हैं।
  Example: Age, Salary, RollNo
- ये एक ही single value हैं → break नहीं होते है।

Stored Attribute

- वह attribute जिसकी **value database** में **सीधे stored होती है**, उसे stored attribute कहा जाता है।
  Example: Date of Birth, Basic Salary, Marks obtained
  इनसे ही derived attributes calculate होते हैं।

Non-Key Attribute

- वह attribute जो **किसी भी candidate key का हिस्सा नहीं** होता है।
  Example: Student Name, City, Gender, Department Name
- नाम unique नहीं होता → non-key attribute

Null Attribute

- वह attribute जिसकी value **अज्ञात (unknown), उपलब्ध नहीं (not available), या लागू नहीं (not applicable)** हो।
  Example:
  - Middle Name (कुछ लोगों के पास नहीं होता)
  - Apartment No (गाँव में नहीं होता)
  - Passport Number (हर किसी के पास नहीं)
- NULL का मतलब zero या blank नहीं है। DBMS NULL एक मार्कर है जो यह दर्शाता है कि **डाटा उपलब्ध** नहीं है या अज्ञात **(unknown)** है।

Composite Key Attribute

- Composite key के भागों में आने वाले सभी attributes composite key attributes कहलाते हैं।
  Example:
  Order Table: (OrderID + ProductID)
  दोनों attributes मिलकर composite key बनाते हैं।
  Example:
  R एक relation है R (A, B, C, D, E, F)
  Candidate key = (A, DE, F)
  Prime attributes = (A, D, E, F)
  Non-prime attributes = (B, C)
  Simple Candidate key = (A, F)
  Compound Candidate key = (D, E)

Advantage of ER Model

- इस मॉडल को create करना बहुत ही आसान होता है। अगर आप entity और attributes के मध्य की relationship को जानते हैं तो आप ER diagram को आसानी से create कर सकते हैं।
- इस मॉडल के द्वारा database के structure को diagram में प्रस्तुत किया जाता है इसलिए इसमें relationship को समझना आसान है।
- यह database designers के लिए बहुत ही प्रभावी communication tool है।
- इस model को दूसरे models में convert करना बहुत ही easy है। इसे हम दूसरे models में आसानी से बदल सकते हैं।

Disadvantages of ER Model

- इस मॉडल को विकसित करने का कोई भी industry standard नहीं है। इसलिए एक developer के notation को दूसरा developer समझ नहीं सकता।
- इस model में कुछ information या data का loss या hide हो जाता है।
- इसमें data manipulation को show करना मुश्किल होता है।

Architecture of Database System

Database Management System Architecture (डेटाबेस मैनेजमेन्ट सिस्टम आर्किटेक्चर)

- Database System Architecture (डेटाबेस सिस्टम आर्किटेक्चर) वो ढांचा (Structure) है जो यह निर्धारित करता है कि डेटाबेस सिस्टम कैसे डिजाइन किया गया है, कैसे कार्य करता है और उपयोगकर्ताओं (Users) एवं डेटाबेस के बीच जानकारी का आदान-प्रदान कैसे होता है।
- DBMS Architecture डेटाबेस को परमानेन्ट स्टोर करने एवं user द्वारा डेटा को fetch करने के लिए use किया जाता है।
- DBMS Level आर्किटेक्चर **Level of Abstraction** के सिद्धांत पर आधारित होता है।
- DBMS Architecture इस बात पर निर्भर करता है कि user अपने request को प्राप्त करने के लिए Database से कैसे जुड़े हैं।
- Database Size, Number of Users एवं Users Relationship जैसे विभिन्न Factors के आधार पर Database Architecture चुना जाता है।

Types of DBMS Architecture

Tier Architecture (टियर आर्किटेक्चर)

- टियर आर्किटेक्चर DBMS की उस structure का वर्णन करता है जिसमें यूजर एवं डेटाबेस के बीच कई परतें (Levels) होती हैं।

किसी नये field को add किया जाता है। Field की size को change किया जाता है या किसी field को delete किया जा सकता है। Database operation और maintenance में निम्न कार्य किया जाता है—

(a) Monitor Database Performance.
(b) Tune and Recognize Database DBA.
(c) Enforce Standard and Procedure.
(d) Support User.

(6) Testing and Evaluation:

इसमें यूजर के द्वारा दिए गये डेटाबेस को Validate करना, Error testing एवं routine maintenance activity शामिल है। Maintenance activity निम्नानुसार होती है—

- ✧ Preventive Maintenance (backup)
- ✧ Corrective Maintenance (recovery)
- ✧ Adaptive Maintenance (enhancing performance adding entities and attributes)

(7) Growth and Change :

किसी organization में जब किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है। तब इसे database में change करना होता है। इस प्रकार का Change Database Administrator के through किया जाता है। किसी प्रकार के change के लिए एक plan prepare किया जाता है। इसके निम्न कार्य होते हैं—

(a) Implement Change Control Procedure.
(b) Plan Growth and Change.
(c) Evaluate New Technology.

Manipulating Data

- ❖ Database में उपस्थित data को **user की आवश्यकतानुसार तैयार** करना data manipulating कहलाता है।
- ❖ डाटा मैन्यूप्लेशन डाटा में बदलाव करने की प्रोसेस है।
- ❖ Data को manipulate करने के लिए user द्वारा जिस language को उपयोग में लिया जाता है उसे DML (Data Manipulation Language) कहा जाता है।
- ❖ DML का उद्देश्य डेटा के structure पर काम करने के बजाय केवल Table के अंदर मौजूद Process (डेटा) पर काम करना है।
- ❖ Data Manipulation हेतु प्रयुक्त विभिन्न कमाण्ड्स का description आगे इसी unit में SQL में दिया गया है। उन्हीं कमाण्ड्स का use करके डेटा को Manupulate किया जाता है।
- ❖ SQL, Relational Algebra का ही एक Implementation है Relational Algebra में निम्न Symbol उपयोग किए जाते है—
  1. **Select (σ-सिग्मा):** Row को चुनने के लिए (SQL में WHERE)
  2. **Project (π-पाई):** Columns को चुनने के लिए (SQL में SELECT)
  3. **Union (⋃):** दो tables का data मिलाने के लिए (जो दोनों में हो)
  4. **Set difference (–):** जो पहली table में है पर दूसरी में नहीं
  5. **Cartesian Product (×):** दो tables का गुणा (Cross Join)
  6. **Rename (ρ-रो):** table का नाम बदलने के लिए
  7. **⋂ (Intersection):** दो tables का Common data
  8. **/, % (Division):** first table के उस result को display करता है जो कि second table में fully participate हो।
- ❖ ये Symbol निम्न प्रकार के operator के under आते है:
  1. Unary operators = Select (σ), Project (π) केवल एक table पर काम करते है
  2. Binary operators = Union (⋃), Set Difference (–), Cartesian product (×), Rename (ρ)
  3. Join operators = Natural Join (⋈), Outer Joins.
- ❖ इस सभी operation का उपयोग relational database को manipulate (हेरफेर) करने के लिए किया जाता है।

  Example–Table X = 4 Rows
  Table Y = 3 Rows
  तो Cartesian product (×) होगा
  Total Rows = Rows Table 1 × Rows Table 2
  Total Rows = 3 × 4 = 12
- ❖ **Intersection (⋂):** जो दो table में Common हो
- ❖ **Union (⋃) :** दो table का सारा data (बिना डुप्लीकेट के)
- ❖ **Set difference (–):** table 1 में से वो हटा दो जो table 2 में भी है।
  (i) R-S ≠ S-R (Commutative Property Follow नहीं होती है।)
  (ii) (R-S)-T ≠ R-(S-T) (Associative Property Follow नहीं होती है।)
- ❖ R-ϕ = R [यहाँ पर ϕ Empty Set है।]
- ❖ ϕ-R = ϕ
- ❖ R-S = R ∩ S' [S' (S-complement) वो element जो S में नहीं है।]
- ❖ **Distributive Law:**
  R-(S⋃T) = (R-S) ⋃(R-T)
  R-(S⋂ T) = (R-S) ⋂ (R-T)
- ❖ यदि $R \subseteq S$ तो R-S = ϕ अन्यथा $(R - S) \subseteq R$
- ❖ **Natural Join (⋈):** यह दो table को Common Attribute के आधार पर जोड़ता है। केवल वही Row आती है जिनकी Value दोनों table में match (मैच) करती है।

SQL

SQL (Structured Query Language)

- ❖ SQL का पूरा नाम **Structured Query Language** (स्ट्रक्चर्ड क्वैरी लैंग्वेज) है। यह एक ANSI (American National Standards Institute) Standard language है।
- ❖ SQL एक Computer programming भाषा है, जिसके द्वारा RDMS (Relational Database) में Structured Data को मैनेज किया जाता है।
- ❖ SQL एक मानक भाषा है, जिसका उपयोग DBMS में डेटा को Store, Edit और Manage करने हेतु किया जाता है, SQL का उपयोग Relational database में Data को carry, अपडेट, delete और access करने के लिए किया जाता है।
- ❖ SQL, RDBMS की एक स्टैण्डर्ड लैंग्वेज है जो किसी Relational

database को ऑर्गेनाइज करने, उसमें उपस्थित डाटा को मैनेज करने एवं रिलेशनल डाटा बेस में से डाटा रिट्राइवल हेतु प्रयुक्त होती है।

- SQL Programming language को पहली बार IBM के शोधकर्ताओं Raymond Boyce and Donald Chaberlin द्वारा डेवलप किया गया था। पहले इसे SEQUEL कहा जाता था, जिसे बाद में बदल कर SQL रख दिया गया।
- IBM ने SQL का original version 1970 में विकसित किया जिसका नाम SEQUEL था। SEQUEL का पूरा नाम **Structure English Query Language** था। Dr. E.F. Codd के relational algebra paper के base पर ही IBM ने SEQUEL को विकसित किया।
- SQL एक **Non-Procedural Language** है, जो कि Predefine SQL की Fix Command पर काम करती है। Non-Procedural language का मतलब इसको यह नहीं बताना होता है कि हमें क्या करना है, कैसे करना है?
- SQL एक **डिक्लिरेटिव लैंग्वेज (Declarative language)** है।
- SQL एक Domain Specific Language है, जो कि सिर्फ Relational DB पर काम करती है अन्य किसी Domain पर काम नहीं करती है।
- SQL एक Case-In-Sensitive Language है। मतलब इसमें Small या Capital letter में कोई difference नहीं होता है।
- MY SQL में Table का नाम Case-Sensitive होता है जबकि ORACLE में Table का नाम Case-Insensitive होता है।
- 1986 में SQL का पहला version SQL-86 विकसित किया गया।
- SQL के विभिन्न संस्करण SQL-86, SQL-89, SQL-92 एवं SQL-2003 आदि हैं।



- SQL केवल एक डाटाबेस query लैंग्वेज नहीं है, बल्कि अपने आप में एक स्टैण्डर्ड है। इसकी भाषाएं निम्नानुसार है–

(i) DDL (Data Definition Language)
(ii) DML (Data Manipulation Language)
(iii) DCL (Data Control Language)

अधिकांशत Commercial database (कॉमर्शियल डाटाबेस) जैसे Oracle, IBM, Microsoft भी SQL का प्रयोग ही करते हैं। SQL ऑयन सॉर्स जैसे MySQL, Postgres आदि के लिए भी उपयोगी है।

- वर्तमान में सभी Relational Database जैसे—
MS Access, Oracle तथा Microsoft SQL Server आदि SQL का ही उपयोग करते हैं।
- SQL का मुख्य उपयोग बहुत बड़े **Database को manage** (मैनेज) करने एवं उसमें **Information डालना निकालना** या **Delete करना** आदि कार्य हेतु किया जाता है।

(1) डेटाबेस भाषा (Database Language)

- किसी भी System में Database बनाने या maintain (सम्भालना) करने के लिए एक भाषा की आवश्यकता होती है, जिसे Database language कहते हैं।

यह भाषा (language) दो प्रकार की होती है—

(i) DDL (Data Definition Language)

- DDL की Full Form – Data Definition Language है, यह Conceptual Schema को define करने के लिए काम में लिया जाता है तथा इस बात की सूचना भी देता है कि Physical devices में इस प्रकार की Schema को कैसे Implement किया जाता है।
- DDL का उपयोग Database Object जैसे – table, user, views, indices को create एवं modify करने हेतु किया जाता है।
- DDL कमाण्ड डेटाबेस के Structure/Schema को परिभाषित करती है।
- DDL की सभी कमाण्ड Automatic Commit हो जाती है मतलब इसमें बदलाव automatic रूप से save हो जाती है।
- DDL कमाण्डस का उपयोग करने पर डेटा की संरचना (Structure) स्थायी रूप से बदल जाती है।

DDL की महत्त्वपूर्ण Commands निम्नानुसार है—

- **CREATE**–Create कमाण्ड Database में Object को create करने हेतु प्रयुक्त होती है। Create Command के द्वारा नया database, table, view, user को Create करते हैं।
- **ALTER – मौजूदा Database के Structure (संरचना) में परिवर्तन** करने के लिए उपयोग में लिया जाता है। इस कमाण्ड का उपयोग किसी टेबल में नया column जोड़ने, delete करने एवं modify करने में करते हैं।
- **DROP** – DROP कमाण्ड का उपयोग किसी डेटाबेस ऑब्जेक्ट जैसे : Table, view को **स्थायी रूप से हटाने**/हमेशा के लिए delete करने हेतु किया जाता है।
- **TRUNCATE** – TRUNCATE कमाण्ड का उपयोग Table के सभी data/record को स्थायी रूप से delete करने हेतु किया जाता है, लेकिन **Table का structure** बना रहता है, यह DELETE कमाण्ड की तुलना में तेज है क्योंकि यह data को Log किए बिना हटाता है।
- TRUNCATE एक DDL कमांड है। ज्यादातर database (जैसे SQL Server) में अगर इसे transaction के अंदर चलाया जाये, तो इसे **Rollback** किया जा सकता है। लेकिन Oracle में DDL, Auto Commit होता है इसलिए वहां Rollback नहीं हो सकता है।
- **RENAME** – इसका उपयोग Object को Rename करने हेतु होता है। इस कमाण्ड द्वारा Table का नाम Change कर सकते हैं।

SQL Command	Function (काम)
CREATE	नई table या database बनाता है
ALTER	Table की structure बदलता है (column add/remove/modify)
DROP	Table/database permanently delete करता है
TRUNCATE	Table का सारा data हटाता है लेकिन structure नहीं हटाता
RENAME	Table या object का नाम बदलता है
INSERT	Table में नया record जोड़ता है
UPDATE	Existing records को modify करता है
DELETE	Records delete करता है
SELECT	Data retrieve (fetch) करता है
WHERE	Records filter करता है
ORDER BY	Data को ascending/descending में sort करता है
GROUP BY	Rows को groups में divide करता है
HAVING	Grouped data पर condition apply करता है
DISTINCT	Duplicate records हटाकर unique values देता है
LIKE	Pattern matching करता है (%, _ operators)
BETWEEN	Range के बीच के data को select करता है
IN	Multiple values में से match चेक करता है
JOIN	दो या अधिक tables को जोड़ता है
INNER JOIN	Matching records ही दिखाता है
LEFT JOIN	Left table के सभी records + matching right records
RIGHT JOIN	Right table के सभी records + matching left records
FULL JOIN	दोनों tables के सभी records (match + non-match)
UNION	दो SELECT results को join करता है (duplicates हटाता है)
UNION ALL	दो SELECT results को join करता है (duplicates नहीं हटाता)
GRANT	User को permissions देता है
REVOKE	User से permissions हटाता है
COMMIT	Transaction को permanent save करता है
ROLLBACK	Transaction undo करता है
SAVEPOINT	Transaction में checkpoint बनाता है

- SQL क्वेरीज को "SELECT" स्टेटमेंट के साथ Execute किया जाता है। कई clauses की मदद से एक SQL Query अधिक स्पेसिफिक हो जाती है।
- FROM - यह टेबल को इंडिकेट करता है **जहाँ पर सर्च किया** जाएगा।
- WHERE - इसका उपयोग rows को डिफाइन करने के लिए किया जाता है, जिसमें सर्च किया जाएगा। सभी rows, जिसके लिए WHERE clause सच नहीं है, को बाहर रखा जाएगा।
- ORDER BY - SQL में रिजल्ट को शॉर्ट करने का एकमात्र तरीका है अन्यथा, वे एक रैंडम ऑर्डर में रिटर्न आ जाएंगे।

एक SQL क्वेरी उदाहरण→

```
SELECT * FROM
WHERE active
ORDER by LastName, FirstName
```

- **Basic SQL Structure** →

```
SELECT Column_name
FROM Table_name
WHERE Condition;
```

- SQL में Aggregate functions की list निम्नानुसार है–
  - COUNT ( ) : पंक्तियाँ Count करना
  - SUM ( ) : योग
  - AVG ( ) : औसत
  - MIN ( )/MAX ( ) : न्यूनतम/अधिकतम निकालना

No SQL

- No SQL का अर्थ है **"Not Only SQL".**
- No SQL डेटाबेस मुख्य रूप से उन applications के लिए use किया जाता है जहाँ **डाटा की संरचना (Structure) निश्चित नहीं होती एवं तेजी से बदलता** रहता है।
- No SQL डेटाबेस एक **Non-relational** तथा **Unstructured database** होता है, जिसमें डेटा को किसी Particular Structure (Table) में स्टोर नहीं किया जाता है।
- No SQL डेटाबेस डेटा के Large amount को store करने की क्षमता रखता है इसलिए यह Data Warehouse रूप में use होता है।
- यह बड़े पैमाने पर डेटा को Fast access और Process करता है।
- No SQL डेटाबेस को Horizontal Scaling के लिए डिजाइन किया गया है जहाँ सर्वर को जोड़कर डेटाबेस का आकार बढ़ाया जाता है।
- **स्केलिंग (Scaling)**–किसी मशीन की capacity को बढ़ाना Scaling कहलाता है।
  - **(i) Vertical Scaling**–वर्टिकल स्केलिंग की प्रोसेस में Existing Server मशीन पर कोई नया हार्डवेयर attach किया जाता है–जैसे–नई RAM, नई HD attach करना
  - **(ii) Horizontal Scaling**–हॉरिजॉन्टल स्केलिंग की प्रक्रिया में Existing Server Machine के साथ नई Server Machine attach की जाती है।
- No SQL में डेटा का कोई fixed-Schema नहीं होता है, जिससे डेटा को आसानी से जोड़ा और बदला जा सकता है।
- कई No SQL डेटाबेस **JSON** और **BSON** फॉर्मेट में डेटा स्टोर करते हैं।
- No SQL प्रति सैकण्ड हजारों user की request को Process कर सकता है।

No SQL डेटाबेस के प्रकार

1. Key-value Store No SQL Database
2. Document Store No SQL Database
3. Column–Oriented Store No SQL Database
4. Graph based No SQL Database

1. Key-value Store No SQL Database

- यह डेटा को Key और Value के रूप में Store करता है।
- प्रत्येक Key का डेटा भिन्न-भिन्न हो सकता हैं।

Example: Redis, Riak, Dynamo DB

नोट:–Amazon शॉपिंग Cart में प्रोडक्ट को स्टोर करने के लिए

7. 'Query Processor' का मुख्य कार्य क्या है?
(A) Data को permanently Disk पर write करना।
(B) Query को समझना, Optimize & Execute करना।
(C) Database के सभी Transaction Logs को maintain करना।
(D) Database का समय-समय पर Full Backup लेना।

8. निम्न में से कौन सा 'Record Based' मॉडल है?
(A) Relational Model (B) Network Model
(C) Hierarchical Model (D) उपरोक्त सभी

9. कथन 1: 'Physical Level' (Internal Schema) यह वर्णन करता है कि डेटा वास्तव में डिस्क पर कैसे स्टोर होता है।
कथन 2: 'Conceptual Level' (Logical Schema) यह वर्णन करता है कि डेटाबेस में क्या डेटा स्टोर है और उनके बीच क्या संबंध हैं।
(A) दोनों कथन सही हैं।
(B) दोनों कथन गलत हैं।
(C) कथन 1 सही है, लेकिन कथन 2 गलत है।
(D) कथन 1 गलत है, लेकिन कथन 2 सही है।

10. कच्चे तथ्य (Raw facts) ..... कहलाते हैं, जबकि अर्थपूर्ण डाटा ..... बन जाता है—
(A) सूचना, रिपोर्टिंग (B) डाटा, सूचना
(C) सूचना, बिट्स (D) रिकॉर्ड, बाइट

11. निम्न में से कौनसा कॉमन डेटा तत्त्वों का सबसे छोटे से सबसे बड़े तक ही सही क्रम है—
(A) Character, Field, File, Record, Database
(B) Database, File, Record, Field, Character
(C) Character, Field, Record, File, Database
(D) Character, File, Record, Field, Database

12. SQL में GRANT Command का उपयोग किसलिए किया जाता है?
(A) Database का Backup और Recovery मैनेज करने
(B) Specific SQL Commands की जांच करने
(C) User को Database access करने की Permission देने
(D) Database में नई Tables और Views बनाने

13. 'Metadata' (डेटा के बारे में डेटा) कहाँ स्टोर होता है?
(A) Data Files में (B) Query Engine में
(C) Data Dictionary में (D) Buffer में

14. DBMS में, वह व्यक्ति जो डेटाबेस के स्कीमा (Schema) को परिभाषित करता है और Access Control Manage करता है:
(A) End User
(B) Database Administrator
(C) Application Programmer
(D) System Analyst

15. 'Conceptual Schema' किस भाषा (Language) का उपयोग करके परिभाषित किया जाता है?
(A) DML (Data Manipulation Language)
(B) DCL (Data Control Language)
(C) DDL (Data Definition Language)
(D) HTML

16. सूची-I (Architecture Tier) को सूची-II (Description) से सुमेलित करें:

सूची-I	सूची-II
(a) 1-Tier	1. Client और Database Server सीधे जुड़े होते हैं।
(b) 2-Tier	2. Presentation, Application और Database Layer अलग-अलग होती हैं।
(c) 3-Tier	3. User, App और DB सब एक ही सिस्टम पर होते हैं।

(A) a-3, b-1, c-2 (B) a-1, b-2, c-3
(C) a-3, b-2, c-1 (D) a-2, b-1, c-3

17. 'Physical Data Independence' का क्या लाभ (Advantage) है?
(A) हम View Level को बदले बिना Data को बदल सकते हैं।
(B) User Interface को बिना Coding के बदला जा सकता है।
(C) Data को बिना Permission के Delete किया जा सकता है।
(D) Conceptual Schema को बदले बिना Storage Structure बदलना।

18. वह कौन सा मॉडल है जिसमें एक Child के 'Many Parents' (Multiple Parents) हो सकते हैं?
(A) Hierarchical Model (B) Network Model
(C) Relational Model (D) ER Model

19. 'Single-Parent Model' किस डेटा मॉडल का दूसरा नाम है?
(A) Network Model (B) Relational Model
(C) Hierarchical Model (D) Object Model

(C) Skype (D) Google Meet

5. सुमेलित करें (Table Match):

Column-I (Tool)	Column-II (Developer/Feature)
(a) JioMeet	(i) भारतीय बाजार में लोकप्रिय
(b) Zoom	(ii) Breakout Rooms की सुविधा
(c) Teams	(iii) Microsoft Office Integration
(d) Webex	(iv) Cisco Systems

Code:
(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv (B) a-ii, b-iii, c-iv, d-i
(C) a-iii, b-i, c-iv, d-ii (D) a-ii, b-iv, c-i, d-iii

6. Streaming के दौरान 'Buffering' का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?
(A) Video content को permanent storage में save करना।
(B) Smooth Playback हेतु data segments को pre-load करना।
(C) Bandwidth बचाने के लिए video quality reduce करना।
(D) Network connection को forcefully terminate करना।

7. निम्नलिखित में से कौन सा Audio File Format Streaming के लिए प्रयोग नहीं किया जाता है?
(A) Real-time Audio
(B) Uncompressed WAV (Directly)
(C) Live Stream
(D) Online Radio

8. Web Browsers के माध्यम से बिना किसी बाहरी Plugin या Software के सीधे Audio-Video संचार करने की तकनीक को क्या कहा जाता है?
(A) WebRTC (Web Real-Time Communication)
(B) VoIP (Voice over IP)
(C) RTSP (Real-Time Streaming Protocol)
(D) HTTP Streaming

9. Video Conferencing डेटा को सुरक्षित रखने के लिए उपयोग किए जाने वाले 'AES-256' एन्क्रिप्शन का पूर्ण रूप क्या है?
(A) Audio Encoding Standard
(B) Advanced Encryption Standard
(C) Automatic Encryption System
(D) Authenticated Electronic Security

10. A ..... buffer is required for real-time traffic. वास्तविक समय (real-time) यातायात के लिए ..... बफर आवश्यक है। [Raj. IA Exam 2018]
(A) reordering (B) playback
(C) sorting (D) broadcasting

11. A ..... changes the format of a high-bandwidth video signal to a lower quality narrow-bandwidth signal. [Raj. IA Exam 2018]
(A) Sequence number (B) Timestamp
(C) Translator (D) Segment
एक ..... एक उच्च बैंडविड्थ वीडियो सिग्नल के प्रारूप को कम गुणवत्ता वाले संकीर्ण बैंडविड्थ सिग्नल में बदल देता है।
(A) क्रम संख्या (B) टाइमस्टैम्प
(C) ट्रांसलेटर (D) सेगमेंट

12. MPEG-2 उच्च क्वालिटी DVD हेतु किस डेटा रेट पर डिजाईन की जाती है—
(A) 3 to 6 MbPS (B) 4 to 6 MbPS
(C) 5 to 6 MbPS (D) 6 to 6 MbPS

उत्तरमाला

1.(D)	2.(B)	3.(D)	4.(D)	5.(A)	6.(B)	7.(B)	8.(A)	9.(B)	10.(B)
11.(C)	12.(A)								

12 Introduction of E-Commerce [ई-कॉमर्स का परिचय]

Introduction & History of E-commerce

- ई-कॉमर्स का पूर्ण रूप **Electronic Commerce (इलेक्ट्रॉनिक वाणिज्य)** है, जो **इंटरनेट और अन्य डिजिटल माध्यमों से उत्पाद, सेवाएँ खरीदना-बेचना** और ऑनलाइन मनी ट्रांसफर करने की प्रक्रिया है।
- यह तकनीक **Paperless** (कागज़-रहित) होती है और इसे less Manpower (कम श्रमशक्ति) के द्वारा संचालित किया जा सकता है।
- ई-कॉमर्स का मुख्य उद्देश्य इंटरनेट के माध्यम से Goods and Services को इस तरह प्रदर्शित करना है कि लोग उन्हें खरीद सकें, जिससे Sales और Brand Awareness बढ़ती है।
- ई-कॉमर्स की ऐतिहासिक शुरुआत 1979 में हुई थी, जब माइकल एल्ड्रिच (Michael Aldrich) ने एक मॉडिफाइड टीवी को टेलीफोन लाइन से जोड़कर 'Teleshopping' नामक सिस्टम बनाया। इसी कारण, **माइकल एल्ड्रिच** को **'Father of Online Shopping'** भी कहा जाता है।
- इंटरनेट पर **पहली सुरक्षित खुदरा बिक्री** (First Secure Retail Transaction) 11 अगस्त 1994 को **'NetMarket'** नामक वेबसाइट पर क्रेडिट कार्ड से की गई थी।
- 1960 के दशक से ही व्यवसाय Electronic Data Interchange (EDI) का उपयोग करके Business Documents को इलेक्ट्रॉनिक रूप से साझा कर रहे थे, जिसके लिए 1979 में ASC X12 नामक एक Universal Standard तैयार किया गया।
- ई-कॉमर्स की कुछ मुख्य सुविधाओं में non-cash payment (गैर-नकद भुगतान), 24×7 सेवा की उपलब्धता, और Click & Purchase (वस्तु को Single Click द्वारा खरीदना) की अनुमति देना शामिल है।



- व्यावसायिक जानकारी के ट्रांसफर के लिए ई-कॉमर्स EDI, Electronic Mail (E-mail), Electronic Bulletin Board (EBB), और Electronic Fund Transfer (EFT) जैसे तरीकों का उपयोग करता है।
- M-paisa मोबाइल के माध्यम से Money Transfer करने की सुविधा है, जिसे Vodafone कंपनी द्वारा 2007 में लाया गया था।
- ई-कॉमर्स व्यावसायिक जानकारी के ट्रांसफर के लिए निम्नलिखित तरीकों का उपयोग करता है—
  - इलेक्ट्रॉनिक डाटा एक्सचेंज (EDI)
  - इलेक्ट्रॉनिक मेल (E-mail)
  - इलेक्ट्रॉनिक बुलेटिन बोर्ड (EBB)
  - इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (EFT)

भारत की प्रमुख E-Commerce कंपनियाँ

कंपनी का नाम	हेडक्वार्टर / आधार (Headquarters)	संस्थापक (Founders)	वेबसाइट (Web Address)
Flipkart	Bengaluru, Karnataka, India	Sachin Bansal, Binny Bansal	https://www.flipkart.com
Snapdeal	New Delhi, India	Kunal Bahl, Rohit Bansal	https://www.snapdeal.com
Myntra	Bengaluru, Karnataka, India	Mukesh Bansal, Vineet Saxena, Ashutosh Lawania	https://www.myntra.com
Nykaa	Mumbai, Maharashtra, India	Falguni Nayar	https://www.nykaa.com
Meesho	Bengaluru, Karnataka, India	Vidit Aatrey, Sanjeev Barnwal	https://www.meesho.com

- अन्य ई-कॉमर्स कंपनियां **Jio Mart, Tata CLiQ, Lenskart, Jabong.com, Ebay.in, BookMyShow** आदि है।
- **Zepto, Blinkit, Swiggy, Instamart** आदि **Quick Commerce** कंपनियां है जो **10-30 मिनट** में groceries और essentials की **deliver** करती है।

नोट: जनवरी, **2026** में भारत के श्रम मंत्रालय (Labour Ministry) ने Quick कॉमर्स कम्पनियों को 10 मिनट डिलीवरी के वादे को अपने बॉडिंग से हटाने की सलाह दी है।

❖ **ONDC (Open Network for Digital Commerce):** यह भारत सरकार (DPIIT) की एक पहल है। इसका उद्देश्य ई-कॉमर्स बाज़ार को 'प्लेटफॉर्म-केंद्रित' (जैसे Amazon/Flipkart) से हटाकर 'ओपन नेटवर्क' बनाना है, ताकि छोटे विक्रेता भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आसानी से जुड़ सकें।

Key points in commerce

Brick and Mortar

❖ "Brick and Mortar" शब्द **उन पारंपरिक (Traditional) व्यवसायों** के लिए इस्तेमाल होता है जिनका **एक भौतिक अस्तित्व (Physical Store) या असली दुकान** होती है, जैसे आपके पड़ोस की किराने की दुकान, कपड़ों का शोरूम या बैंक की शाखा।

❖ इसका नाम ईंट (Brick) और गारे (Mortar) से पड़ा है, जो एक इमारत बनाने के काम आते हैं। यह **E-Commerce (ऑनलाइन बिज़नेस) का बिल्कुल उल्टा** है क्योंकि इसमें इंटरनेट के बजाय एक **फिक्स लोकेशन** होती है।

❖ इस मॉडल की सबसे बड़ी खासियत **Face-to-Face Interaction** है, यानी ग्राहक सेल्सपर्सन से सीधे बात कर सकता है और प्रोडक्ट को खरीदने से पहले उसे Touch and Feel (छूकर और देख) कर सकता है।

❖ इसमें ग्राहक को डिलीवरी का इंतज़ार नहीं करना पड़ता, वह पैसे देता है और सामान तुरंत (Instant Gratification) अपने साथ ले जाता है। हालाँकि, इसमें दुकानदार को दुकान का किराया (Rent), बिजली और कर्मचारियों का खर्च उठाना पड़ता है, जो ऑनलाइन स्टोर के मुकाबले ज्यादा होता है, और इसकी पहुँच केवल उसी इलाके तक सीमित रहती है। यह **''ऑफलाइन शॉपिंग''** का ही तकनीकी नाम है।

Beacon technology

❖ बिजनेस में बीकन टेक्नोलॉजी एक छोटी सी मशीन होती है जो Bluetooth की मदद से काम करती है। इसका सबसे बड़ा फ़ायदा यह है कि जब **आप किसी दुकान में** होते हैं, तो यह आपको **वहीं के लिए ख़ास छूट (Special Discount) या जानकारी सीधे आपके फ़ोन पर** भेज देती है।

❖ इससे आपकी खरीदारी का अनुभव (Shopping Experience) अच्छा हो जाता है और दुकानदार को पता चलता है कि लोग दुकान में कहाँ ज़्यादा रुकते हैं। लेकिन इसमें कुछ परेशानियाँ भी हैं। यह तभी काम करेगी जब आपके फ़ोन का Bluetooth ऑन हो और आपने उनकी ऐप (App) डाउनलोड की हो। इसमें कुछ लोगों को यह भी लग सकता है कि उनकी हर हरकत पर नज़र रखी जा रही है (Tracking), जिससे उन्हें अपनी निजता (Privacy) की चिंता हो सकती है।

E-Commerce Trade Cycle (ई-कॉमर्स ट्रेड साइकिल)

❖ ई-कॉमर्स ट्रेड साइकिल उन गतिविधियों (Activities) की एक शृंखला (Series) है जो ऑनलाइन व्यापार के दौरान ग्राहक (Customer) और आपूर्तिकर्ता (Merchant) के बीच होती है।

❖ यह साइकिल उत्पाद (Product) की खोज से शुरू होकर वारंटी या सेवाओं तक चलती है। यह प्रक्रिया निम्नलिखित चार प्रमुख Steps में विभाजित है—

1. Pre-Sale Step:–

❖ इस Step की शुरुआत **ग्राहक द्वारा Product Search** से होती है। ग्राहक विभिन्न **ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर Products को Browse और उनकी Comparison (तुलना)** करता है। वे खरीद का निर्णय लेने से पहले Reviews और Ratings की जाँच करते हैं। बड़े लेनदेन में, कुछ Negotiation भी हो सकता है।

2. Execution Step:–

❖ एक बार जब ग्राहक खरीद का निर्णय ले लेता है, तो वह Product को **Add to Cart** करता है और **Order Placement** करता है। विक्रेता या Merchant ऑर्डर की Acceptance करता है। इस Step में, विक्रेता **Product को पैक करके Shipping के लिए तैयार** करता है और Logistics पार्टनर के माध्यम से उसे ग्राहक तक भेजने की प्रक्रिया शुरू करता है।

3. Settlement Step:–

❖ यह Step लेनदेन के वित्तीय पहलू को कवर करता है। इसमें विक्रेता द्वारा **Invoice (चालान) जारी करना** और **ग्राहक द्वारा Payment करना** शामिल है।

❖ भुगतान आमतौर पर Payment Gateway का उपयोग करके Online (जैसे UPI, क्रेडिट/डेबिट कार्ड) या Cash on Delivery (COD) के माध्यम से होता है। सफल Fund Transfer (फंड हस्तांतरण) इस Step का मुख्य कार्य है।

4. After-Sale Step:–

❖ यह **अंतिम Step ग्राहक संतुष्टि और संबंध बनाए रखने** पर केंद्रित है। ग्राहक को Product प्राप्त होने के बाद की सभी गतिविधियाँ इसमें शामिल हैं, जैसे - Warranty Claim हैंडलिंग, Returns (वापसी), Refunds (रिफंड), और तकनीकी Support तथा Customer Service प्रदान करना। यह Customer Loyalty बनाने में मदद करता है।

Step	Main function
Pre-Sale	Search, Compare, Check Seller, Collect Info
Execution	Order, Confirm, Pack, Ship
Settlement	Payment, Billing, Transfer
After-Sale	Delivery, Return, Support, Review

DORA MODEL

❖ ई-कॉमर्स लेनदेन की प्रक्रिया को **DORA** मॉडल के माध्यम से समझा जा सकता है:

- ✧ **Discover (खोज):** ग्राहक द्वारा इंटरनेट पर उत्पाद या सेवा की खोज करना।
- ✧ **Offer (प्रस्ताव):** विक्रेता द्वारा उत्पाद की कीमत और नियम (Terms) प्रस्तुत करना।
- ✧ **Request (अनुरोध):** ग्राहक द्वारा उत्पाद खरीदने के लिए ऑर्डर प्लेस करना।
- ✧ **Acknowledge (पावती):** विक्रेता द्वारा ऑर्डर की पुष्टि (Confirmation) और भुगतान की रसीद देना।

ऑनलाइन मार्केटप्लेस और मॉडल (Online Marketplaces and Models)

❖ ऑनलाइन मार्केटप्लेस एक ऐसी E-commerce Platform है जहाँ कई विक्रेता (Sellers) अपने Products या सेवाओं को एक ही वेबसाइट पर सीधे ग्राहकों (Customers) को बेचते हैं।

Multiple Choice Questions

1. 'Father of Online Shopping' किसे कहा जाता है?
(A) Tim Berners-Lee (B) Michael Aldrich
(C) Jeff Bezos (D) Bill Gates

2. कथन (I): 'Brick and Mortar' उन व्यवसायों को संदर्भित करता है जिनका केवल भौतिक अस्तित्व (Physical Store/ Building) होता है।
कथन (II): 'Click and Purchase' सुविधा ग्राहकों को Online Single Click या Tap से खरीदारी पूरी करने की अनुमति देती है।
(A) केवल कथन I सही है। (B) कथन I और II दोनों सही हैं।
(C) केवल कथन II सही है। (D) कथन I और II दोनों गलत हैं।

3. सुमेलित करें (Table Match - 1):

Column-I (E-commerce Term)	Column-II (Full Form/Meaning)
(a) COD	(i) Cash on Delivery
(b) CRM	(ii) Customer Relationship Management
(c) SCM	(iii) Supply Chain Management
(d) EDI	(iv) Electronic Data Interchange

Code:
(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv (B) a-ii, b-i, c-iv, d-iii
(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii (D) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

4. 'M-Paisa' सेवा का मुख्य कार्य क्या है?
(A) Free Internet देना
(B) Mobile के माध्यम से Money Transfer करना
(C) Online Movies दिखाना
(D) Food Delivery करना

5. निम्नलिखित में से कौन सा E-commerce Model 'Government-to-Citizen' का उदाहरण है?
(A) Amazon से खरीदारी (B) Income Tax Return भरना
(C) थोक व्यापार (Wholesale) (D) पुराने सामान को बेचना

6. 'Digital Monopoly' को रोकने के लिए भारत सरकार (DPIIT) ने कौन सा ओपन नेटवर्क प्रोजेक्ट शुरू किया है?
(A) ONDC (Open Network for Digital Commerce).
(B) UPI (Unified Payments Interface).
(C) Digilocker (Digital Locker System).
(D) NSH (National Start-up Hub).

7. कथन (I): 'Beacon Technology' एक छोटी मशीन है जो Bluetooth का उपयोग करके स्टोर में मौजूद ग्राहकों के फोन पर Discount/Deals भेजती है।
कथन (II): E-commerce में 'Non-Cash Payment' (UPI, Cards) 24×7 सेवा की उपलब्धता का एक मुख्य लाभ है।
(A) केवल कथन I सही है। (B) कथन I और II दोनों सही हैं।
(C) कथन I और II दोनों गलत हैं। (D) केवल कथन II सही है।

8. Online Advertising में 'CPC' का पूर्ण रूप क्या है?
(A) Cost Per Customer (B) Cost Per Click
(C) Cash Per Click (D) Cost Per Computer

9. सुमेलित करें (Table Match):

Column-I (Platform)	Column-II (Type)
(a) Shopify	(i) Hosted Solution (SaaS)
(b) WooCommerce	(ii) Open Source Plugin (WordPress)
(c) Magento	(iii) PHP based Platform
(d) Instamojo	(iv) Payment Gateway Integration

Code:
(A) a-ii, b-i, c-iv, d-iii (B) a-i, b-iii, c-ii, d-iv
(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii (D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

10. 'Interstitial Ad' विज्ञापन यूजर को कब दिखाई देता है?
(A) Webpage के footer सेक्शन में स्थाई रूप से।
(B) Webpages के transition (loading) के दौरान बीच में।
(C) Website के sidebar में हमेशा दिखाई देना।
(D) Video content के समाप्त होने के बाद अंत में।

11. 'E-Publishing' का उदाहरण नहीं है—
(A) E-Books (B) Online Newspapers
(C) Physical Magazine (कागज वाली पत्रिका)
(D) Blogs

12. 'Reverse Auction' किस मॉडल का हिस्सा है?
(A) B2B (B) G2C (C) B2C (D) C2B

13. 'Alibaba' मुख्य रूप से किस E-commerce मॉडल के लिए प्रसिद्ध है?
(A) B2C (B) B2B (C) C2C (D) G2C

14. E-commerce में 'Return & Refund Hassle' को किस श्रेणी में रखा जाता है?
(A) Advantage (B) Disadvantage
(C) Technical Feature (D) Marketing Strategy

15. 'Inventory Management' (स्टॉक चेक करना) किस मैनेजमेंट सिस्टम का हिस्सा है?
(A) CRM (B) BPM (C) HRM (D) SCM

16. 'Customer Loyalty' बनाने में E-commerce का कौन सा चरण मदद करता है?
(A) Pre-Sale (B) Execution
(C) After-Sale Step (Support, Warranty)
(D) Settlement

17. 'Review' और 'Rating' की जाँच E-commerce Trade Cycle के किस चरण में की जाती है?
(A) Pre-Sale Step (B) Execution Step
(C) Settlement Step (D) After-Sale Step

18. E-Commerce ट्रांजेक्शन के लिए 'DORA Model' का उपयोग किया जाता है। इसमें 'A' का क्या अर्थ है?
(A) Authorization (B) Access
(C) Acknowledge (D) Acceptance

उत्तरमाला

1.(B)	2.(B)	3.(A)	4.(B)	5.(B)	6.(A)	7.(B)	8.(B)	9.(D)	10.(B)
11.(C)	12.(D)	13.(B)	14.(B)	15.(D)	16.(C)	17.(A)	18.(C)		

UNIT-XI : MAJOR DEVELOPMENT IN THE FIELD OF IT

1 Major Development in the Field of IT [आईटी के क्षेत्र में प्रमुख विकास]

- Information Technology का अर्थ विभिन्न प्रकार की Informations को Collect करना, Store करना, Process करना एवं Implement/use करना है।
- Information Technology का use करने से प्रत्येक कार्य fast speed से होता हे। IT द्वारा त्वरित डाटा ट्रांसमिशन **(quick data transmission)** संभव हो पाया है।
- किसी भी Information को एक से दूसरे स्थान पर Quickly भेजने हेतु भी सूचना प्रौद्योगिकी का use किया जाता है।
- **भारत में IT policy** बनाने एवं लागू करने का कार्य **MeitY** करती है। MeitY का पूरा नाम **'Ministry of Electronics & Information Technology'** है। भारत सरकार में IT के विकास हेतु Ministry of Electronics & Information Technology कार्यरत है। IT मंत्रालय के **वर्तमान में मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव** हैं तथा राज्यमंत्री **श्री जितिन प्रसाद** हैं।
- सूचना प्रौद्योगिकी का संचालन एवं Policy Making सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 (Information Technology Act 2000) के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार किया जाता है।

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 (Information Technology Act 2000)

- **सूचना तकनीक अधिनियम (Information Technology Act 2000)** भारतीय संसद द्वारा पारित एक अधिनियम है, जो **17 अक्टूबर, 2000** को पारित हुआ।
- संयुक्त राष्ट्र संकल्प के बाद भारत ने मई 2000 में **सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 पारित किया** तथा 17 अक्टूबर, 2000 को अधिसूचना जारी कर इसे लागू कर दिया गया।
- सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 को सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम, 2008 के माध्यम से काफी **संशोधित** किया गया, जिसे भारतीय संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किया गया था।
- सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम द्वारा विभिन्न digital documents एवं Electronic signature को कानूनी मान्यता प्रदान करना, Cyber-Crime के लिए कानून का प्रावधान, Quick Information Transmission आदि कार्य किये जाते है।

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास एवं अनुप्रयोग (Development & Application in the Field of IT)

ई-शासन/ई-गवर्नेंस (E-Governance)

- E-Governance का अर्थ **इलेक्ट्रॉनिक गवर्नेंस (Electronic Governance)** है, जो सेवाओं (Services) के **digitalization को बढ़ावा** देता है।
- ई-गवर्नेंस का अर्थ सभी **सरकारी कार्यों/योजनाओं सुविधाओं को ऑनलाइन सर्विस** के माध्यम से **जनता तक** आसानी से पहुँचाना है।
- सरकार की आम नागरिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को Technology का प्रयोग करके इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध कराना **ई-गवर्नेंस** या **ई-शासन** कहलाता है।
- ई-गवर्नेंस को **ई-शासन, ई-सरकार, डिजिटल-सरकार, ऑनलाईन सरकार, संबद्ध सरकार** कहा जाता है।



- **ई-शासन (E-Governance)** का उद्देश्य सरकार द्वारा नागरिकों को सिंगल पॉइंट डिलीवरी सिस्टम के माध्यम से सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सिंगल पॉइंट डिलीवरी सिस्टम का अर्थ है, सभी सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध हो। ई-शासन में उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाएं (Services) निम्नानुसार हैं—
  - **ई-नागरिक (E-Citizen):** इसके अंतर्गत सरकार समाकलित सेवा केंद्रों (Integrated Service Centers) के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान करती है। जैसे - राशन कार्ड एवं पासपोर्ट जारी करना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना, बिजली-पानी एवं मोबाइल के बिल जमा करना।
  - **ई-औषधि (E-Medicine):** सरकार देश के विभिन्न चिकित्सालयों का नेटवर्क बनाकर नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है।
  - **ई-परिवहन (E-Transport):** परिवहन से संबंधित कार्य जैसे - ड्राइविंग लाइसेंस बनाना, वाहन रजिस्ट्रेशन करना आदि कार्य ऑनलाइन होना।
  - **ई-पंजीकरण (E-Registration):** नागरिकों की संपत्ति का पंजीकरण तथा स्थानांतरण ऑनलाइन होना।
  - **ई-शिक्षा (E-Education):** इलेक्ट्रॉनिक माध्यम जैसे - रेडियो, टीवी द्वारा देश के दुरस्थ स्थानों में स्थित नागरिकों को शिक्षा प्रदान करना।
  - **ई-शासन सचिवालय (E-Secretariat):** विभिन्न विभागों

राजस्थान AI समिट 2026

(Regional AI Impact Conference) 2026

- राजस्थान रीजनल AI इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026 का भव्य आयोजन **6 जनवरी, 2026** को जयपुर के सीतापुरा स्थित **जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC)** में किया गया।
- इस महत्वपूर्ण समिट का उद्घाटन राजस्थान के मुख्यमंत्री **भजनलाल शर्मा** द्वारा किया गया।सम्मेलन में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री **अश्विनी वैष्णव** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े और राजस्थान के डिजिटल प्रयासों की सराहना की।
- यह सम्मेलन सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के **'राजस्थान डिजीफेस्ट (DigiFest)'** और **TiE (The Indus Entrepreneurs) ग्लोबल समिट 2026'** के साथ मिलकर आयोजित किया गया, जिससे यह स्टार्टअप्स और तकनीक का एक बड़ा संगम बन गया।
- कार्यक्रम में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री **जितिन प्रसाद** और राजस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री **कर्नल राज्यवर्धन राठौड़** ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य की नई **`राजस्थान AI-ML (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग) पॉलिसी 2026'** का आधिकारिक विमोचन किया।
- समिट के दौरान **राजस्थान AI पोर्टल**, **iStartलर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS)** और **राजस्थान AVGC-XR पोर्टल** का शुभारंभ किया गया।
- इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य **कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुशासन (Governance)** जैसे क्षेत्रों में AI के उपयोग को बढ़ावा देना और राजस्थान को 'AI इनोवेशन हब' बनाना है।
- राज्य सरकार ने तकनीकी रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान में एक अत्याधुनिक **'AI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (CoE)** स्थापित करने की घोषणा की।
- यह पूरी समिट **`इंडिया AI मिशन'** के सात स्तंभों (Seven Chakras) और **'थ्री सूत्रा' (पीपल, प्लैनेट, प्रोग्रेस)** की थीम पर आधारित रही।
- सम्मेलन में डेटा सुरक्षा पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने साइबर अपराधों के खिलाफ राज्य में चल रहे **`ऑपरेशन एंटी-वायरस'** के महत्व को रेखांकित किया।
- इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय स्तर पर **10 लाख युवाओं** को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और AI के क्षेत्र में प्रशिक्षित करने के लक्ष्य की जानकारी दी।
- राज्य में नई संचार और कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए जल्द ही एक हाई-टेक **डेटा सेंटर** स्थापित करने की प्रक्रिया पर भी इस समिट में चर्चा हुई।

बिग डेटा (Big Data)

- बिग डेटा (Big Data) एक ऐसी तकनीक है, जिसमें बहुत अधिक मात्रा में डेटा (Data) को संग्रहित (Store), विश्लेषण (Analyze) और प्रसंस्करण (Process) किया जाता है। यह डेटा इतना विशाल और जटिल होता है कि इसे पारंपरिक डेटाबेस सिस्टम से संभालना मुश्किल होता है।
- बिग डेटा शब्द को लोकप्रिय बनाने का श्रेय कम्प्यूटर विज्ञानी **जॉन आर. मैशी** को दिया जाता है।
- आज के डिजिटल युग में, इंटरनेट, सोशल मीडिया, मोबाइल ऐप्स, मशीन लर्निंग, और IoT से हर सेकंड अरबों डेटा उत्पन्न हो रहे हैं। इन्हें बिग डेटा टेक्नोलॉजी की मदद से प्रोसेस किया जाता है।
- **बिग डेटा की विशेषताएँ**—
  1. वॉल्यूम (Volume)
  2. कीमत (Cost)
  3. विविधता (Variety)
  4. यर्थार्थता (Reality)
  5. परिवर्तनशीलता (Variability)
  6. वेग (Velocity)
- **डेटा माइनिंग :** इस प्रक्रिया द्वारा **बड़े डेटा सेट्स में से महत्वपूर्ण जानकारी एवं पैटर्न निकाले** जाते है। इस प्रक्रिया द्वारा ही डेटा वेयरहाउस में से सामरिक जानकारी निकाली जाती है।
- **डेटा वेयरहाउसिंग :** यह एक डेटा स्टोरेज तकनीक है। इसमें डेटा एनालिसिस नहीं होता है। डेटा वेयरहाउसिंग विभिन्न स्रोतों से डेटा एकत्र, प्रबंधित करने और उन्हें व्यावसायिक उद्देश्य के लिए उपयोग करने की प्रक्रिया है।

क्लाउड कंप्यूटिंग (Cloud Computing)

- क्लाउड कंप्यूटिंग एक तकनीक है, जिसमें **इंटरनेट के माध्यम से डेटा स्टोरेज,** सर्वर, नेटवर्क, सॉफ्टवेयर और अन्य कंप्यूटिंग सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। इसमें यूजर्स को अपने कंप्यूटर या लोकल स्टोरेज पर डेटा सेव करने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि वे इसे **इंटरनेट (Cloud) पर स्टोर और एक्सेस** कर सकते हैं।
- जब हम कोई फाइल गूगल ड्राइव (Google Drive) या ड्रॉपबॉक्स (Dropbox) पर सेव करते हैं, तो वह हमारे कंप्यूटर पर नहीं बल्कि इंटरनेट के सर्वर पर स्टोर होती है। जब भी हमें उस फाइल की जरूरत होती है, हम इंटरनेट से उसे एक्सेस कर सकते हैं। कई कंपनियाँ अपने बिजनेस के लिए क्लाउड सर्विसेज का उपयोग करती हैं ताकि वे फिजिकल सर्वर और डेटा स्टोरेज की लागत बचा सकें।

वर्चुअल रियलिटी (Virtual Reality - VR)

- वर्चुअल रियलिटी (VR) एक कृत्रिम (Artificial) और कंप्यूटर जनित (Computer-Generated) 3D वातावरण है, जिसमें उपयोगकर्ता को ऐसा अनुभव होता है कि वह वास्तविक दुनिया (Real World) में मौजूद है।
- VR टेक्नोलॉजी में विशेष हेडसेट (VR Headset), सेंसर (Motion Sensors) और कंट्रोलर (Controllers) का उपयोग किया जाता है, जिससे उपयोगकर्ता दृश्य (Visuals), ध्वनि (Sound), और संवेदनाएँ (Sensations) महसूस कर सकता है।
- **जेरोन लैनियर** (Jaron Lanier) ने 1980 के दशक में वर्चुअल रियलिटी के क्षेत्र में योगदान दिया।
- **लैनियर** को वर्चुअल रियलिटी का पितामाह कहा जाता है
- यह तकनीक मुख्य रूप से गेमिंग, शिक्षा, चिकित्सा, प्रशिक्षण और मनोरंजन के क्षेत्र में उपयोग की जाती है।

36. ग्रामीण क्षेत्रों में ई-गवर्नेंस के तहत् सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से ई-कियोस्क सेवा किस नाम से संचालित है—
(A) ई-मित्र (B) लोकमित्र
(C) कॉमन सर्विस सेन्टर (D) उपर्युक्त सभी

37. बैंकिंग में प्रयुक्त CVV (सुरक्षा कोड) कितने अक्षरों में होता है?
(A) 1 (B) 5 (C) 2 (D) 3

38. ई-पीडीएस का विस्तृत नाम क्या है?
(A) e-Public Distribution System
(B) e-Problem Development System
(C) e-Personel Development Scheme
(D) e-Partial Distribution System

Previous Year Competitive Exam Questions

1. ChatGPT को किस संगठन ने विकसित किया है? [NVS-KVS-TGT 11.01.2026]
(A) MicroSoft (B) OpenAI
(C) Apple (D) Google

2. आर.टी.जी.एस. प्रणाली में लेनदेन की पहचान करने के लिए उपयोग किए जाने वाले विशिष्ट लेनदेन संदर्भ (यू.टी.आर.) संख्या की लम्बाई क्या है? [राज. सांख्यिकी अधिकारी-20.12.2021]
(A) 24 वर्ण (B) 8 वर्ण (C) 14 वर्ण (D) 22 वर्ण

3. ई-गवर्नेंस के संदर्भ में सुमेलित कीजिए— [राज. सांख्यिकी अधिकारी-20.12.2021]

(a) भूमि अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण	i. e-Mitra
(b) पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग	ii. Raj Crest
(c) एकीकृत ई-सेवा मंच	iii.https://chiranjeevi rajasthan.gov.in
(d) मु.मं. स्वास्थ्य बीमा योजना	iv. Apna Khata

कूटः (A) 1 4 2 3 (B) 4 2 1 3
(C) 2 4 3 1 (D) 2 1 3 4

4. राजस्थान सरकार का ई-गवर्नेंस पोर्टल 'राजधारा' निम्न में से किससे संबंधित है? [राज. सांख्यिकी अधिकारी-20.12.2021]
(A) एस.आई.पी.एफ. (B) आर.जी.एच.एस.
(C) जी.आई.एस. (D) जन-आधार

5. निम्न कथनों पर विचार कीजिए— [Assistant Professor-22.9.2021]
1. जनसूचना पोर्टल से सूचना पाने के लिए SSOID जरूरी है।
2. जनसूचना पोर्टल के माध्यम से ई-मित्र की सूचना पाने का कोई शुल्क नहीं है।
(A) केवल 1 सही है (B) केवल 2 सही है
(C) 1 व 2 दोनों सही हैं (D) न तो 1, न ही 2 सही है

6. 'राजस्थान सम्पर्क' पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है— [प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) -12.03.2021]
(A) आर.टी.आई. के तहत सूचना एकत्र करने के लिए
(B) शिकायत निवारण प्रणाली के रूप में
(C) लोकसेवाओं के प्रदान की गारन्टी के लिए
(D) सामाजिक अंकेखण मंच के रूप में

7. यदि कोई नागरिक राजस्थान राज्य सरकार के किसी विशेष विभाग में अपनी शिकायतें दर्ज कराना चाहता है तो उसे निम्नलिखित में से किस ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म का उपयोग करना चाहिए। [राज. सांख्यिकी अधिकारी -20.12.2021]
(A) राज मास्टर्स (B) शाला दर्पण
(C) राजस्थान सम्पर्क (D) विकास दर्पण

8. सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी हेतु दिसम्बर 2020 को किस पोर्टल की शुरुआत राजस्थान में की गई— [प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) -12.03.2021]
(A) पब्लिक वेलफेयर पोर्टल (B) राजस्थान वेलफेयर पोर्टल
(C) योजना वेलफेयर पोर्टल (D) इनमें से कोई नहीं

9. प्रशासन में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग को कहा गया है— [राज. संगणक परीक्षा - 19.12.2021]
(A) ज्ञानदूत (B) ज्ञानसुधा (C) ई-स्टेक (D) ई-गवर्नेन्स

10. राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति 2018 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसा नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन (राष्ट्रीय ब्रांडब्रैंड अभियान) का भाग नहीं है— [ACF - FRO Exam - 18.02.2021]
(A) भारत नेट (B) ग्राम नेट (C) नगर नेट (D) जनता नेट

11. वर्ष 2018 में 'राजस्थान आई.टी. दिवस (Rajasthan IT Day)' कब से कब तक मनाया गया है। [महिला पर्यवेक्षक परीक्षा-06.01.2019]
(A) 1 जनवरी-4 जनवरी (B) 18 मार्च 21 मार्च
(C) 20 मई-24 मई (D) 18-22 दिसम्बर

12. सूचना प्रौद्योगिकी की शब्दावली में कर्नल भंग को क्या कहते हैं? [SSC CGL (Tier-1) 2016]
(A) Crash (B) Crash Dump
(C) Dump (D) Kernel Error

13. सूचना तकनीकी अधिनियम भारत में संशोधित किया गया— [राज.पटवारी प्रारम्भिक परीक्षा-13.02.2016]
(A) 2000 (B) 2005 (C) 2008 (D) 2010

14. किस भारतीय राज्य को सम्पूर्ण डिजिटल राज्य घोषित किया गया है— [RRB NTPC 16.04.2016 Shift-II]
(A) तमिलनाडु (B) केरल (C) महाराष्ट्र (D) कर्नाटक

15. ई-गवर्नेंस क्या है? [RRB NTPC 07.04.2016 (Shift-I) Stage Ist]
(A) व्यवस्थित शासन (B) मानव संचालित शासन
(C) प्रौद्योगिकी संचालित शासन (D) प्रभावी प्रशासनिक शासन

16. ICT का अभिप्राय है— [I Grade (Drawing-Painting) 2014, I Grade (H.Sc.) 22-07-2016]
(A) Inter Connected Terminals
(B) Inter Common Terminology
(C) Information Communication Technology
(D) International Communication Technology

17. सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी (आई.सी.टी.) में सम्मिलित है— [I Grade (Home Science) 2014]
(A) इंटरनेट (B) शैक्षिक दूरदर्शन
(C) ई-मेल (D) उपर्युक्त सभी

18. कई सारे स्टेशनों को एक साथ डाटा सम्प्रेषण (Data Tranmission) कहलाता है— [Raj. IA-2013]
(A) Broad Cast (B) Analogy Transmission
(C) Aloha (D) Bandwidth

उत्तरमाला

36.(A)	37.(D)	38.(A)							
1.(B)	2.(D)	3.(B)	4.(C)	5.(B)	6.(B)	7.(C)	8.(A)	9.(D)	10.(D)
11.(B)	12.(A)	13.(C)	14.(B)	15.(C)	16.(C)	17.(D)	18.(A)		

UNIT-XII : PEDAGOGY

1 Pedagogy [शिक्षाशास्त्र]

- पेडागाजी को हिन्दी में शिक्षाशास्त्र या शिक्षा विज्ञान कहा जाता है।
- पेडागाजी शब्द की उत्पत्ति **ग्रीक** भाषा के दो शब्दों **Paidos** (बच्चा) तथा **Agogos** (मार्गदर्शक / नेतृत्व कर्ता) से मिलकर हुई है। इसका शाब्दिक अर्थ 'बच्चे का मार्गदर्शन करने वाला' होता है।
- शिक्षाशास्त्र में 'शिक्षण कैसे किया जाये' का अध्ययन किया जाता है। इसमें विषय ज्ञान के साथ ही समझ आधारित ज्ञान पर विशेष बल दिया जाता है अर्थात् शिक्षाशास्त्र शिक्षण विधियों, सिद्धांतों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों का अध्ययन है।

शिक्षण (Teaching)

- शिक्षण से तात्पर्य एक ऐसी त्रिपक्षीय प्रक्रिया से है, जिसमें शिक्षण के स्रोत, विद्यार्थी और विद्यार्थी के व्यवहार में परिवर्तन लाने वाली सभी क्रियाओं के नियोजन पर ध्यान दिया जाता हैं।
- **जॉन डिवी** ने शिक्षा को त्रिमुखी प्रक्रिया माना है एवं इसमें शिक्षक, शिक्षार्थी (विद्यार्थी) व पाठ्यक्रम को स्थान दिया है।

शिक्षण के चर (Variables of Teaching)

चर (Variables)

'चर' (Variable) से तात्पर्य परिवर्तित होने वाली या परिवर्तित की जाने वाली किसी स्थिति, संख्या, वस्तु, गुण या मात्रा से है।

- शिक्षण के चर (Variables of Teaching) से तात्पर्य उन आधारभूत तत्त्वों से है जो शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावित एवं संचालित करते हैं।
- **शिक्षण के तीन चर माने गये हैं—**

1. आश्रित चर (Dependent Variable)—
- जिसमें परिवर्तन लाया जाता है, उसे 'आश्रित चर' कहते है।
- शिक्षण प्रक्रिया में विद्यार्थी और उसके व्यवहार में परिवर्तन लाया जाता है। अतः **'विद्यार्थी '** शिक्षण प्रक्रिया का आश्रित चर कहलाता है।

2. स्वतंत्र चर (Independent Variable)—
- जो परिवर्तन करता है, उसे स्वतंत्र चर कहते है।
- शिक्षण प्रक्रिया में **'शिक्षक'** को स्वतंत्र चर की संज्ञा दी जाती है, क्योंकि शिक्षण व्यवस्था का परिचालन शिक्षक द्वारा किया जाता है।
- शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षक विद्यार्थियों को सक्रिय रखता है, एवं सभी प्रकार के मध्यस्थ चरों पर नियंत्रण स्थापित करता है।

3. मध्यस्थ चर (Intermediate Variable)—
- जिनके माध्यम से परिवर्तन होता है, उन्हें मध्यस्थ चर कहते हैं।
- शिक्षक तथा छात्र के मध्य अन्तः क्रिया का माध्यम **शिक्षण विधियाँ, पुस्तकें, पाठ्यक्रम** तथा **शिक्षण सामग्री** इत्यादी हैं, अतः इन्हें मध्यस्थ चर की संज्ञा दी जाती है।
- **पाठ्यक्रम, शिक्षण साधन, शिक्षण विधियाँ, शैक्षणिक वातावरण, मूल्यांकन तकनीक** इत्यादि मध्यस्थ चर है।

शिक्षण की विशेषताएँ-

1. शिक्षण एक जटिल सामाजिक प्रक्रिया है।
2. शिक्षण एक पारस्परिक अन्तः क्रिया है।
3. शिक्षण सौद्देश्य प्रक्रिया है।
4. शिक्षण विकासात्मक प्रक्रिया है।
5. शिक्षण कला तथा विज्ञान दोनों है।
6. शिक्षण में भाषा, सम्प्रेषण का कार्य करती हैं ।
7. शिक्षण आमने-सामने होने वाली प्रक्रिया है।
8. शिक्षण उपचार विधि है।
9. शिक्षण तार्किक क्रिया है।
10. शिक्षण का मापन किया जा सकता है।
11. शिक्षण में सुधार तथा विकास भी किया जा सकता है।
12. शिक्षण त्रिध्रुवीय (शिक्षक, शिक्षार्थी एवं पाठ्यक्रम) प्रक्रिया है।
13. शिक्षण निर्देशन की प्रक्रिया है।
14. शिक्षण औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों प्रकार की क्रिया है।
15. शिक्षण विभिन्न कौशलों से युक्त विशिष्ट कार्य है।
16. शिक्षण अध्यापक के परिश्रम का परिणाम है।
17. शिक्षण विभिन्न प्रकार की क्रियाओं की एक संगठित प्रणाली है।
18. शिक्षण व्यावसायिक क्रिया है।
19. शिक्षण का वैज्ञानिक ढंग से अवलोकन व विश्लेषण किया जा सकता है।

शिक्षण के प्रकार (Types of Teaching)

- विद्वानों ने शिक्षण को विभिन्न आधारों पर भिन्न-भिन्न प्रकार से वर्गीकृत किया है, इनमें से कुछ प्रमुख वर्गीकरण निम्नलिखित हैं—

I. शिक्षण के उद्देश्यों के आधार पर—

शिक्षण के उद्देश्यों के आधार पर शिक्षण को तीन प्रमुख भागों में वर्गीकृत किया जाता है:



सभी छात्र स्वंत्रतापूर्वक विचार करते हैं, वार्तालाप तथा वाद-विवाद करते हैं।

- ❖ वाद-विवाद, चिंतन तथा वार्तालाप करते-करते एक समय ऐसी अवस्था आ जाती है जब छात्र एकदम समस्या को हल कर देते हैं।
- ❖ मस्तिष्क विप्लव या मस्तिष्क उद्वेलन विधि छात्रों में चिन्तन विकसित करती है और उन्हें समस्या के विश्लेषण, संश्लेषण तथा मूल्यांकन में प्रशिक्षित करती है।

11. संवेदनशीलता या सूक्ष्मग्रहिता प्रशिक्षण व्यूह रचना (Sensitive/Micro-receptor Training Strategy)—

- ❖ अपने नाम के अनुसार संवेदनशील प्रशिक्षण विधि वह शिक्षण विधि है जिसके द्वारा छात्रों में आपसी सबंध विकसित करके उन्हें किसी समस्या के प्रति सवेंदनशील बनाया जाता है। इससे उन्हें वास्तविकता का ज्ञान होता है और छात्र पूरी शक्ति तथा क्षमताओं के साथ कार्य करने लगते हैं।

12. कम्प्यूटर सह-अनुदेशन व्यूह रचना (Computer Aided Instruction Strategy)—

- ❖ कम्प्यूटर सह-अनुदेशन में शिक्षण-अधिगम का कार्य कम्प्यूटर की सहायता से किया जाता है।
- ❖ इसमें समस्त निर्देश तथा अनुदेशन कम्प्यूटर की सहायता से प्रदान किये जाते हैं एवं छात्र के ज्ञानात्मक पक्ष का विकास करने का प्रयास किया जाता है।

13. ऐतिहासिक खोज विधि (Historical Search Method)—

- ❖ इस शिक्षक नीति के प्रवर्तक **जे.एस.ब्रूनर** है।
- ❖ **ब्रूनर के अनुसार**—''खोज विधि में छात्रों को अपने मानसिक स्तर, आयु, कक्षा तथा अन्य सबंधित तथ्यों के अनुरूप मौलिक रूप से नवीन ज्ञान की खोज करनी पड़ती है।
- ❖ ऐतिहासिक तथ्यों की व्याख्या इस प्रकार की जाती है जिससे नवीन तथ्यों का बोध होने लगे।
- ❖ इसमें छात्रों को इस प्रकार से रखा जाता है जिससे वे भली-भाँति देख सकें कि किस प्रकार विभिन्न खोजकर्त्ताओं के विश्वास समय, खोजों तथा आविष्कारों के तथ्यों के साथ-साथ बदलते चले जाते है, किस प्रकार से एक सिद्धांत निकलता है या परिवर्तित होता है।
- ❖ यह विधि छात्रों को सक्रिय बनाती है, छात्रों में चिंतन, सूझ-बूझ तथा निरीक्षण क्षमताओं का विकास करती है।

14. समीक्षा आव्यूह (Review Strategy)—

समीक्षा के माध्यम से शिक्षक प्रमुख बिन्दुओं पर पुनः विचार करता है तथा छात्रों को अवगत करवाता है।

15. दल शिक्षण (Team Teaching)—

टोली शिक्षण या दल शिक्षण जैसा कि नाम से विदित है, ऐसा शिक्षण है जिसे अकेले एक अध्यापक द्वारा नहीं किया जाता बल्कि टोली या दल में शामिल सभी व्यक्तियों द्वारा मिल-जुलकर किया जाता है।

- ❖ दल शिक्षण में दो या दो से अधिक अध्यापक मिलकर इस प्रकार पढ़ाने का प्रयत्न करते हैं, जिससे शिक्षण के निर्धारित उद्देश्यों को सुगमतापूर्वक प्राप्त किया जा सके।
- ❖ पढ़ाने वाले टीम में सुविधानुसार अध्यापकों के अतिरिक्त अन्य उपयोगी व्यक्तियों जैसे-लिपिक, पुस्तकालय-अध्यक्ष तथा प्रयोगशाला सहायक एवं अन्य किसी विषय विशेषज्ञ को शामिल कर सकते है।
- ❖ पूरी टीम या दल का हर अवस्था में उद्देश्य यही होता है कि मिल-जुलकर सर्वोत्तम शिक्षण प्रदान किया जाए।

अनुदेशन (Instruction)

- ❖ अनुदेशन शिक्षण का एक अंग है अनुदेशन प्रणाली सामान्यतः शिक्षण संस्थाओं में प्रयुक्त की जाती है।
- ❖ शिक्षा के अन्तर्राष्ट्रीय शब्दकोश (International Dictionary of Education) के अनुसार, ''अनुदेशन को शिक्षण के साथ-साथ प्रयोग लिया जाता है तथा इसमें विद्यार्थियों के साथ दृश्य-श्रव्य साधनों का प्रयोग हो सकता है।''

इस प्रक्रिया को विद्यार्थियों के शिक्षण के साथ सीधे रूप में व्यवहार में लाया जाता है। यह शिक्षण की विशेषता को बढ़ाने के लिए दी जाती है। यह संदेश देने और विचारों को उत्तेजित करने का अच्छा माध्यम है।

अनुदेशन की विशेषताएँ (Characteristics of Instruction)—

1. अनुदेशन शिक्षण का महत्वपूर्ण अंश/भाग है। इसे तभी दिया जाता है जब सीखने वालों का समूह वहाँ मौजूद हो। यह खुले वातावरण में संभव नहीं है।
2. अनुदेशन स्वाभाविक नहीं है। यह प्रक्रिया पहले से ही योजनाबद्ध होती है।
3. यह नियमबद्ध ज्ञान देने में सहायता करता है। अनुदेशन के लिए निरीक्षक (अध्यापक) रखे जाते हैं। अध्यापक अनुदेश देता है और बच्चे उसे सहनशीलता से ग्रहण करते है।
4. अनुदेशन प्रणाली को विशिष्ट नियमावली के अन्तर्गत विधिवत संपन्न किया जाता है।
5. इसके लिए अधिकतर परीक्षाएँ रखी जाती हैं, अनुदेशन देने का लक्ष्य विद्यार्थी को परीक्षा में सफल होने के योग्य बनाना है।
6. अनुदेश देने वाले व्यक्ति को भाषा में निपुण होना आवश्यक है।
7. अध्यापक और विद्यार्थी में प्रत्यक्ष सम्बंध होता है।
8. इसमें पहले से निर्धारित, पाठ्यक्रम, शिक्षण विधियाँ आदि शामिल होती है।

शिक्षण प्रतिमान (Teaching Models)

शिक्षण प्रतिमानः अर्थ एवं परिभाषाएँ

(Teaching Models : Meaning and Definitions)

- ❖ प्रतिमान शब्द अंग्रेजी भाषा के शब्द 'मॉडल' (MODEL) का हिंदी रूपांतरण है।
- ❖ साधारण अर्थों में प्रतिमान (Model) किसी बड़ी वस्तु का छोटा रूप होता है, जो उसकी नकल या प्रतिरूप होता है, जैसे- राम मंदिर का प्रतिमान, ताजमहल का प्रतिमान, हवामहल का प्रतिमान।
- ❖ इस तरह वस्तुओं का वह रूप, जो नकल होते हुए भी वास्तविकता का आभास कराने का प्रयत्न करता है, मॉडल या प्रतिमान के नाम से जाना जाता है।

23. सूची-I का सूची-II के साथ मिलान कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का उपयोग कर सही उत्तर चयनित कीजिये : [स्कूल व्याख्याता, अर्थशास्त्र –30-06-2025]

सूची-I	सूची-II
a. उच्च-तकनीकी शिक्षक केन्द्रित उपागम	(i) प्रत्यक्ष अनुदेशन
b. उच्च-तकनीकी विद्यार्थी केन्द्रित उपागम	(ii) अभियान संबंधी अधिगम
c. निम्न-तकनीकी शिक्षक केन्द्रित उपागम	(iii) पृच्छा आधारित अधिगम
d. निम्न-तकनीकी विद्यार्थी केन्द्रित उपागम	(iv) फ्लिप्ड कक्षा

कूट :	a	b	c	d
(A)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)
(B)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(C)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(D)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)

24. शिक्षण में अग्रिम संगठक प्रतिमान का मुख्य उद्देश्य क्या है ? [स्कूल व्याख्याता, समाजशास्त्र–05-07-2025]

(A) विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान का मूल्यांकन करना ।
(B) एक संज्ञानात्मक मानचित्र प्रदान करना जो विद्यार्थियों को सामग्री से जोड़ने और याद रखने में मदद करता है ।
(C) प्रत्यक्ष अनुदेशन को स्व-अधिगम से बदलना ।
(D) विद्यार्थियों को सीखने से पहले तथ्यों को याद करने के लिये प्रेरित करना ।

25. निम्नलिखित में से कौन सी अप्रक्षेपित द्विआयामी शिक्षण सहायक सामग्री हैं ? [स्कूल व्याख्याता, समाजशास्त्र–05-07-2025]

a. ट्रांसपेरेन्सिस b. पोस्टर c. चार्ट d. स्लाइड e. मानचित्र

सही विकल्प को चुनिए :

(A) A, B, C (B) B, C, D
(C) A और E (D) B, C और E

26. शिक्षण प्रतिमानों से सम्बन्धित निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सही है ? [स्कूल व्याख्याता, समाजशास्त्र–05-07-2025]

(A) अग्रिम व्यवस्थापक प्रतिमान द्वारा व्यक्तिगत क्षमताओं का विकास एवं सिद्धान्तों का बोध कराया जाता है ।
(B) सूचना प्रक्रिया प्रतिमान का विकास कार्ल रोजर द्वारा किया गया।
(C) सम्प्रत्यय उपलब्धि प्रतिमान प्राथमिक रूप से आगमन तर्क एवं अवधारणा के विकास के लिए उपयोगी है ।
(D) केवल पृच्छा प्रशिक्षण प्रतिमान द्वारा प्रत्यय एवं तथ्यों का अवबोध एवं ज्ञानात्मक पक्ष का विकास किया जाता है ।

27. शिक्षण प्रतिमान का निम्नलिखित में से कौन सा तत्त्व एक शिक्षक को प्रतिमान का उपयोग करने में मदद करता है, तथा बताता है कि उसे कैसे शुरू करना चाहिए तथा आगे कैसे बढ़ना चाहिए ? [स्कूल व्याख्याता, भौतिकी–29-06-2025]

(A) संरचना (B) सामाजिक प्रणाली
(C) केन्द्र (उद्देश्य) (D) सहायक प्रणाली

28. पृच्छा प्रशिक्षण प्रतिमान के चरणों का उनके विवरण से मिलान कीजिए : [स्कूल व्याख्याता, भौतिकी–29-06-2025]

चरण	विवरण
(i) समस्या से सामना	a. छात्र प्रासंगिक चरों को अलग करते हैं और परिकल्पनाओं का परीक्षण करते हैं ।
(ii) प्रदत्त संग्रहण	b. छात्र वस्तुओं, स्थितियों और समस्या की वास्तविकता को सत्यापित करते हैं ।
(iii) प्रयोग	c. शिक्षक एक असामान्य या पेचिदा घटना प्रस्तुत करता है ।
(iv) व्याख्या	d. छात्र एकत्र की गई जानकारी को व्यवस्थित करते हैं और नियम तैयार करते हैं ।

सही कूट का चयन कीजिये :

कूट	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(A)	a	b	c	d
(B)	a	c	b	d
(C)	c	b	a	d
(D)	d	b	a	c

29. एडगर डेल के 'अनुभवों का शंकु' के अनुसार निम्नलिखित शिक्षण-अधिगम सामग्री का अमूर्तता का घटता हुआ सही क्रम है : [स्कूल व्याख्याता, भौतिकी–29-06-2025]

(A) नाटकीय सहभागिता → प्रदर्शित वस्तुएँ → अचल चित्र → दृश्य संकेत
(B) प्रदर्शित वस्तुएँ → नाटकीय सहभागिता → दृश्य संकेत → अचल चित्र
(C) अचल चित्र → दृश्य संकेत → नाटकीय सहभागिता → प्रदर्शित वस्तुएँ
(D) दृश्य संकेत → अचल चित्र → प्रदर्शित वस्तुएँ → नाटकीय सहभागिता

30. प्रणाली उपागम में सम्मिलित चरणों का सही क्रम है :

a. संचालन एवं कार्यान्वयन [स्कूल व्याख्याता, भौतिकी–29-06-2025]
b. प्रतिपुष्टि प्रदान करना
c. प्रणाली अभिकल्प (डिजाइन) एवं विकास
d. उद्देश्यों का विशिष्टीकरण
e. मूल्यांकन

नीचे दिए गये विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) d c a e b
(B) c a d b e
(C) d c a b e
(D) a c d e b

31. पृच्छा प्रशिक्षण शिक्षण प्रतिमान की संरचना के अन्तर्गत चरणों और उनकी गतिविधियों से संबंधित निम्नलिखित में से कौन सा युग्म गलत है ? [स्कूल व्याख्याता, रसायन शास्त्र–28-06-2025]

गतिविधियाँ	चरण
(A) वस्तुओं और स्थितियों की प्रकृति का सत्यापन करना	– II
(B) पृच्छा प्रक्रिया समझाना	– I
(C) नियम बनाना या स्पष्टीकरण देना	– III
(D) पृच्छा रणनीतियों का विश्लेषण करना	– V

उत्तरमाला

23.(A)	24.(B)	25.(D)	26.(C)	27.(A)	28.(C)	29.(D)	30.(A)	31.(C)	

32. निम्नलिखित में से सम्प्रत्यय सम्प्राप्ति प्रतिमान के लक्ष्य कौन से हैं ? [स्कूल व्याख्याता, रसायन शास्त्र–28-06-2025]

(a) विद्यार्थियों को नई अवधारणाएँ सीखने में सहायता करना ।
(b) व्यवस्थित पृच्छा का प्रशिक्षण देना ।
(c) पहले से ज्ञात अवधारणाओं को स्पष्ट करना एवं अधिक समृद्ध बनाना ।
(d) विद्यार्थियों को प्रश्न उठाने एवं उत्तर खोजने के लिए आवश्यक बौद्धिक अनुशासन एवं कौशल विकसित करने में सहायता करना।

नीचे दिए गये कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :
कोड :
(A) (a) तथा (b) (B) (a) तथा (c)
(C) (b) तथा (d) (D) (c) तथा (d)

33. एडगर डेल के 'अनुभवों का शंकु' के अनुसार, कौन सा अधिगम अनुभव उच्चतम प्रतिधारण प्रदान करता है ? [स्कूल व्याख्याता, रसायन शास्त्र–28-06-2025]

(A) पढ़ना और सुनना (B) वीडियो देखना
(C) प्रत्यक्ष उद्देश्यपूर्ण अनुभव (D) व्याख्यान

34. आधुनिक तकनीकों के उपयोग के मनोवैज्ञानिक आधारों के सम्बन्ध में एडगर डेल के 'अनुभवों का शंकु' से सम्बन्धित नीचे दो कथन दिये गये हैं : [स्कूल व्याख्याता, रसायन शास्त्र–28-06-2025]

कथन – (S1) : यह अनुदेशनात्मक सामग्रियों को अनुभवजन्य मूर्तता की कोटि के अनुसार वर्गीकृत करती है ।
कथन – (S2) : यह अधिगम अनुभवों और अनुदेशनात्मक सामग्रियों की स्वतन्त्र प्रकृति को सुझाती है ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :
(A) कथन (S1) सही है, परन्तु कथन (S2) गलत है ।
(B) कथन (S2) सही है, परन्तु कथन (S1) गलत है ।
(C) कथन (S1) और (S2) दोनों ही सही हैं ।
(D) कथन (S1) और (S2) दोनों ही गलत हैं ।

35. शिक्षण प्रतिमान की विशेषताओं से सम्बन्धित निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ? [स्कूल व्याख्याता, जीव विज्ञान–27-06-2025]

(A) शिक्षण प्रतिमान शिक्षण अधिगम प्रक्रिया की सफलता के लिए पहले से तैयार कुछ योजना है ।
(B) इनका निर्माण विशिष्ट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जाता है ।
(C) ये केवल शिक्षार्थियों को वांछित अनुभव प्रदान करते हैं ।
(D) ये दार्शनिक सिद्धान्तों एवं मनोवैज्ञानिक नियमों पर आधारित होते हैं ।

36. पृच्छा प्रशिक्षण प्रतिमान के सिंटैक्स में निम्नलिखित चरण हैं : [स्कूल व्याख्याता, जीव विज्ञान–27-06-2025]

a. समस्या की पहचान
b. प्रयोग के लिए आँकड़ों को एकत्र करना
c. सत्यापन के लिए आँकड़ों को एकत्र करना
d. पृच्छा प्रक्रिया का विश्लेषण
e. स्पष्टीकरण तैयार करना

नीचे दिये गये कूट से सही क्रम में व्यवस्थित कीजिये :
कूट :
(A) A – B – C – D – E
(B) A – C – B – E – D
(C) C – A – B – D – E
(D) B – C – A – E – D

37. नीचे अग्रिम संगठक प्रतिमान की संरचना के दूसरे चरण से संबंधित गतिविधियाँ दी गई हैं : [स्कूल व्याख्याता, इतिहास–27-06-2025]

a. ध्यान बनाए रखना
b. सामग्री प्रस्तुत करना
c. सीखने की सामग्री के तार्किक क्रम को स्पष्ट करना
d. संगठन को स्पष्ट करना

गतिविधियों का सही क्रम है :
(A) B, A, D, C (B) A, B, D, C
(C) A, B, C, D (D) B, C, A, D

38. एडगर डेल (1969) ने 'अनुभवों के शंकु' को निम्नलिखित में से किस सांतत्य पर दिया ? [स्कूल व्याख्याता, इतिहास–27-06-2025]

(A) सामान्य से विशिष्ट
(B) प्रत्यक्षता से अप्रत्यक्षता
(C) अनुभव से तर्क
(D) निगमनात्मकता से आगमनात्मकता

39. निम्नलिखित में से कौनसा गैर-प्रक्षेपित शिक्षण सहायक सामग्री में सम्मिलित नहीं है? [स्कूल व्याख्याता, भूगोल–24-06-2025]

(A) नमूना (B) ट्रांसपेरेंसीज़
(C) डायोरामा (D) मानचित्र

40. निम्नलिखित में से अनुदेशनात्मक अभिकल्प (डिज़ाइन) में कौनसा चरण प्रणाली उपागम का भाग नहीं है? [स्कूल व्याख्याता, भूगोल–24-06-2025]

(A) यादृच्छिक शिक्षण विधियों का चयन करना
(B) उद्देश्यों की पहचान करना
(C) अधिगम अनुभवों को अभिकल्पित करना
(D) प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना

41. शिक्षण प्रतिमान का कौन सा आधारभूत तत्त्व शिक्षक व विद्यार्थी की कक्षा के बाहर व अंदर भूमिका एवं पारस्परिक संबंध को प्रदर्शित करता है? [स्कूल व्याख्याता, (हिन्दी) संस्कृत शिक्षा –18-11-2024]

(A) उद्देश्य (B) संरचना
(C) सामाजिक व्यवस्था (D) सहायक प्रणाली

42. निम्नलिखित में से कौन सा शिक्षण प्रतिमान (Teaching Model) इन्फोर्मेशन प्रोसेसिंग परिवार (Information Processing) में सम्मिलित नहीं है ? [स्कूल व्याख्याता, (हिन्दी) संस्कृत शिक्षा –18-11-2024]

(A) सिनेक्टिक्स (Synectics)
(B) साइंटिफिक इन्क्वायरी (Scientific Inquiry)
(C) इन्क्वायरी ट्रेनिंग (Inquiry Training)
(D) नीमोनिक्स (Mnemonics)

उत्तरमाला

32.(B)	33.(C)	34.(A)	35.(C)	36.(B)	37.(A)	38.(B)	39.(B)	40.(A)	41.(C)
42.(C)									

दक्ष कम्प्यूटर बुक की कहानी, जाने Selected विद्यार्थियों की जुबानी

राजकुमार देवंदा
(वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक चयनित)
(बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक चयनित)

वरिष्ठ एवं बेसिक Computer Instructor की तैयारी हेतु दक्ष कम्प्यूटर बुक मील का पत्थर साबित हुई है। दोनो परीक्षाओं में मेरे सलेक्शन में ये बुक सहायक रही है।

योगिता व्यास
(सूचना सहायक)
2023 चयनित

सूचना सहायक परीक्षा में मेरी सफलता में दक्ष कम्प्यूटर बुक का अतुलनीय योगदान है। बुक का कंटेंट पूर्णतया क्रमबद्ध है एवं प्रत्येक टॉपिक के बहुविकल्पीय प्रश्न समाहित है। कम्प्यूटर संबंधी कंटेंट हेतु विद्यार्थी दक्ष बुक अवश्य पढ़े।



पंकज केवलानी
(कम्प्यूटर अनुदेशक)

मैं कम्प्यूटर विषय से संबंधित कंटेंट हेतु दक्ष कम्प्यूटर बुक ही पढ़ता हूँ। कम्प्यूटर अनुदेशक परीक्षा में मेरी सफलता में इस पुस्तक का अहम योगदान रहा है। अनुदेशक की तैयारी करने वाले विद्यार्थी दक्ष कम्प्यूटर बुक अवश्य पढ़े।



सूरज मीणा
(कम्प्यूटर अनुदेशक)

Computer विषय की यह पुस्तक बहुत ही क्रमबद्ध एवं रुचिकर Content के अनुसार लिखी गई है, मैंने सफलता दक्ष कम्प्यूटर Book पढ़कर प्राप्त की है। मैं सभी को कम्प्यूटर संबंधी परीक्षा हेतु दक्ष कम्प्यूटर बुक पढ़ने की सलाह देता हूँ।

किरण गुर्जर
(सूचना सहायक 2023 चयनित)
(सिस्टम असिस्टेंट में चयनित)

दक्ष कम्प्यूटर बुक को पढ़कर मैंने सूचना सहायक और सिस्टम असिस्टेंट भर्ती में सफलता हासिल करी है। इस बुक से मुझे Computer के कन्सेप्ट सरल और सहज तरीके से याद हुए।

कैलाश सैनी
(कम्प्यूटर अनुदेशक)

Daksh Computer Book को पढ़कर मैंने Computer Instructor में सफलता प्राप्त की है, पुस्तक की भाषा शैली Easy to understand है। इस बुक में टॉपिक वाइज़ प्रश्नों का श्रेष्ठ संकलन है। बुक का कन्टेंट त्रुटि रहित है।





DAKSH PUBLICATIONS
(A Unit of College Book Centre)
A-19 सेठी कॉलोनी, जयपुर (राज.)
फोन नं. 0141-2604302
Code No. D-933 ₹ 550/-

इस पुस्तक को ONLINE खरीदने हेतु
WWW.DAKSHBOOKS.COM
पर ORDER करें
★ SPECIAL DISCOUNT + FREE DELIVERY

Fixed Price Edition